आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया उपरांत 12:40 तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 304, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर मकड़ी की आकृतियों की खोज 14

अमिताभ बच्चन ने गंदगी न फैलाने का लिया प्रण 13

## जम्मू-कश्मीर : पहले चरण में 61% मतदान

### किश्तवाड़ में सबसे अधिक 80% और पुलवामा में सबसे कम 46% वोटिंग

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बुधवार को पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने कहा कि करीब 61.11 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले सात चुनावों में सर्वाधिक मतदान है। सुदूर क्षेत्रों से अंतिम रिपोर्ट मिलने एवं डाक मतपत्र के बाद इस आंकड़े में आंशिक वृद्धि हो सकती है।

पहले चरण में सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। छह बजे मतदान समाप्त हो जाने के बाद पोले ने कहा कि बिना किसी अप्रिय घटना के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केंद्रों से हाथापाई या कहासुनी की कुछ छोटी-मोटी घटनाओं की खबरें हैं लेकिन कोई गंभीर घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 61.11 प्रतिशत मतदान पिछले सात चुनावों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि किश्तवाड़ जिले में सबसे अधिक 80.14 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि पुलवामा जिले में सबसे कम 46.65 प्रतिशत मतदान हुआ।



डोडा जिले में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए इंतजार करते लोग। ● एजेंसी

## बेटियों से दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है सपा

### भस्मासुर हैं कांग्रेस-सपा, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति दी जनता पर ही किया प्रहार : योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा-अपने संस्कारों के अनुरूप सपा नेता धर्माचार्यों को बोल रहे हैं माफिया
- योगी ने गाजियाबाद में 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र व 6 हजार छात्रों को टैबलेट बांटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है। पिछले कुछ दिनों में बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले जितने भी दरिंदे पकड़े गए हैं, उन सबके संबंध सपा से हैं।

अपने संस्कार के अनुरूप सपा के नेता भारत की धर्म और संस्कृति के प्रतीक धर्माचार्यों को माफिया बोल रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। कांग्रेस और सपा को भस्मासुर ठहराते हुए कहा कि जब भी जनता ने इन्हें शक्ति प्रदान की इन्होंने उस शक्ति का दुरुपयोग जनता की आस्था पर प्रहार करने के लिए किया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड घंटाघर में आयोजित वृहद रोजगार मेला में 10 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 632 लाभार्थियों को 327 करोड़ से अधिक का ऋण और 6 हजार से अधिक छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण, 757 करोड़ से अधिक लागत की 111 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। समारोह में योगी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रहे रोजगार मेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को आज भी 2017 के पहले की सरकारों की कारगुजारियां याद आती हैं। माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे, जब किसी की कमाई पर हमला होता है तो, उसका गैंग लीडर उग्र हो जाता है। फिर वह सामान्य शिष्टाचार को भूलकर अनर्गल प्रलाप करने लगता है। माफिया और दंगाइयों के गायब होने से आज उनके आका परेशान हो गए हैं। सपा और कांग्रेस सरकारों की तमाम नाकामियां, अराजकता, भ्रष्टाचार, शोषण आदि को गिनाते हुए योगी ने कहा कि अगर ये लोग सत्ता में आए तो जाति के नाम पर वर्ग संघर्ष कराकर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। आज नए भारत में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी का सम्मान होता है। युवाओं के लिए रोजगार है तो किसान भी आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। बोले कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी। अगर कोई युवाओं के सपने में रोड़ा बनने का कार्य करेगा तो सरकार उस रोड़े को जड़ से उखड़कर फेंक देगी और उसकी संपत्ति को जब्त कर गरीबों में बांट देगी।






## एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को मंत्रि परिषद ने दी मंजूरी

### इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है विधेयक

- गठित किया जाएगा क्रियान्वयन समूह, होगी विस्तृत चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

अपनी एक राष्ट्र, एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की मिली मंजूरी की जानकारी हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि सिफारिशें कब लागू की जा सकेंगी और क्या संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में कोई विधेयक लाया जाएगा, वैष्णव ने सीधा जवाब देने से परहेज किया लेकिन कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में इसे लागू करेगी। उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श पूरा होने के बाद, कार्यान्वयन चरणों में किया जाएगा और सरकार का प्रयास अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का होगा। एक बार परामर्श प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद सरकार एक विधेयक का मसौदा तैयार करेगी, उसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी और तत्पश्चात एक साथ चुनाव कराने के लिए उसे संसद में ले जाएगी।



#### कोविंद समिति ने मार्च में सौंपी थी रिपोर्ट

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को दो चरणों में लागू करने की सिफारिश की है। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव। समिति ने एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की।

#### उर्वरकों पर मिलेगी पोषक तत्व आधारित सब्सिडी

केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने 24,475 .53 करोड़ रुपये के आवंटन रबी फसल सत्र 2024- 2025 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रबी फसल सत्र वर्ष 2024 के लिए बजटीय आवश्यकता लगभग 24,475 .53 करोड़ रुपये होगी।

#### मंत्रिपरिषद ने चंद्रयान 4 को दी स्वीकृति

केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने बुधवार को नए चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी दे दी जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने तथा उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। एक बयान में कहा गया कि चंद्रयान-4 अभियान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को (वर्ष 2040 तक) चंद्रमा पर उतारने और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आधारभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसके लिए कुल 2,104 .06 करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

## पांच मंजिला मकान ढहा, दबने से रामपुर के चार लोगों की मौत

### दिल्ली के मध्य क्षेत्र स्थित बापा नगर में हुआ हादसा, 14 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मध्य क्षेत्र स्थित बापा नगर के एक भीड़भाड़ वाले इलाके में बुधवार सुबह पांच मंजिला इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 14 व्यक्ति घायल हो गए। चारो मृतक उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के रहने वाले थे। घायलों में आठ रामपुर के हैं जबकि कुछ मुरादाबाद जिले के हैं। इमारत में चप्पल का कारखाना और श्रमिकों के लिए आवास था।


पुलिस ने बताया कि बचावकर्मियों को संकरी गलियों के कारण घटनास्थल पर पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। क्रेन जैसी भारी मशीनें घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं। स्ट्रेचर भी नहीं ले जाया जा सका। आठ घंटे के बचाव अभियान के दौरान 18 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 और 290 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम. हर्ष वशण ने बताया कि उन्हें सुबह करीब नौ बजे पांच मंजिला इमारत ढहने की सूचना दी गई जिसके मलबे में कुछ लोग फंसे हुए हैं। बगल की एक अन्य इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। कुल 18 लोगों को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 14 को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से दो की हालत अभी भी गंभीर है। मृतकों की पहचान अमन (12), मुकीम (27), मुजीब (25) और मौसिम (30) के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के खातानगर गांव के मूल निवासी थे। मुकीम, मुजीब और मोसिन चप्पल बनाने वाले कारखाने में काम करते थे, जबकि अमन उनसे मिलने आया था। मुजीब और मुकीम सगे भाई थे। अधिकारी ने कहा कि इमारत की हर मंजिल पर मजदूर रहते हैं और काम करते हैं। यह फैक्ट्री मालिक को किराए पर दी गई थी।



आरएमएल अस्पताल में घायल का हाल पूछतीं दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी।



मौसिम



अमन



मुजीब



मुकीम

#### मृतकों के परिजनों को 10 लाख की सहायता राशि

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा करते हुए अधिकारियों को घटना की गहन जांच करने और जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आतिशी ने आरएमएल अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

## एक नजर

### मेजर पर हमले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के डीजीपी वाई बी खुरानिया ने सेना के मेजर गुरवंश सिंह और उनकी महिला मित्र पर हमला करने के आरोप में बुधवार को भरतपुर थाने के इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस विभाग ने कहा है कि पुलिसकर्मियों को घोर कदाचार के आरोप में निलंबित किया गया है।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का निरीक्षण शुरू

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के 26 सदस्यों की एक टीम ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में बुधवार को निरीक्षण शुरू किया। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक जान्हविज शर्मा के नेतृत्व वाली टीम में हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञ शामिल हैं।

## 23 बस अड्डों का होगा आधुनिकीकरण


### कुछ हफ्तों में 11 बस अड्डों पर शुरू हो जाएगा निर्माण कार्य

- यात्रियों के लिए होगी वैकल्पिक व्यवस्था, बनेंगे अस्थायी बसअड्डे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश के कई बस अड्डों पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। चारबाग के बाद शीघ्र ही रायबरेली में भी आधुनिक बस अड्डों का काम शुरू हो जाएगा जबकि आगे चलकर 23 बस अड्डों का आधुनिकीकरण होगा।

बस अड्डों का आधुनिकीकरण अगले दो सालों में पीपीपी मॉडल के तहत किया जा रहा है। लखनऊ के चारबाग बस स्टेशन के आधुनिकीकरण के बाद आने वाले महीनों में राज्यभर के कई बस अड्डों पर काम शुरू होने जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को वैकल्पिक अथवा अस्थायी बस स्टेशनों का प्रयोग करना पड़ सकता है। लखनऊ के चारबाग बस अड्डे के आधुनिकीकरण के चलते लगभग 350 बसें और 5,000 यात्री प्रभावित होने का अनुमान है। जब तक इन बस अड्डों का निर्माण कार्य होगा तब तक आसपास वैकल्पिक स्थान पर अस्थायी बस अड्डा बनाया जाएगा। यूपीएसआरटीसी के महाप्रबंधक (पीपीपी प्रोजेक्ट) यजुवेंद्र कुमार के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में ऐसी 11 परियोजनाओं को शुरू किया जाना है। इनमें चार लखनऊ डिवीजन, गाजियाबाद, कौशांबी, प्रयागराज और आगरा बस अड्डा शामिल हैं।



## भारत-म्यांमा सीमा पर लगेगी बाड़

**नई दिल्ली।** भारत-म्यांमा की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। यह सीमा हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है।

मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत और म्यांमा के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने और सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है।

## पीडब्ल्यूडी के तीन जेई, अमीन होंगे निलंबित

### बरेली-सितारगंज फोरलेन और रिंग रोड भूमि अधिग्रहण के घोटाले में कार्रवाई की संस्तुति

- शासन के अनुसचिव ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली से सितारगंज हाईवे को फोरलेन और रिंग रोड बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में हेराफेरी कर करोड़ों का घोटाला करने के मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की संस्तुति शासन ने की है। घोटाले में दोषी पाए गए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन अवर अभियंताओं (जेई) और अमीन के खिलाफ निलंबन का आदेश अनु सचिव ने जारी किया है। इसकी सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों में खलबली मची हुई है।

> एक अमीन को निलंबित होने की सूचना आ गई है। इसके अलावा तीन अवर अभियंता के निलंबन की जानकारी मिली है। यह मामला शासन स्तर से जुड़ा हुआ है।
> – **राजीव अग्रवाल**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए किए गए भूमि अधिग्रहण में घोटाला किया गया। एनएचएआई, नोडल एजेंसी, राजस्व और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और कर्मचारियों की साठगांठ से खेल किया गया। इसी के साथ ही बरेली के आउटर रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में भी बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की ओर से गठित कमेटी की जांच में दोनों मामलों में 21.52 करोड़ की धांधली पकड़ी गई थी और इसमें 13 अधिकारी और कर्मचारी दोषी पाए गए थे। सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में गठित कमेटी की जांच रिपोर्ट को डीएम ने 11 सितंबर को शासन में भेज दिया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर 18 सितंबर को शासन के अनु सचिव शिव कुमार ने मामले में दोषी पाए गए पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अवर अभियंता राकेश कुमार, अंकित सक्सेना, सुरेंद्र सिंह, अमीन शिवशंकर को निलंबित करने का आदेश प्रमुख अभियंता को दिया है। अब जल्द ही दोषी अधिकारियों और कर्मचारी पर कभी भी निलंबित करने की कार्रवाई हो सकती है। निलंबन का आदेश की सूचना लगते ही पीडब्ल्यूडी के स्थानीय कार्यालयों में खलबली मची हुई है।

## डॉक्टर्स बोले-अस्पतालों में सुरक्षा पर ध्यान दे सरकार

- बंगाल सरकार के बुलावे पर आंदोलनकारी वार्ता को पहुंचे

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मुद्दे पर उत्पन्न गतिरोध को हल करने के मद्देनजर आंदोलनकारी चिकित्सकों का एक समूह सरकार के साथ दूसरे दौर की वार्ता करने के लिए बुधवार शाम को पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय 'नबान्न' पहुंचा।

पुलिस सुरक्षा में करीब 30 चिकित्सकों का प्रतिनिधिमंडल शाम करीब 7:15 बजे मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ बैठक के लिए सचिवालय पहुंचा। बैठक स्थल के लिए रवाना होने से पहले एक आंदोलनकारी डॉक्टर ने कहा कि हम चाहते हैं कि अस्पतालों में सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कार्य बल के गठन की घोषणा की थी, लेकिन इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। हम चाहते हैं कि राज्य सरकार हमारी वैध मांगों को स्वीकार करे। बंगाल सरकार ने सरकारी आर. जी. कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों को एक और दौर की बातचीत के लिए बुधवार को साढ़े छह बजे आमंत्रित किया। चिकित्सकों और राज्य सरकार के बीच 48 घंटे के भीतर यह दूसरे दौर की बातचीत होगी।


## महंगा होगा बिजली कनेक्शन, लाइन चार्ज भी बढ़ेगा

### उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में सौंपा प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली कनेक्शन महंगा करने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लाइन चार्ज लगभग दोगुना करने का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में भेजा है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कॉरपोरेशन के इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है।

कॉरपोरेशन ने इलेक्ट्रिसिटी राइट ऑफ कंस्यूमर रूल 2020 की धारा 4 के तहत ने बिजली उपभोक्ताओं की 150 किलोवाट तक विद्युतीकृत क्षेत्र के लिए लाइन चार्ज वसूलने का प्रस्ताव दिया है। बताया जा रहा है कि अगर यह लागू हुआ तो घरेलू, वाणिज्यिक समेत अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि होना तय है। उपभोक्ता परिषद ने लाइन चार्ज की दरों में प्रस्तावित वृद्धि का कड़ा विरोध करते हुए नियामक आयोग के अध्यक्ष व सदस्य से मुलाकात की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी तक बिजली कंपनियां 40 मीटर की परिधि को आधार मानकर लाइन चार्ज वसूलती हैं, नए प्रस्ताव में इसे 100 मीटर कर दिया है, जबकि प्रस्ताव में 40 मीटर व 100 मीटर की अलग-अलग परिधि होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि 40 मीटर की परिधि के प्रावधान में बिजली कनेक्शन पर उपभोक्ताओं को औसतन कम चार्ज देना पड़ता है। सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में प्रस्ताव का विरोध करेंगे।



#### वर्तमान में लागू व्यवस्था

घरेलू कनेक्शन लाइन चार्ज जीएसटी के साथ प्रस्तावित लाइन चार्ज

| पहले | अब |
|---|---|
| 1 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 1217 रु. | 1 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 2957 रु. |
| 2 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 1365 रु. | 2 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 3117 रु. |
| 1 किलोवाट घरेलू शहरी 1858 रु. | 1 किलोवाट घरेलू शहरी 3158 रु. |
| 2 किलोवाट घरेलू शहरी 2217 रु. | 2 किलोवाट घरेलू शहरी 3517 रु. |
| 5 किलोवाट घरेलू ग्रामीण शहरी 7967 रु. | 5 किलोवाट घरेलू शहरी 17365 रु. |

## सीएएफ के जवान ने साथियों पर चलाई गोली, दो की मौत

- गोली लगने से दो जवान घायल अस्पताल में भर्ती

बलरामपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान द्वारा अपनी सर्विस राइफल से गोलीबारी किए जाने के कारण दो जवानों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के सामरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूताही गांव में स्थित सीएएफ के 11वीं बटालियन के शिविर में सुबह जवान अजय सिदार ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से गोलीबारी कर दी। इस घटना में जवान रूपेश पटेल और संदीप पांडेय की मौत हो गई तथा अंबुज शुक्ला और राहुल बघेल घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए भुताही गांव में सीएएफ का शिविर बनाया गया है। भुताही शिविर में सीएएफ की 11वीं बटालियन तैनात हैं। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे हुई इस घटना में चार जवानों को गोली लगी। सरगुजा क्षेत्र के आईजी अंकित गर्ग ने बताया कि गोलीबारी करने वाले जवान सिदार को पकड़ लिया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम खजुरिया पचपेड़ा के जसवंत कुमार की ओर से घर में घुसकर मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें गांव के ही पूर्व प्रधान भगवानदास, धर्मपाल, तिलकराम, श्याम बिहारी, लक्ष्मी देवी को आरोपी बनाया है। बताया कि 18 मार्च की रात यह सभी आरोपी घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की। लाठी-डंडो से बेरहमी से पीटा। जब पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मुकेश शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमद् भागवत आज से

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में स्थित क्षेत्रीय गांधी आश्रम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 19 सितंबर शनी आज से से होगा। जिसमें आचार्य पंडित ध्रुव मिश्रा के द्वारा प्रतिदिन शाम सात बजे से रात के दस बजे तक भागवत कथा सुनाई जाएगी। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के आयोजन छेदलाल गुप्ता, पंडित अवधेश शर्मा एवं पंडित अवधेश तिवारी ने दी

# सरकारी धन की सीएमएस ने बंदरबांट की है, विशेषज्ञ से भी पूछ लें

## कायाकल्प अवार्ड के बजट के दुरुपयोग पर एडीएम न्यायिक ने शासन को भेजी रिपोर्ट में सीएमएस को बताया दोषी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कायाकल्प अवार्ड में महिला अस्पताल को मिली धनराशि का दोबारा से एक कार्यक्रम आयोजित कर बंदरबांट करने के लिए ठिकाने लगा दिया गया। प्रशासन की ओर से कराई गई जांच में प्रथम दृष्यता सीएमएस डॉ. राजेश को दोषी माना गया है। सीएमओ की ओर से एडीएम को दी गई रिपोर्ट में इस बजट को गलत ढंग से खर्च करने की पुष्टि की गई है। जबकि इस धनराशि को मरीजों के हित में खर्च किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब इस मामले में एडीएम ने इस प्रकरण में शासन स्तर से वित्तीय विशेषज्ञ की राय लेने के लिए पत्र भेजा है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज बनने से पहले संयुक्त चिकित्सालय संचालित हो रहा था। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड मिला था। जिसमें बेस्ट हॉस्पिटल के लिए आठ लाख रुपये और इकोफ्रेंडली में 10 लाख रुपये का बजट मिला था। नियम था कि बेस्ट हॉस्पिटल की धनराशि से कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और भव्य समारोह करने में खर्च होंगे। जबकि ईको फ्रेंडली में मिलने वाले 10 लाख रुपये नवाचार पर खर्च करने थे, लेकिन सीएमएस डॉ. राजेश ने 15 अगस्त के दिन शहर के एक होटल में कायाकल्प अवार्ड को एक समारोह का दोबारा से आयोजन धनराशि को खर्च कर दिया। जहां सभी नए पुराने कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी थमा दिए गए थे।

जब मामला वायरल हुआ तो एक युवक के द्वारा इसकी शिकायत कर दी गई। इस मामले में वित्तीय अनियमितता सामने आने पर मंडल स्तर से स्वास्थ्य विभाग को जांच करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद जिला स्तर पर भी मामले की जांच कराई गई। जिसकी जांच स्वयं एडीएम न्यायिक अजितेश परेश ने की। उन्होंने अपनी आख्या में लिखा है कि कायाकल्प अवार्ड की धनराशि से कार्यक्रम करने से पहले राज्य स्तर पर सलाह नहीं ली गई। जोकि गलत है। नियम है कि इस धनराशि का प्रयोग जिला महिला अस्पताल में आने वाले मरीजों के हितार्थ कार्य कराए जाने चाहिए थे, लेकिन सीएमएस डॉ. राजेश ने बिना अनुमति के नियम विरुद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित कर लिया, जोकि गलत है। ऐसे में इस धनराशि को लेकर राज्य स्तर से वित्तीय विशेषज्ञ से राय लेकर अग्रिम कार्रवाई करना तय किया गया है। इसको लेकर शासन को पत्र भी भेजा गया है। फिलहाल प्रशासन ने भी इस कार्यक्रम को नकार दिया है।


महिला अस्पताल में एक और घोटाला...
इकोफ्रेंडली के 10 लाख पार्टी में उड़ा डाले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय टीम ने शुरू की जांच कई की गर्दन फंसना तय
- वित्तीय वर्ष 2021-22 में मिली राशि नवाचार पर होनी थी खर्च, समारोह में बजट लगाया ठिकाने

अमृत विचार : इन दिनों मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं और घोटाला का शोर मचा है। एक के बाद एक जांच टीम महिला अस्पताल में निरीक्षण को पहुंच रही हैं।

लोकायुक्त की जांच के बाद अब कायाकल्प अवार्ड योजना के तहत इको फ्रेंडली के तहत मिली 10 लाख की धनराशि का घोटाला करने का आरोप लगा है। शासन स्तर पर हुई शिकायत के बाद बरेली से मंडलीय टीम मंगलवार को जांच के पहुंची। टीम ने कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का ब्योरा और

"कायाकल्प अवार्ड के बजट को गलत तरीके से खर्च करने के मामले में एक शिकायत शासन स्तर पर हुई है। जिसकी जांच के आदेश मिले थे। जांच करने के लिए महिला अस्पताल पहुंचे थे। जहां बिल वाउचर और कायाकल्प अवार्ड से जुड़े सभी अभिलेख चेक किए गए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। – डॉ. टीपी राठौर अपर संयुक्त निदेशक, बरेली मंडल

का बजट मिला था। नियम था कि बेस्ट हॉस्पिटल की धनराशि से कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और भव्य समारोह करने में खर्च हो।

जबकि ईको फ्रेंडली में मिलने वाले 10 लाख रुपये नवाचार पर खर्च करने थे। जैसे ही महिला अस्पताल के बिजली के बिल को कम करने के लिए

पर की गई थी। इस मामले में वित्तीय अनियमितता सामने आने पर बरेली मंडल स्वास्थ्य विभाग को जांच करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ. पुष्पा पंत और अपर संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर दोपहर एक बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां महिला अस्पताल के

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- वर्ष 2021-22 में मिले कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का बंदरबांट करने का मामला
- जांच रिपोर्ट के मुताबिक गलत ढंग से किया गया था आयोजन, मरीजों के हित में खर्च होना था बजट


जिला महिला अस्पताल का भवन। ● अमृत विचार

### 23 दिन में भी पूरी नहीं हो सकी संयुक्त निदेशक की जांच

कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का दुरुपयोग करने के मामले में जहां पीलीभीत प्रशासन की ओर से कराई गई जांच में सीएमएस को प्रथम दृष्यता दोषी माना है। चूंकि इस धनराशि से मरीजों के हित में कार्य कराए जाने थे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं इसी प्रकरण में बरेली मंडल के संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ. पुष्पा पंत और अपर संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर 27 अगस्त को जांच करने के लिए पीलीभीत आए थे। उनके द्वारा सारे अभिलेख और बिल वाउचर की जांच करने के लिए ले गए थे। लेकिन 23 दिन बीतने के बाद भी वह जांच पूरी नहीं कर सके हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों पर जांच दबाने का आरोप लग रहा है। इस प्रकरण को लेकर अपर संयुक्त निदेशक डॉ. टीपी राठौर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### एडीएम न्यायिक की रिपोर्ट ने खलबली मचाई

एडीएम (न्यायिक) अजीत परेश ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा कि और प्राथमिक रूप से स्पष्ट होता है कि सीएमएस की ओर से 15 अगस्त को शहर के एक होटल में जो कार्यक्रम आयोजित किया उसमें राज्य स्तर से सलाह लेनी चाहिए थे, लेकिन कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने ऐसा नहीं किया। यहीं नहीं कायाकल्प आवार्ड के तहत प्राप्त धनराशि से जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों के हितार्थ कार्य कराया जाना चाहिए था। इस पर भी ध्यान नहीं दिया। ऐसे में प्रथम दृष्टया यह कार्यक्रम नियमविरुद्ध प्रतीत होता है। प्रकरण में राज्य स्तर से वित्तीय विशेषज्ञ से राय ली जानी न्यायोचित होगी।

## कोर्ट के आदेश पर 1.20 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदीनाशाह निवासी मोहम्मद जावेद अंसारी पुत्र बदरूल हसन ने कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उसकी दुकान पर बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम नीचा बहादुर गंज निवासी अतीक पुत्र अली हसन 14 मार्च को आया और फर्नीचर बनाने का ऑर्डर दिया। फर्नीचर का रेट एक लाख 80 हजार रुपये तय हो गया।

अतीक अहमद ने उसको 25 हजार रुपये नगद दिए। 10 हजार रुपये ऑनलाइन दिए। अतीक अहमद ने उक्त सारा फर्नीचर अपने घर मंगवा लिया। शेष एक लाख 20 हजार रुपये थोड़े दिन बाद देने को कहा। 22 जुलाई 2024 को समय करीब पांच बजे शाम को अतीक अहमद अपनी पत्नी शबनम के साथ मोहल्ला मदीना शाह में खड़ा था। वह अपने घर से दुकान पर जा रहा था। जब उसने अतीक से अपने उधार के रुपये मांगे तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसकी पत्नी ने भी अभद्रता की। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पालिका के कर्मचारियों का कारनामा जलाशय की पन्नी हटाने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गंदगी में तैरती मूर्तियां देख शनिदेव मंदिर के महंत समेत अन्य लोगों ने जताया विरोध
- सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने पहुंचकर कराया शांत, टीम ने रात में ही कराया सुधार

**अमृत विचार:** ब्रह्मचारी घाट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद नगर पालिका कर्मचारी विसर्जन के लिए बनाए गए अस्थायी जलाशय से पन्नी हटा ले गए। इससे विसर्जित मूर्तियां और पूजन सामग्री गंदे पानी में उतराते लगी। घटना की जानकारी लगने पर हिंदूवादी संगठनों में आस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रात में ही नगर पालिका की टीम लगाकर सुधार कराया गया तब जाकर मामला शांत हो सका।

बता दें गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थापित की गई भगवान गणेश की प्रतिमाओं को ब्रह्मचारी घाट पर विसर्जित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ब्रह्मचारी घाट पर अस्थायी जलाशय बनाया गया था। जिसमें गड्ढे के चारों तरफ पन्नी लगाकर उसमें पानी भरा था। यहां मंगलवार देर शाम तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। बुधवार को लोग पहुंचे तो पता चला अस्थायी जलाशय पर लगाई पन्नी नगर पालिका के कर्मचारी निकाल ले गए।

गणपति बप्पा की मूर्तियां और पूजन सामग्री गंदगी में उतराती देख कुछ नागरिकों से इसकी जानकारी हिंदूवादी संगठनों को दी। जानकार लगने पर शनिदेव मंदिर के महंत आशुतोष शर्मा, आशीष लोधी, जॉली गुप्ता समेत कई लोग ब्रह्मचारी घाट पर पहुंच गए। उनकी ओर से अव्यवस्था का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौजूद महंत व अन्य लोगों ने इसे आस्था से खिलवाड़ बताते हुए नाराजगी जताई। इस पर अफसरों ने पालिका के जिम्मेदारों को बुलाया और रात में ही टीम लगाकर सुधार कार्य कराया गया तब जाकर मामला शांत हुआ। इधर, इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मामले में लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

"मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर जाकर जांच की गई थी। इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मामले में लिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई को निर्देशित किया गया है। – **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

### विरोध के बाद गिरी गाज..सफाई नायक समेत चार निलंबित

मूर्ति विसर्जन को लेकर ब्रहमचारी घाट पर बनाए गए अस्थायी जलाशय की नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा पॉलिथीन समेटकर ले जाने के बाद हुए हंगामे और विरोध पर सख्ती अपनाई गई। नगरपालिका की ओर से वार्ड नंबर 15 के सफाई नायक और तीन कर्मचारियों को दोषी मानते निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मचारियों में सफाई नायक श्यामा चरण, कर्मचारी दिलीप, मुकेश और सलीम कादरी हैं। इस कार्रवाई के बाद खलबली मच गई है।

## ब्लाक संसाधन केंद्र पर एफएलएन प्रशिक्षण शुरु

**पूरनपुर, अमृत विचारः** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चौथे बैच का चार दिवसीय शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का एफएलएन प्रशिक्षण के पहले दिन पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं आदि बिंदुओं की जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण में एआरपी मोहम्मद ताहिर खां, बृजेश देव मौर्य ने कक्षा में शिक्षक संदर्शिकाओं पर समझ, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं पर समझ, आकलन की रणनीति, मौखिक भाषा विकास, रेमीडियल कार्य, आकलन ट्रैकर पर समझ आदि के बारे में विस्तार से बताया। यह प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालयों में भी कराया जाएगा। प्रशिक्षण में बृजेश देव मौर्य, दिलनवाज खां, राधाकृष्ण कुशवाहा, प्रभुदयाल, ओमप्रकाश कुशवाहा, कुंदन सिंह, शहवाज खां, कंचनदेवी कुशवाहा आदि मौजूद रही।

# डीएम साहब! खाद के साथ जबरन थमाया जा रहा नैनो यूरिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अगर यूरिया खाद लेनी है तो इसके साथ नैनो यूरिया भी लेनी होगी। खाद व बीज विक्रेता किसानों को जबरदस्ती कीटनाशक व नैनो यूरिया दे रहे हैं। अगर, किसान इन्हें लेने से इन्कार करते हैं तो उन्हें यूरिया नहीं दी जाती। जबकि कृषि विभाग का कहना है कि दुकानदारों को नैनो यूरिया के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। कुछ इस तरह की शिकायतें किसानों ने डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुए किसान दिवस में रखीं। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

गांधी सभागार में बुधवार दोपहर डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने आगामी धान फसल की पराली उठाने की व्यवस्था कराने एवं क्षेत्र में पराली प्रबंधन के यंत्रों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। किसान सुखवीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में खाद विक्रेताओं की ओर से किसानों को खाद के साथ नैनो यूरिया लेने को बाध्य किया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि उर्वरक के साथ नैनो यूरिया लेने के लिए किसी भी किसान को बाध्य नहीं किया जा सकता है। ऐसा पाए जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव मथना जप्ती निवासी एवं किसान संगठन के प्रतिनिधि बलवीर सिंह एवं गुरदीप सिंह बताया कि पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग लगभग 22 फिट चौड़ा है। मार्ग के दोनों ओर खड़ी झाड़ियों की साफ-सफाई न होने से मार्ग मात्र 12 फिट चौड़ा रह गया है। इससे आवागमन में दिक्कत हो रही है, साथ ही जंगली जानवरों के हमले का खतरा भी बना रहता है। जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारी को झाड़ियों की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने किसानों की समस्याएं सुनने के साथ ही अधिकारियों को उनके विभागों की संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सीडीओ केके सिंह, उप कृषि निदेशक नरेंद्र पाल, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण अधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे।



गांधी सभागार में हुए किसान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम। ● अमृत विचार

- किसान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष किसानों ने रखी समस्याएं
- गांधी सभागार में जर्जर सड़क समेत कई अन्य समस्याएं भी रखीं

## मैने अपनी मर्जी से निकाह कर लिया.. जहां भी हूं खुश हूं

संवाददाता, पूरनपुर

- रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सामने आया युवती का वीडियो

**अमृत विचारः** सभासद पुत्र के युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। इसमें युवती को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। इस बीच युवती का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें उसने अपनी मर्जी से घर से प्रेमी के साथ जाने की बात कही है। युवती ने प्रेमी से निकाह करने का भी दावा किया है।

कस्बे के एक सभासद के बेटे का मोहल्ले में ही एक युवती से प्रेम प्रसंग है। 12 सितंबर को युवक प्रेमिका को लेकर चला गया। युवती के भाई ने सभासद के बेटे समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ था। इस बीच युवती का वीडियो सामने आ गया। जिसमें वह सभासद के बेटे के साथ अपनी मर्जी से आने की बात कह रही है। उसने कहा कि वह घर से न निकलती तो परिजन उसकी हत्या कर देते। परिजनों को उसकी प्रेम कहानी के बारे में पिछले दो साल से पता है। जारी वीडियो में युवती ने प्रेमी के साथ निकाह करने का भी दावा किया। उसने कहा वह निकाह के बाद खुश हैं। बयान देने के लिए भी तैयार है। युवती का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

# बिना सफाई उपकरण कैसे चले स्वच्छता ही सेवा अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के मद्देनजर पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को सफाई उपकरण मुहैय्या कराने की मांग की है। इसको लेकर डीपीआरओ को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया है।

शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितंबर से एक सितंबर तक स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। इधर जनपद की ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों ने पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतों द्वारा सफाई कर्मियों को अभी तक सफाई उपकरण (सफाई किट) ही उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में उन्हें सफाई कार्य करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर सफाई कर्मियों की समस्या को लेकर पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बुधवार को डीपीआरओ कार्यालय पहुंचे। यहां पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह की अगुवाई में डीपीआरओ को संबोधित ज्ञापन विकास भवन के प्रशासनिक अधिकारी/प्रधान लिपिक संजय तोमर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मगर जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सफाई के लिए सफाई उपकरण और कूड़ा उठाने के लिए ठेली आदि की व्यवस्था नहीं है। जबकि शासनादेश के मुताबिक सफाई कर्मियों को सफाई उपकरण ग्राम पंचायतों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिए गए हैं। ज्ञापन में अभियान के मद्देनजर प्रत्येक सफाई कर्मी को सफाई कार्य के लिए पीपीई किट समेत अन्य सफाई उपकरण ग्राम पंचायतों से उपलब्ध करवाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष के अलावा जिला संप्रेक्षक माजिद अली, सहायक मंत्री कुंवर बहादुर मौर्य आदि शामिल रहे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- सफाई कर्मियों ने की शासनादेश के मुताबिक सफाई उपकरण मुहैय्या कराने की मांग
- पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तीरंदाजी में बिलसंडा के विशेष मिश्रा ने किया प्रतिभाग
- राम इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में कई टीमों ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय विद्यालय बालक एवं बालिका वर्ग में वॉलीबॉल वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को राम इंटर कॉलेज के मैदान पर किया गया। इसकी शुरुआत प्रबंधक रवि बजाज, प्रधानाचार्य डॉ.सुरेंद्र गंगवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके कराई।

वॉलीबॉल बालिका वर्ग में दो टीमों ने प्रतिभाग किया। सरदार वल्लभभाई पटेल अमरा करोड़ ने ज्ञान प्रशांत बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत की टीम को 2-0 से पराजित किया। जबकि बालक वर्ग में राम इंटर कॉलेज पीलीभीत, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमरा करोड़, पब्लिक इंटर कॉलेज पूरनपुर, सरस्वती विद्या मंदिर मझोला, गुरु नानक इंटर कॉलेज पूरनपुर, राजकीय हाई स्कूल महोफ, राजकीय इंटर कॉलेज नेवरिया, आर्य पाठशाला पूरनपुर, नेशनल इंटर कॉलेज पट्टी की टीमों ने प्रतिभाग किया।

सेमीफाइनल में सरदार वल्लभभाई पटेल अमरा करोड़ ने आर्य कन्या पाठशाला पूरनपुर को 25-10, 25-17 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में नेशनल इंटर कॉलेज पट्टी की टीम ने राम इंटर कॉलेज को 25-19, 25-10 से पराजित किया। फाइनल मैच सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमरा करोड़, नेशनल इंटर कॉलेज की टीमों के मध्य खेला गया। जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की टीम ने नेशनल इंटर कॉलेज को 25-19, 15- 25 और 25-21 से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में जय हिंद मौर्य, संजय सरकार, वीरेंद्र गंगवार, प्रगट सिंह, प्रशांत शुक्ला आदि मौजूद रहे। उधर, वेट लिफ्टिंग बालक वर्ग में 49 किलो भार में नागेश्वर एसएन इंटर कॉलेज, शिवम लोधी आदर्श उत्तर माध्यमिक विद्यालय, 55 किलोग्राम वर्ग में सैयद साइन हाफिज रहमत खान इंटर कॉलेज, 61 किलोग्राम वर्ग में विवेक राणा एसएन कॉलेज, 73 किलोग्राम वर्ग में सैयद नुमाज अली हाफिज रहमत इंटर कॉलेज चंदोई, 61 किलोग्राम वर्ग में शादाब गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा का चयन किया गया। तीरंदाजी में केवल बिलसंडा से विशेष मिश्रा ने प्रतिभाग किया।


वेटलिफ्टिंग में प्रतिभाग करती छात्रा। ● अमृत विचार


तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता छात्र। ● अमृत विचार


वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।। ● अमृत विचार

### अब मंडलीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

जिला क्रीड़ा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि जनपद में प्रथम बार तीरंदाजी में कोई छात्र प्रतियोगिता में आया है। इस छात्र का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जोकि 21 सितंबर को बरेली में होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। वेटलिफ्टिंग में चयनित छात्र छात्राएं हैं। उनकी मंडलीय प्रतियोगिता 19 सितंबर को गांधी स्टेडियम में सुबह दस बजे से होगी। वॉलीबॉल की मंडलीय प्रतियोगिता बरेली में 20 सितंबर को होगी।

# डीसीओ से वार्ता हुई तो घर से बाहर निकला लिपिक

संवाददाता, बीसलपुर

- कई दिन से खुद को बंद कर दे रहा था आत्मदाह की चेतावनी

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना समिति का लिपिक पिछले पांच दिनों से अपनी मांगों को लेकर घर के कमरे में परिवार सहित बंद होकर आत्मदाह करने की चेतावनी लगातार दे रहा था। जिला गन्ना अधिकारी ने उसके घर पहुंच कर मांग पत्र लेकर उसकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात उसने अपना कमरा खोल दिया और वह बाहर निकल आया।

बता दें कि गन्ना सहकारी समिति में कार्यरत अजीत कुमार सिंह उर्फ मानू विगत 13 सितंबर से विभाग द्वारा उसके वेतन से की जा रही कटौती को बंद कराने की मांग लेकर अपने कमरे के अंदर पत्नी और बेटी के साथ बंद हो गया था। नजदीक में ही गैस सिलेंडर, पेट्रोल रखकर आत्मदाह की चेतावनी दे रहा था। प्रशासन को जब इस मामले की भनक लगी तो तत्कालीन एसडीएम महिपाल सिंह, सी ओ प्रतीक दहिया ने मौके पर पहुंचकर उसे मनाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे थे। इसके बाद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों की ड्यूटी लगा दी थी। बुधवार दोपहर जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, कोतवाल अशोक पाल टीम के साथ पहुंचे और लिपिक से बात की। जायज मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद अजीत कुमार सिंह ने अपना कमरा खोल दिया और वह बाहर आ गया। उसने अपना मांग पत्र भी जिला गन्ना अधिकारी को सौपा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि उसके वेतन से कोई भी नाजायज कटौती नहीं की जाएगी। फिलहाल अब प्रशासन ने राहत महसूस की है। इस मौके पर सहकारी गन्ना समिति के सचिव राजेश कुमार, जेष्ठ गन्ना निरीक्षक मनोज कुमार साहू भी मौजूद रहे।




# फिर तो सजा-ए-मौत ही देता है बाघों का कानून

## वन्य जीव-मानव संघर्ष पर चिंता जताने वाले नहीं करते पीटीआर की 15 सौ हेक्टेयर जमीन पर अवैध कब्जे पर बात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघों के रिहायशी इलाकों में देखे जाने की खबरें आम हो चुकी है। विशेषज्ञ भले ही वजह कुछ भी बताए, मगर सच्चाई यह है वन विभाग के जिम्मेदारों की साठगांठ से जंगलों में बाघों के वास स्थलों और कॉरिडोर वाले इलाकों में कई हेक्टयर जमीन पर बड़ी संख्या में लोगों कब्जे किए हुए हैं। इधर, वन्यजीव-मानव संघर्ष पर आए दिन बैठक कर चिंता जताने और लंबी चौड़ी-बातें करने वाले अफसर हो या जनप्रतिनिधि कोई इस मुद्दे पर बात नहीं करता।

73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्राकृतिक संपदा और बाघों की बढ़ती आबादी के लिए मशहूर है। कई नदी-नहरें भी टाइगर रिजर्व से होकर गुजरती हैं। बाघ संरक्षण के नाम पर जनपद के जंगल को नौ जून 2014 को टाइगर रिजर्व का दर्जा तो दे दिया गया, मगर संरक्षण के नाम पर यह कुछ खास नहीं हुआ। आधा अधूरा स्टाफ और चंद संसाधन मुहैय्या कराकर बाघ संरक्षण का दावा लंबे समय से अफसर और जनप्रतिनिधि करते आ रहे हैं। नतीजतन पीटीआर में बाघों का कुनबा बढ़कर 71 पार कर गया। यहीं नहीं पीटीआर के जंगलों पर हो रहे अवैध कब्जे की वजह से बाघों के रहने-घूमने की समस्या भी पैदा होने लगी। इसी वजह से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी आम हो चुकी है, जो आज भी लगातार जारी है। अफसर इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित होते दिखाई दे रहे। इधर, सीमित स्टाफ और संसाधनों को अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता कि हाल ही में मजदूर पर हमला करने वाले खूंखार बाघ को दस दिन बाद भी वन विभाग की टीम नहीं पकड़ सकी है।


पीटीआर की जंगल सीमा पर हो रही खेती (फाइल फोटो)।

### सालों से 1500 हेक्टेयर वन भूमि पर चले आ रहे कब्जे

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जंगल जमीन पर सालों से अवैध कब्जे चले आ रहे हैं। पीटीआर के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में करीब 1500 हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्जे हैं। वन अफसरों की मानें तो यह कब्जे बरसों पुराने हैं। पिछले कुछ वर्षो में वन भूमि पर कोई नया अवैध कब्जा नहीं हुआ है। अवैध कब्जों की बात करें तो सबसे ज्यादा अवैध कब्जे बराही रेंज में हैं। हालांकि पूर्व बरसों में इन अवैध कब्जों को हटाने के प्रयास भी किए गए, लेकिन विवाद की स्थिति के चलते मामला थम गया। कहीं मामला कोर्ट में विचाराधीन होने तो कहीं सीमा विवाद के चलते मामला जस का तस बना हुआ है।

### इसलिए सिकुड़ता जा रहा जंगल का दायरा

वन भूमि पर अवैध कब्जों के चलते ही पीटीआर के जंगल का दायरा सिकुड़ता जा रहा है। जिन स्थानों पर अवैध कब्जे किए गए, वहां बाघों के वासस्थलों का सफाया कर उस पर खेती की जा रही है। वहीं जिस कॉरिडोर के माध्यम से बाघ, तेंदुए और जंगली हाथी आते-जाते थे, मगर आजकल यहां इंसानों का दखल बढता जा रहा है। इन सब हालातों में बाघों का जंगल से बाहर निकलना लाजिमी है। खास बात तो यह है कुछ दिन पूर्व वनमंत्री की अध्यक्षता में मानव-वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश लगाने पर तो खासा जोर दिया गया, मगर जिम्मेदार बाघों के बाहर निकलने की मुख्य वजह बने अवैध कब्जों को लेकर एक हरुफ तक नहीं बोला गया, जबकि इस बैठक में डीएम समेत अन्य अफसर भी मौजूद थे। यही वजह है कि आज जिन बाघों के बाहर निकलने पर उन्हे ही कसूरवार बताकर पकड़ने का दबाव बनाते हैं, इसके असली कसूरवार जिम्मेदार और अवैध कब्जेदार हैं।

"वन भूमि पर अवैध कब्जों का मामला मेरे संज्ञान में हैं। वन भूमि पर जहां पर भी अतिक्रमण किया गया होगा, इसकी जानकारी कर उसे हटवाने के प्रयास किए जाएंगें। जल्द ही इस दिशा में योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।
– **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिर्जव

- **बाघों के वास स्थलों और कॉरिडोर वाले इलाकों में भी लहलहा रही हैं फसलें**

# शिकारी के पास नहीं फटका बाघ रातभर निगरानी में जुटी रहीं टीमें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **वन विभाग के लिए मुसीबत बना मजदूर को निवाला बनाने वाला बाघ**

**अमृत विचारः** मजदूर को निवाला बनाने वाला बाघ वन अफसरों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। इधर तीसरे दिन भी हमलावर बाघ वन कर्मियों के आसपास नहीं पहुंचा। फिलहाल वन अफसरों के नेतृत्व में निगरानी टीम मौके पर ही डेरा डाले हुए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज की भैरों बीट में बीते नौ सितंबर को बाघ ने बांसखेड़ा निवासी मजदूर केदारी लाल पर हमला कर मार डाला था। बाघ को पकड़ने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए थे। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने शासन से बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी थी। जिसके बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ द्वारा बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति दे दी गई। अनुमति मिलने के बाद ही माला रेंज में घटनास्थल के समीप बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया था। इसके साथ ही हमलावर बाघ की 24 घंटें निगरानी के लिए अलग-अलग टीमों को लगाया गया। हाथियों के माध्यम से कांबिंग भी शुरू की गई लेकिन बीते दिनों हुई बारिश के चलते अभियान रोक दिया गया था। इधर, बारिश थमने और हमलावर बाघ के कई दिन बाद भी पिंजड़े में कैद नहीं होने पर उसे ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने की रणनीति बनाई गई है।

रणनीति के तहत बाघ को जंगल में ही ट्रेंकुलाइज करने के लिए संबंधित क्षेत्र में रेस्क्यू संसाधन पहुंचाने के साथ ही वन कर्मियों द्वारा एक पड्डे को बांधा जा रहा है, ताकि बाघ की मौजूदगी एक ही स्थान पर बनी रहे और उसे आसानी से ट्रेंकुलाइज किया जा सके। इधर मंगलवार रात भी संबंधित क्षेत्र में पड्डा बांधा गया। वनकर्मियों की टीम भी मौके पर डटी रहीं, लेकिन पूरी रात बाघ बंधे पड्डे के आसपास भी नहीं पहुंचा। हालांकि वन अफसरों की मानें तो बाघ की मौजूदगी आसपास क्षेत्र में बनी हुई है। इधर मुख्य वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने बुधवार को डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह से बाघ के संबंध में जानकारी ली है।

# निबंध प्रतियोगिता में पिंकी देवी प्रथम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मे निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें पिंकी देवी प्रथम, सुनाली द्वितीय, मीरा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सौम्या गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर चेतन जायसवाल, महेश चंद्र, देवांग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दौड़ा रहे थे पटाखा छोड़ रही बुलेट, जांच में चोरी की निकली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एक आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार, दूसरे साथी की तलाश**

**अमृत विचारः** वाहन चेकिंग के दौरान पटाखा छोड़ रही बुलेट बाइक को पुलिस ने रोका गया। गहनता से जांच की गई तो उसकी नंबर प्लेट फर्जी निकलने पर पुलिस भी दंग रह गई। चालक से सख्ती से पूछने पर उसने वाहन चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए बुलेट बाइक कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ी करा दी है।

सदर कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में दरोगा प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि वह 16 सितंबर की शाम को नकटादाना चौराहा के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच साईधाम रोड की तरफ से आती हुई बुलेट बाइक दिखी। बुलेट के साइलेंसर से तेज आवाज पटाखे की तरह निकल रही थी। जब रोकने को इशारा किया गया तो चालक ने बाइक भगाना शुरू कर दिया। कुछ ही दूरी से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। ई-चालान एप पर नंबर और फिर चेसिस नंबर डाला तो गाड़ी मालिक का नाम अलग-अलग निकला। जिससे शक गहरा गया। बाइक चालक न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम हुलकरी ढकिया निवासी हसन आरिफ से कागजात मांगे तो फर्जी कागजात भी दे दिए। कोतवाली लाकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह वाहन चोरी करके नंबर प्लेट बदल देता है। इसके बाद मंजीत नामक व्यक्ति को बेच दिया करता है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मोबाइल शॉप संचालक का फंदे से लटका मिला शव

**बीसलपुर, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला ग्यासपुर में एक मोबाइल शॉप के संचालक का शव फंदे से लटका मिला। घटना का पता चलते ही परिवार में चीखपुकार मच गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला ग्यासपुर के रहने वाले जगन्नाथ प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार कोतवाली मार्ग पर मोबाइल की दुकान चलाता था। परिजनों के मुताबिक बुधवार शाम वह दूसरे कमरे में थे। इस बीच सुनील की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव साड़ी से बने फंदे से कमरे में लटका मिला। शोर पर आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अब किशनपुर गांव में सियार ने मासूम पर किया हमला


सियार के हमले के बाद लाठी-डंडे लेकर एकत्र हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** जंगल से आबादी में पहुंचकर सियार का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब किशनपुर गांव में सियार ने तीन साल के बच्चे को हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र का गांव किशनपुर दियोरियाकलां रेंज के जंगल के नजदीक बसा है। गावं के ही गुड्डू का तीन वर्षीय पुत्र रजत बुधवार को घर पर खेल रहा था। इस बीच जंगल से निकला सियार घर में घुस गया और बच्चे पर हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण जमा हो गए। सियार को बच्चे पर हमला करते देखा तो लाठी डंडे लेकर दौड़े। इस पर सियार बच्चे को छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। उधर, घायल बच्चे को बिलसंडा सीएचसी भर्ती कराया गया। डिप्टी रेंजर विशाल ने बताया कि गांव किशनपुर में सियार के हमले में बच्चे को घायल करने की सूचना मिली थी। टीम को मौके पर भेजकर जानकारी कराई है।

# बेटे से कहासुनी के बाद मां ने जहरीला पदार्थ खा लिया

**पीलीभीत, अमृत विचारः** बेटे से हुई मामूली कहासुनी के बाद मां ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। घटना माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरपुरा नौगवां की है। यहां की रहने वाली कस्तूरी देवी पत्नी ध्यान सिंह को बुधवार को सीएचसी पूरनपुर भर्ती कराया गया। महिला के जहरीला पदार्थ खाए होने का अंदेशा जताते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज किया।इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। बताते हैं कि महिला का अपने बेटे से कु विवाद हो गया था। इसी के चलते जहरीला पदार्थ खाने की बात कही जाती रही। फिलहाल मेमो के जरिए सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### बाल कवियों ने रचनाएं पेश कर लूटी वाहवाही



**मझोला, अमृत विचार :** एसके पब्लिक स्कूल में कवि सम्मेलन में कक्षा छह से 12 तक के बच्चों ने कबीरदास, मीराबाई, रहीम दास, कुमार विश्वास आदि कवियों की कविताओं पर प्रस्तुति दी। इस दौरान बाल कवियों ने रोचक तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर जमकर वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, प्रबंधक जगजीत सिंह ने बताया कि कविता एक अभिव्यक्ति करने की कला है। विद्यालय में इस प्रकार के कविताओं का आयोजन से ही बच्चों में कविता पाठ की कला विकसित होती है। अंत में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कवि सम्मेलन में किरनजोत कौर, जसमीत कौर, सवनीत कौर, स्पर्श तिवारी, लोनिका सक्सेना, ग्रुरनिर्मत कौर के द्वारा अपने-अपने ग्रुपों में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, सीपी सक्सेना, उपदेश शर्मा, अमिता सक्सेना, सतपाल राणा आदि मौजूद रहे।

### बढ़ैरा में पूर्णिमा पर कराया यज्ञ



**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** बढ़ैरा गांव में पूर्णिमा पर यज्ञ का आयोजन हुआ। वृहद यज्ञ यजुर्वेद की 30 ऋचाओं के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ ब्रह्मा रामचंद्र आर्य जबकि सहायक के रूप में गौरव कुमार आर्य रहे। मुख्य यजमान ऋषि पाल आर्य, यज्ञ प्रकाश आर्य सपत्नीक शामिल हुए। पितृपक्ष के बारे में बताया गया। कहा कि अपने जीवित माता पिता की सेवा करना और उनकी कामनाओं को पूर्ण करना ही पितृ पूजा कहलाती है। संचालक नरेश आर्य ने रामायण के प्रसंग के माध्यम से संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन मुरारी लाल आर्य के निवास पर किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र आर्य, बुद्धसेन आर्य,धीरज आर्य, राजेश आर्य, लालाराम आर्य आदि मौजूद रहे।

### 22 को जेल भरो आंदोलन करने का एलान



**पीलीभीत, अमृत विचार :** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन का अपनी मांगों को लेकर आंदोलन 18वें दिन बुधवार को भी जारी रहा। जिला सचिव नन्द किशोर राठौर की अध्यक्षता में तमाम लोग जमा हुए। एसडीएम सदर महिपाल सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि आंदोलन को 18 दिन पूरे हो गए हैं। अगर सरकार ने संगठन की तीनों मांगों को नहीं माना तो 22 सितंबर रविवार को जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। बड़ी संख्या में ठगी पीड़ितों को जमा होने की अपील की गई। इस मौके पर सगीर अहमद, वली हुसैन, हीरालाल वर्मा, परमजीत सिंह , अमर सिंह, कमल चंद हलधर , रामचंद्र भास्कर ,नरेंद्र कुमार राठौर ,सोमपाल वर्मा, प्रेमराज ,हजारीलाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# जलस्तर कम होने के बाद शारदा कर रही कटान

संवाददाता, पूरनपुर

- **राहुल नगर से सौ मीटर रही गई नदी की धार, ग्रामीण भयभीत**
- **ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई**

**अमृत विचारः** बाढ़ की तबाही के बाद शारदा नदी अब तेजी से कटान कर रही है। इसको लेकर ग्रामीण भयभीत हैं। राहुल नगर मजदूर बस्ती नदी की तेज धार से महज सौ मीटर दूर रह गया है। ग्रामीणों ने बचाव कार्य कराने की मांग की है।

शारदा किनारे बसे ग्रामीणों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। गत दिनों पहले हुई भारी बरसात के बाद उफनाई शारदा ने बाढ़ का रूप ले लिया था। इससे चंदिया हजारा, राहुलनगर, कालोनी नंबर छह, खिरकिया बरगदिया आदि गावों बाढ़ की चपेट में आ गए थे। गांव में चार फिट तक पानी भर गया था। इससे ग्रामीणों के सामने खाने पीने का संकट खड़ा हो गया था। हांलाकि जलस्तर होने के बाद बाढ़ की समस्या लगभग खत्म हो चुकी है। पानी गांवों से निकलने के बाद अब रेज की मोटी परत घरों में जम गई है।

यह रेत की लोप ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। लोगों का घरों से निकलना भी दूभर हो गया है। जलस्तर कम होने के बाद शारदा नदी ने अब तेजी के साथ कटान शुरु कर दिया है। नदी की तेज धार राहुलनगर से महज सौ मीटर दूर रह गई है। ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर मदद की गुहार लगाई है। शारदा नदी अब तक दर्जनों किसानों की कई एकड़ फसल निकल चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान से बचाव की मांग की है। नदी के मुहाने पर बसे गांव के लोग भयभीत है।


गांव राहुल नगर के पास कटान करती शारदा नदी। ● अमृत विचार

### भाकपा माले ने बचाव के लिए सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि शारदा नदी बाढ़ के बाद अब कटान कर रही है। कटान करती हुई नदी राहुलनगर के पास पहुंच गई है। पूरे गांव का आस्तित्व सकंट में है। इसके बावजूद कोई भी अधिकारी हालात देखने नहीं पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने कटान से राकने के लिए तुरंत बचाव कार्य कराने के साथ ही ग्रामीणें को सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग की है। भाकपा माले 23 सितंबर को कटान से बचाव के लिए धनारा घाट से खिरकिया बरगदिया तक तटबंध बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी अफरोज आलम, सईद खां, देवीदयाल आदि थे।

# बिजली के तार चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार, जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **अमरिया क्षेत्र में 11 सितंबर की रात की थी घटना**

**अमृत विचारः** दो किलोमीटर दायरे में बिजली के तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की गई। इस बाद पकड़े सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करन जेल भेज दिया है।

अमरिया थाने में लखनऊ निवासी प्रोजेक्टस स्तंभ पावर सिस्टम लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर विपिन कुमार की ओर से शिकायत की गई। जिसमें बताया कि एबी मौरी प्लांट को बिजली आपूर्ति के लिए बनाए जा रहे 33 केवी ओवरहेड लाइन के निर्माण के दौरान दो स्थानों पर करबी छह डग कंडक्टर यानी दो किमी की लाइन 11 सितंबर की रात को चोरी कर ली गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की। बुधवार को पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया। एएसपी विक्रम दहिया ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता की। जिसके बाद पकड़े गए आरोपी उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के थाना रुद्रपुर क्षेत्र के प्रीत विहार कॉलोनी निवासी कमल, बहेड़ी बरेली के ग्राम मिटीडांडी के मोहम्मद जुनैद, किच्छा लालपुर के निवासी आसिब अली और मोहम्मद इजराइल को जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से दो चार पहिया वाहन, चार कुंतल एल्यूमिनियम तार और 2200 रुपये बरामद किए गए थे।

# खतरे में रहता है महापुरुषों को भूलने वाले समाज का अस्तित्व



बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया का नमन करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सपा कार्यालय पर पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की मनाई पुण्यतिथि**

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व राज्यसभा सदस्य बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम किया गया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने बाबू शिवदयाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा जो समाज अपने महापुरुषों को भूल जाता है उसका अस्तित्व हमेशा खतरे में रहता है। ऐसे में हमे बाबू शिवदयाल चौरसिया के जीवन वृत्त से प्रेरणा लेनी होगी। उन्होंने वंचितों, शोषितों और समाज के कमजोर लोगों को हक दिलाने को विपरीत हालातों में संघर्ष किया। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि राजनीतिक रूप से उपेक्षित चौरसिया समाज को अपनी हिस्सेदारी पाने को अभी से एकजुट होना होगा। नरेंद्र मिश्र, राजकुमार राजू, श्याम सिंह, चंद्रप्रकाश यादव, संदीप सक्सेना ,हरगोविं, यूनुस अंसारी, दिनेश वर्मा, आनंद तिवारी,अनिल सिंह राठौर, धनपत, अलीम, छत्रपाल आदि मौजूद रहे।

# पांच करोड़ नये सदस्य तैयार, हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ : रूपाणी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री**
- **निजी अस्पताल के सभागार में की गई गोष्ठी, भाजपाई रहे मौजूद**

**अमृत विचारः** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति कर रहा है। आज जनता में एक विश्वास जागृत हो चुका है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जाति वर्ग को मिल रहा है। किसी तरह का कोई भेदभाव पूर्व की सरकारों की भांति नहीं है। यह विचार शहर के एक निजी चिकित्सक के सभागार में हुई गोष्ठी में व्यक्त किए। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

बता दें भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत पीलीभीत को तीन लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी अभियान के क्रम में ही बुधवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी पीलीभीत पहुंचे। उनका कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ.पीडी सिंह के सभागार में दोपहर को एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि आज भारत के जनप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय सदस्यता महाभियान चलाया है। राष्ट्रीय स्तर पर करीब पांच करोड़ सदस्य बन चुके हैं। इसलिए गुजरात से चलकर संगठन ने उन्हें पीलीभीत में भेजा है। यहां भी अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाना है। हर बूथ पर 200 का लक्ष्य संगठन द्वारा निर्धारित किया गया है। उन्होंने कई लोगों को सदस्यता भी ग्रहण कराई।

पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से भी वार्ता की और संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। कहा कि योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस मौके पर जिला प्रभारी गुलशन आनन्द, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, नगरपालिका पीलीभीत अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, जिला महामंत्री दिनेश पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, गोकुल प्रसाद मौर्य, स्वतंत्र देवल आदि मौजूद रहे।


गोष्ठी को संबोधित करते गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी। ● अमृत विचार

**जिला कार्यालय और बरखेड़ा में भी हुआ कार्यक्रमः** पीलीभीत, अमृत विचारः निजी चिकित्सक के सभागार में गोष्ठी के अलावा गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब के प्रभारी विजय रुपाणी ने भाजपा जिला कार्यालय पर भी सदस्यता अभियान को लेकर बैठक की। जिसमें बताया कि 11 से 17 सितंबर तक चलाए गए विशेष अभियान में पीलीभीत में 65000 सदस्य अब तक बन चुके हैं। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तक लगभग डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य बनाकर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य रहे। पीलीभीत को हरा भरा जिला बताया। इसके अलावा बरखेड़ा में भी सदस्यता अभियान से जुड़े कार्यक्रम में शामिल हुए।

### समाजसेवी अमृतलाल के आवास पर भी गए रूपाणी



**पीलीभीत :** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी बुधवार दोपहर समाजसेवी अमृतलाल के आवास पर पहुंचे। विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्ता नन्द व नगर पालिका चेयरमैन डॉ आस्था अग्रवाल भी साथ रहे। बुके और शाल देकर स्वागत किया गया। अमृतलाल ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव जीतने जा रही है, क्योंकि अरविन्द केजरीवाल की पार्टी का कांग्रेस से समझौता ना होना, अरविन्द का सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार ये कहना की अरविन्द केजरीवाल ना तो सचिवालय जायेंगे और न ही किसी सरकारी फ़ाइल को सिग्नेचर करेंगे। एक तरह से सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा ही दिया। ऐसे में कोई भी उनसे सहानुभूति नहीं रखेगा। साथ ही भाजपा द्वारा मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट देना और जम्मू कश्मीर में इंजीनियर रशीद को बेल और चुनाव प्रचार की अनुमति कोर्ट से मिलने से जो भी वोट उसे मिलेगा वो कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस को ही नुकसान पहुंचाएगा।

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगों की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगों के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500, 7669291208, 9412295244

## स्वच्छता की दिलाई शपथ

**पीलीभीत,अमृत विचार** : जन शिक्षण संस्थान की ओर से स्वच्छता ही सेवा के अभियान तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता शीर्षक पर ललौरीखेड़ा के ग्राम रुपपुर कृपा में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्याक्रमें शामिल बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान भोलेनाथ वर्मा और मुख्य सहायक कार्यक्रम अधिकारी अशरफ हुसैन ने जन समूह को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। ग्राम प्रधान ने कहा कि हम सभी को घर हो अपने आसपास साफ सफाई रखना अति आवश्यक है। इससे ही लोग बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौके पर क्षेत्र सहायक संजीव कुमार, नेहा कुमारी, सीमा आदि मौजूद रही।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जाँचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट संट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 1 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# ससुराल से लौटे युवक की करंट से मौत

## बरखेड़ा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया मंडन में मंगलवार रात हुआ हादसा

संवाददाता, बरखेड़ा



विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार



- मुआयना कर पुलिस ने जुटाई जानकारी, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचारः** एक दिन पहले ही ससुराल से घर पहुंचे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। वह कमरे में सोने के लिए गया था। कमरे में लगा पंखा (फर्राटा) भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोबाइल चार्जिंग करते वक्त या फिर पंखे से करंट लगने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया मंडन के रहने वाले आकाश (24) पुत्र रामकरन हरियाणा के गुड़गांव इलाके में शटरिंग का काम करते थे। वह काफी समय से गुडगांव में ही थे। पत्नी अंगूरी देवी अपने मायके शाहजहांपुर जनपद के निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम सड़ा में दो साल के पुत्र संग रुकी हुई थी। बेटे की तबियत खराब होने की जानकारी पर आकाश सोमवार को अपनी ससुराल पहुंचा था। वहां पर एक दिन रुका और फिर मंगलवार को अकेले ही पिपरिया मंडन आ गया था। रात को खाना खाने के बाद वह सोने के लिए कमरे में गया। मोबाइल को चार्जिंग पर लगाया और कमरे में रखा पंखा चलाया। इस दौरान आकाश को करंट लग गया। कुछ देर बाद छोटा भाई मनोज कमरे में पहुंचा तो आकाश जमीन पर मृत मिला। नजदीक में ही पंखा क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ था। जिससे करंट लगने से मौत होने की बात सामने आई। शोर मचने पर आसपास के तमाम ग्रामीण जमा हो गए। इसकी सूचना बुधवार सुबह पुलिस को दी गई। बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

> एक युवक की करंट से मौत होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में किसी तरह का ना तो आरोप लगाया गया है न ही कोई तहरीर दी गई है।
> – **मुकेश शुक्ला**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

### छह माह की गर्भवती है पत्नी

मृतक तीन भाई और एक बहन हैं। उसके दो साल का पुत्र है। वहीं, पत्नी अंगूरी देवी वर्तमान में गर्भवती है।एक दिन पहले ही पति ससुराल गया था तो पत्नी और बच्चों संग रहा। दूसरे ही दिन मंगलवार रात जब पति के मरने की जानकारी दी गई तो पत्नी अंगूरी देवी पर दुखों का पहाड़ टूट गया। वह बेसुध हो गई।उसे मायके वालों ने संभाला। देर रात ही पत्नी अपने मायके वालों संग ससुराल आ गई। उसका रोकर बुरा हाल रहा।

## परामर्श केंद्र में तीन परिवारों में समझौता

**पूरनपुर, अमृत विचार** : तहसील सभागार में बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इसमें विवाद के चलते पर अलग रह रहे दंपतियों को काउंसलरों ने समझाया। इस दौरान रेशम बी, पूजा कश्यप और सोनी देवी के परिवारों के बीच काफी समय से चल रहे विवाद को निपटाया गया। तीनों महिलाएं विवाद निपटाने के बाद खुशी-खुशी अपने पति के साथ घर चली गई। परामर्श केंद्र में महेंद्र मिश्रा, पवन यादव, सुनील वर्मा, आरती देवी, ऋतुराज शर्मा, फखरुल मंजरी और मुरारी श्रीवास्तव आदि काउंसलर मौजूद रहे।

## गन्ना कालेज में रोजगार मेला 20 को

**पूरनपुर, अमृत विचार** : बंडा रोड पर स्थित गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई कंपनियां और संस्थान योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगी। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थियों से अपने प्रमाण पत्र लाकर रोजगार मेले मे पहुंचने के लिए कहा है।

# मिट्टी धंसने से हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी से पानी का रिसाव होने से खलबली

- जेसीबी लेकर पहुंचे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने कराई मरम्मत

संवाददाता, घुंघचिहाई



टीम के साथ मरम्मत कार्य कराते अवर अभियंता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी पर मिट्टी धंसने से सड़क में होल होने के बाद पानी का रिसाव शुरू हो गया। इसकी जानकारी लगने पर ग्रामीणों में खलबली मच गई। घुंघचिहाई थाना प्रभारी विशेष कुमार मौके पर पहुंच गए। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने जेसीबी से खुदाई कर मरम्मत कराई। जिसके बाद पानी का रिसाव बंद हुआ।

बाइफरकेशन से निकली हरदोई ब्रांच नहर से तराई सहित कई जनपदों के किसान फसलों की सिंचाई करते हैं। बीते दिनों लगातार हुई बारिश से हरदोई ब्रांच नहर का जलस्तर बढ़ गया था। मंगलवार को डूंडा कॉलोनी के सामने हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी पर मिट्टी का कटान होने से सड़क में होल हो गया। रात अचानक पानी का रिसाव शुरू होने से खलबली मच गई। इसकी जानकारी पर दर्जनों किसान एकत्र हो गए।

मौके पर पहुंचे घुंघचिहाई थाना प्रभारी विशेष कुमार ने मामले की जानकारी सिंचाई विभाग को दी। टीम के साथ मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता राम यादव ने जेसीबी से पटरी की खुदाई कराकर मरम्मत कराई। मरम्मत के बाद पानी का रिसाव बंद हुआ।

### मरम्मत के नाम पर ठिकाने लगाया बजट

शासन की ओर से नहरों के रखरखाव के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए का बजट दिया जाता है। वहीं हाल ही में सिंचाई विभाग की और से करोड़ों रुपए की लागत से हरदोई शाखा नहर के किनारे में बोल्डर पिचिंग, नहर पटरी मरम्मत, साफ सफाई ,खड़ंजा निर्माण आदि कार्य कराए गए। नहर के रखरखाव के नाम पर कराए गए कार्यों में खेल करने का भी शोर मचा रहा। हरदोई ब्रांच नहर की पशिचमी पटरी पर हुए रिसाव से अब इसी की चर्चाएं तेज हो गई है।

# मेले और अन्नपूर्णा केंद्र की राज्यमंत्री ने कराई शुरुआत



दंगल की शुरुआत कराते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ललौरीखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कनाकोर में सिद्धू बाबा मेला बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुरू कराया।

इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा मेला आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। मेला और खेलों का आयोजन जहां हमारे बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है वहीं हम सबको मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, गुड्डू गंगवार, रमेश पंडित, रक्षपाल, कुलदीप गंगवार, गोपाल शर्मा आदि ग्रामीण शामिल हुए। दूर दराज से आए पहलवानों ने दंगल में दमखम दिखाया। राज्यमंत्री ने अन्नपूर्णा केंद्र का भी उद्घाटन किया। प्रधान प्रतिभा गंगवार, बीडीओ वेद प्रकाश भी शामिल हुए।

# अखिलेश को लेकर दिए बयान पर सपा जिलाध्यक्ष का पलटवार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वीडियो बयान जारी कर सोशल मीडिया पर डाला , निंदा की

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीन मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जालौन में अखिलेश यादव को लेकर दिए गए बयान के बाद तराई की सियासत गरमा गई है। बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की ओर से पलटवार कर अपना बयान सोशल मीडिया पर जारी किया। जिससे खलबली मच गई है।

बता दें कि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार पीलीभीत की सदर विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार विधायक हैं। उन्हें योगी सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री बनाया गया है। वह अभी तक अमरोहा जनपद के प्रभारी मंत्री थे। बीते दिनों उन्हें जालौन का प्रभारी मंत्री बना दिया। प्रभारी जनपद में हुए एक कार्यक्रम के दौरान का राज्यमंत्री ने सीएम को माफिया कहने वाले बयान पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को घेरते हुए बयान दिया। इसे लेकर बुधवार दोपहर पीलीभीत के सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपना एक बयान वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जारी किया। जिसमें उन्होंने राज्यमंत्री को घेरा। जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि जिले में आज जो बुरे हालात हैं, फैक्ट्री व अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है। उसका जवाब जनता 2027 में देने को तैयार बैठी है। ये भी कहा कि भाजपा के बड़े नेताओं को खुश करने के लिये इस तरह का चापलूसी बयान है। समाजवादी पार्टी पीलीभीत अनर्गल और अमर्यादित बयान की निंदा करती है।

# डीपीओ ने डोर टू डोर की चावल घोटाले की जांच

संवाददाता, बिलसंडा



गांव में जांच करने पहुंचे डीपीओ। ● अमृत विचार

- लाभार्थियों को कई वर्षों से वितरित न करने का है आरोप
- संबंधित कोटेदारों को चावल रिसीव न कराए जाने की बात

**अमृत विचारः** आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित होने वाले चावल में बरती जा रही धांधली और जून में दाल, दलिया एवं रिफाइंड न बांटे जाने की शिकायत पर जांच करने के लिए डीपीओ बुधवार को गांव फिरसाह पहुंचे। घर -घर जाकर इसके संबंध में जानकारी की गई। अभिलेख भी चेक किए गए। जिसमें संबंधित कोटेदारों को चावल रिसीव कराए जाने की बात सामने आई है।

बता दें कि आंगनबाड़ी केंटो पर दर्ज नौनिहालों और गर्भवती धात्रियों को दाल, दलिया और रिफाइंड के अलावा प्रति माह चावल भी सरकार की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। मगर कई जगह भ्रष्टाचार के चलते अरसे से समूचे ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश केंद्रों पर दर्ज लाभार्थियों को चावल नहीं दिया गया। गांव चुर्राह फिरसाह निवासी संतोष कुमार ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगडी नेगांव पहुंचकर लाभार्थियों के घर-घर जाकर जांच की। इस दौरान अधिकांश लाभार्थियों ने वर्षों से चावल नहीं मिलने की बात कही। उधर, कोटेदार के पुत्र सुरेंद्र कुमार का कहना था कि किसी भी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र का चावल कभी भी संबंधित कोटेदारों को उपलब्ध ही नहीं कराया जाता है।

चुर्राह फिरसाह के आंगनबाड़ी केंद्र का चावल दियूरिया कलां और बिलसंडा के कोटेदार को उपलब्ध कराया गया। इसी तरह अन्य गांवों के कोटेदारों को भी दूसरे आंगनबाड़ी केंद्रों का चावल उपलब्ध कराया जाता है। कोटेदार का यह भी कहना है कि उसे सिर्फ ग्राम पंचायत के ही मजरा मीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र का चावल जब भी उपलब्ध कराया गया, उसे हर बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लाभार्थियों को दी गई पर्ची के आधार पर वितरित किया गया। सुपरवाइजर सुरभि सक्सेना का कहना है कि पूर्व में चावल का उठान संबंधित कोटेदारों को नहीं किया गया, जिसकी वजह से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दूसरे गांवों के कोटेदारों से चावल हैंड ओवर करने में दिक्कतें हुई हैं, लेकिन अब वितरण व्यवस्था में सुधार कराया जा रहा है।

# पहले पैसा जमा कराया, वापस करने के समय बंद कर दिया दफ्तर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 9.36 लाख रुपये हड़पने का कंपनी के जिम्मेदारों पर आरोप
- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शहर के मोहल्ला आसफजान की रहने वाली गीता मिश्रा पति स्वर्गीय संजय मिश्रा की ओर से धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें इज्जतनगर (बरेली) के जमुना विहार के रूप किशोर गोला, उसकी पत्नी रजनी गुप्ता, अवधेश कुमार गोला उर्फ बंटी, बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढीनाथ के जितेंद्र कुमार गुप्ता, रेनू गुप्ता, अधकटा बरखेड़ा के संजय सैनी और बल्लभनगर कॉलोनी निवासी ऐगराज वर्मा को आरोपी बनाया है।

दर्ज की गई रिपोर्ट में गीता मिश्रा ने बताया कि आईसीएल म्युचुअल बेनेफिट्स कारपोरेशन लिमिटेड की शाखा नकटादाना चौराहा के पास थी। जिसमें आरडी, एफडी, एमआईएस की योजनाएं चल रही थी। इस कंपनी के सीएमडी रुप किशोर गोला, डायरेक्टर रंजनी गुप्ता थी। अन्य आरोपी भी कंपनी से जुड़े थे। कंपनी पर विश्वास करके कई आरडी एफडी कराई थी। कुल मैच्योरिटी 731042 रुपये थी। इसे कोरोना काल में कंपनी ने रिइन्वेस्ट करके 30 अप्रैल 2021 तक के लिए कर दिया था। जिसमें पीड़िता को 936100 रुपये मिलना था। जब आरडी एफडी देने का समय आया तो आरोपियों ने टालमटोल कर दी। इसके बाद कंपनी कार्यालय में ताले डालकर चले गए। पेमेंट करने से भी इनकार कर दिया।

इसकी उस वक्त शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई।जिसके चलते कोर्ट की शरण ली गई। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी सीडा का कमाल, ब्लैक लिस्ट फर्म को 43 लाख का ठेका दे डाला

## डीएम ने धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने पर पांच सितंबर को थी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिस फर्म का हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त कर डीएम ने ब्लैक लिस्टेड किया था। यूपी सीडा न दरियादिली दिखाते हुए उस फर्म के ठेकेदार को 43 लाख रुपये का ठेका दे दिया गया। मामले का खुलासा होने पर खलबली मची तो जिम्मेदार डीएम की कार्रवाई से खुद को अंजान बता मामले में कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

दरअसल, लोक निर्माण विभाग में ई-टेंडरों की ऑनलाइन जमा होने वाली दस प्रतिशत धरोहर राशि (ईएमडी) में फर्जीवाड़ा किया गया था। कुछ ठेकेदारों ने धरोहर धनराशि के नाम पर दस प्रतिशत कर जगह मात्र एक प्रतिशत धनराशि जमा की थी और उसे कूटरचित तरीके से दस प्रतिशत दर्शाकर टेंडर हथिया लिए थे। मामले को लेकर जमकर शोर-शराबा हुआ और कुछ दिन बाद मामला शासन स्तर पर जा पहुंचा था। इस पर लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन

- मामले का खुलासा होने पर लोक निर्माण विभाग में मची खलबली

> मामला संज्ञान में आया है।इसको लेकर पत्र जारी कर जानकारी मांगी गई है।जानकारी मिलने के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **– चरन सिंह**, अधिशासी अभियंता, यूपीसीडा

चीफ इंजीनियर/अधीक्षण अभियंता द्वारा छह ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था। इधर प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने पिछले माह सभी छह ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों के हैसियत और चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए थे। साथ ही ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों के हैसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्रों के निरस्तीकरण का आदेश डीएम द्वारा प्रदेश के सभी डीएम को मेल के माध्यम से भेजा गया था।

इधर, तत्कालीन मुख्य अभियंता द्वारा ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार को यूपीसीडा की ओर से 43 लाख की सड़क का ठेका देने की शिकायत के बाद मामला फिर गरमा गया है। बताते हैं कि यूपीसीडा के एक्सईएन ने डीएम के हैसियत और चरित्र प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण के बाद भी उक्त ठेकेदार को टेंडर प्रक्रिया में शामिल करते हुए उसे ठेका दे दिया। इधर मामले का खुलासा होने के बाद खलबली मची हुई है। इधर अब जिम्मेदार डीएम द्वारा उक्त ठेकेदार का हैसियत और चरित्र प्रमाण पत्र के निरस्त होने की जानकारी से खुद का अनभिज्ञ बताकर पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं।

### आखिर किस स्तर पर हुई लापरवाही

इस मामले में जिलाधिकारी कार्यालय से मेल के द्वारा समस्त जनपदों को चरित्र और हैसियत प्रमाण पत्र भेजने की बात कही जा रही है।जबकि यूपी सीडा के जिम्मेदारों की मानें तो ये उनके संज्ञान में नहीं है।ऐसे में लापरवाही किस स्तर पर बरती गई ये तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।सवाल ये भी उठ रहे हैं कि कहीं कोई और खेल तो नहीं।फिलहाल इस पूरे मामले में यदि सही से जांच की गई तो जिम्मेदारों पर गाज गिरना भी तय माना जा रहा है।

# प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को खिलाड़ी सम्मान समारोह में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले 26 खिलाड़ियों और छह खेल प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

टेबल टेनिस-अंडर 14 बालक वर्ग की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले शिवाशीष प्रकाश, शिवम गंगवार, रोहित कुमार, आयुष पाठक, दीपक कुमार मौर्य, अंडर-19 बालिका वर्ग में अंशु, मीरा, सकीना बी, साक्षी वर्मा और साक्षी को सम्मानित किया गया। बैडमिंटन में अंडर-17 बालक वर्ग में रेशव कुमार, ओम अरोरा, शुभ गुप्ता, ओजस्वदीप, अटल दीक्षित को, सेपक टाकरा अंडर-19 बालक वर्ग में पृथ्वी शर्मा, विशाल मौर्य, अभय तोमर, सागर राय और अभय सिंह को अंडर-17 बालक वर्ग में सुमित, अर्णव, सिद्धार्थ सिंह को, अंडर-14 बालक वर्ग में कृष्ण चावला, अनमोल सिंह और पवन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया ताकि अन्य खिलाड़ी भी इनसे प्रेरित हों।

# नहरोसा में सिलेंडर फटने से राख हुआ ग्रामीण का घर

संवाददाता, पूरनपुर


सिलेंडर फटन के बाद घर से लगी आग।

- तेज धमाके के साथ उठा आग का गुबार, मची अफरा तफरी
- ग्रामीणों ने बमुश्किल पानी की बौछार कर आग पर पाया काबू

**अमृत विचार:** खाना बनाने के दौरान घरेलू सिलेंडर फटने से घर में आग लग गई। तेज धमाका होने से गांव में हड़कंप मच गया। लोगों ने घर से भाग कर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

थाना हजारा क्षेत्र के गांव नहरोसा में देर शाम राम लखन पुत्र रामविलास के घर में गैस चूल्हे पर खाना बन रहा था। अचानक सिलेंडर लीक होने से उसमें आग लग गई। इससे रामलखन के परिजन चीखते चिल्लाते हुए घर से बाहर निकल गए। सिलेंडर में लगी आग झोपड़ी तक पहुंच गई जिससे राम लखन का घर तेज लपटों के साथ जलने लगा। घबराए परिजन घर से काफी दूर पहुंच कर शोर शराबा करने लगे। इस पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए। अचानक तेज धमाका हुआ और घर के परखच्चे उड़ गए। सिलेंडर फटने से उसके टुकड़े काफी दूर तक जा गिरे। तेज धमाका होने से गांव में खलबली मच गई। लोग मौके पर एकत्र हो गए लेकिन भय के चलते कोई आग बुझाने के लिए नहीं पहुंचा। सिलेंडर फटने के बाद आग शांत होने पर ग्रामीण रामलखन के घर पहुंचे तब तक सारा सामान जलकर खाक हो चुका हो गया। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग बुझाकर कुछ सामान को बचाया। जानकारी लगते ही थाना हजारा एस ओ परमेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंच गए और जानकारी जुटाई।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2
RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL

### फर्जी ट्रस्ट बनाने की तहसीलदार से शिकायत

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव गुलड़हा के रहने वाले ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया। जिसमें कहा गया कि गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने जमीन पर अवैध कब्जा करके फर्जी तरीके से ट्रस्ट बना लिया है।कहा कि जमीन के चारों ओर रास्ता है।आरोप है कि ट्रस्ट के लोग ग्रामीणों के खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर करके शिकायतें कर रहे हैं।इतना ही नहीं ट्रस्ट के नाम पर लोगों को अनावश्यक रुप से परेशान किया जा रहा है।बनाए गए ट्रस्ट की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# बीमार भाई को ठीक करने के लिए की पूजा...चिता से खोपड़ी नहीं चुराई

संवाददाता, बरखेड़ा

- सीओ ने भी गांव पहुंचकर जुटाई जानकारी, दोनों पक्षों में हुई सुलह
- महिला की मौत के बाद चिता से खोपड़ी गायब करने का मामला

**अमृत विचार:** महिला की मौत के बाद चिता से खोपड़ी गायब करने के मामले में कई दिन चली टालमटोल और फिर जांच के बाद आखिरकार सुलह हो गई। जिस युवक पर आरोप लगाए गए उसका कहना था कि उसने तो सिर्फ बीमार भाई को ठीक करने के लिए तंत्र विद्या के अनुसार पूजा की लेकिन खोपड़ी नहीं चुराई। उधर, शिकायतकर्ता ने भी शक के आधार पर तहरीर देने की बात कहते हुए अब कार्रवाई से इन्कार कर दिया है। दोनों पक्षों में हुई सुलह के बाद पुलिस ने राहत महसूस की है।

दरअसल घटना बरखेड़ा क्षेत्र की थी। एक महिला की शनिवार को मौत हो गई थी। गांव में ही पत्नी के शव का अंतिम संस्कार किया गया था। इसके बाद सब घर आ गए। आरोप है कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति अपने दो साथियों के साथ चिता के पास पहुंचा और खोपड़ी को ले गया। ये बात महिला के परिवार वालों को पता चलती तो मामले को तंत्र विद्या से जोड़कर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने पहले तहरीर लेने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद दो दिन तक मामला दबा रहा। मंगलवार को शोर बढ़ने पर बरखेड़ा पुलिस जांच में जुट गई। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर सवाल जवाब किए गए। बुधवार को सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया भी गांव पहुंचे और जानकारी की। मगर मामले में सुलह हो गई। बताते हैं कि जिस युवक पर आरोप लगाए गए थे। उसका कहना था कि उसका एक भाई लंबे समय से बीमार है। उसे ठीक करने के लिए एक व्यक्ति ने पूजा पाठ करने की बात कही थी। इसे लेकर वह सिर्फ बताई गई तंत्र विद्या के अनुसार पूजा करने के लिए गया था, लेकिन उसने चिता से झोपड़ी नहीं चुराई। उधर, शिकायतकर्ता ने ये कह दिया कि उसने शक के आधार पर तहरीर दे दी थी। फिलहाल अब मामले में सुलह हो गई है।

> इस मामले में पुलिस जांच कर रही थी।गांव जाकर जानकारी की गई थी।शिकायतकर्ता ने शक के आधार पर तहरीर दे दी थी।अब उसने कार्रवाई से इन्कार करने की बात लिखित में दे दी है। **– प्रतीक दहिया**, सीओ बीसलपुर

### हादसों में तीन घायल

**बरखेड़ा।** पीलीभीत मार्ग पर चीनी मिल के पास दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।हादसा मंगलवार शाम हुआ।

### भैंस नहला रहे ग्रामीण पर हमला

**गजरौला।** गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़िया नौगवां के भूपेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर तीन बजे उसके पिता दयाराम घर के बाहर भैंस को नहला रहे थे।गांव का ही धर्मपाल नशे की हालत में आया और गाली गलौज करने लगा।विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी।बहन पार्वती और मां चित्रवती बचाने आई तो उन्हें भी पीटा।ग्रामीणों के जमा होने पर मारने की धमकी देकर भाग गए।

### गन्ना कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**पूरनपुर, अमृत विचार :** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस दौरान स्वछता की शपथ भी दिलाई गई।प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।हम सब मिलकर स्वच्छ भारत के लक्ष्य को को पूर्ण करने में अपनी भूमिका निभाएं।कार्यक्रम अधिकारी शाहिद खान ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े में जागरूकता अभियान चलाकर शिक्षा के माध्यम से स्थाई से लोगों को प्रेरित करना है।डॉ. पिंदर सिंह ने स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई।जिलासेवा नियोजन अधिकारी विवेक शुक्ला, अनूप कुमार शुक्ला, आशीष कंचन आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### श्रमदान कर स्वच्छता का लिया संकल्प



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उप-महानिरीक्षक कार्यालय पर सशस्त्र सीमा बल पीलीभीत की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान का की शुरुआत की गई। बुधवार को स्वच्छता प्रतिज्ञा ली गई।हर वर्ष 100 घंटे, यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को साकार करने की बात कही।जवानों ने प्रण किया कि वह अन्य 100 व्यक्तियों को 100 घंटे, यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने के लिए जागरूक करेंगे। साफ-सफाई कर अपने देश को स्वच्छ बनाने की अपील की।सशस्त्र सीमा बल के सभी अधिकारियों एवं जवानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।द्वितीय-कमान अधिकारी जय गोपाल नम:शुद्रा की ओर से जवानों को स्वच्छता का महत्व बताया गया।

### निबंध और पेंटिंग से स्वच्छता का दिया संदेश



**मझोला, अमृत विचार :** नगर के नेहरू इंटर कालेज में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई।मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निशान्त प्रताप सिंह रहे। उन्होंने छात्र- छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।ईओ हरिपाल गंगवार ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताया।इस मौके पर प्रधानाचार्य शोभा वर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, बैजनाथ यादव, विकास कुमार, चन्दन कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में कैंप लगाकर बांटी गई दवा



**पूरनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव सेहरामऊ उत्तरी के प्राथमिक स्कूल में बुधवार को राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।इसमें बच्चों की जांच की गई।इस दौरान लगभग 64 बच्चों की जांच कर दवा बांटी गई।प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. नीरज कुमार चौधरी ने पोषण आहार, सफाई और मौसमी बीमारियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी।इस दौरान फार्मासिस्ट रविनारायण, आशीष दीक्षित और हरिओम मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# बीआरसी पर सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त शिक्षक


बीआरसी पर सम्मानित किए जाते वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक। • अमृत विचार

**पुरनपुर, अमृत विचार:** ब्लाक संसाधन केंद्र पर बुधवार को उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें 80 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में जंग बहादुर दीक्षित, डा. ऊदल राम मीत और विद्यासागर शुक्ला रहे।कार्यक्रम में प्रेमशंकर मिश्रा, सुन्दर लाल और फकीरे लाल पाण्डेय को दोशाला ओढ़ाकर और प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों से संबंधित सरकारी आदेशों के बारे में जानकारी दी गई। जंग बहादुर दीक्षित ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के सदस्यों को सेवारत प्राथमिक शिक्षक संघ से जोड़ने पर मजबूती प्राप्त होगी। परिषद के अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उमाशंकर शुक्ला, बादशाह वर्मा, दुजाराम भारती, मुरारी लाल भारती, महामंत्री साबिर अली चिश्ती, शिव शंकर लाल, नरेंद्र कुमार गंगवार, सत्यपाल गंगवार, राम निवास, राम गीता, शमीम बानो, राम प्रकाश, कर्मवीर आर्य, महानंद आर्य, फूल चंद्र, निरंकार पांडे आदि सेवानिवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Administrative officer
Qualification : MBA/MHA with computer knowledge (Exp. 2 Years)
Warden
Qualification: - Graduation Exp. 1 Year
Accountant
Qualification :- M.Com, B.com Exp. 1 Year
Sr. Lab Technician (Blood Bank)
Qualification:- BMLT /DMLT Exp. 3 Years
Lab Technician
Qualification:- BMLT /DMLT
Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)
Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)
PRO (For Field Work)
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) बाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# प्रभारी मंत्री की दो टूक, अतिक्रमण हटवाए प्रशासन

## शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, उपभोक्ताओं की कॉल उठाकर शिकायतों को सुनें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, सीयूजी नंबर न उठाने वाले अधिकारियों को चेताने के साथ ही जनता की शिकायतों का सही और समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं सड़कों पर अतिक्रमण देखकर निकाय प्रशासन को इसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के तहत शर्तों के अनुसार पाइपलाइन डालकर पूर्व जैसी सड़क बनाने, पीडब्लूडी व अन्य विभागों को बाढ़, कटान से टूटी सड़कों का निर्माण कराने का प्रस्ताव भेजने, विद्युत अधिकारियों को फोन ऑन रखकर फोन कॉल रिसीव कर शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं नगर निकाय प्रशासन को अभियान चलाकर सड़कों व नालों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीएमओ एवं सीएमएस को अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने, बाहर की दवाएं न लिखने और रोजगार संबंधी योजनाओं के लिए लोन दिलाने में आ रही समस्याओं को एलडीएम के माध्यम से दूर कराने को कहा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली विरासत, मेड़बंदी, जमीनी विवाद के मामलों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पलिया विधायक रोमी साहनी ने डी-सिल्टिंग कराने, बंधे का निर्माण और सुहेली नदी की सफाई कराने के लिए कहा। इस पर प्रभारी मंत्री ने प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के लिए कहा। बैठक में माननीयों ने सुझाव दिए। जिन्हें सुनकर प्रभारी मंत्री ने कहा कि इन पर अमलकर कार्रवाई करें और अवगत भी कराएं। अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बाढ़ को लेकर कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।



कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।



मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

### बाढ़ से बचाव को प्लान बनाकर एक सप्ताह में सौंपने के निर्देश

विधायक रोमी साहनी ने बाढ़ की विभीषिका से कैसे बचाएंगे, इसका प्लान पूछा। इस पर प्रभारी मंत्री ने ईई बाढ़ खंड को एक सप्ताह में टीम गठित कर 15 दिन में सर्वे कराने की कार्यवाही सहित प्रोजेक्ट तैयार कर शासन व स्वयं को भेजने के निर्देश दिए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपराध नियंत्रण और निरोधात्मक कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में विधायक योगेश वर्मा, विधायक रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, मंजू त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, डीएफओ संजय विश्वाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी पवन गौतम आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज व जी प्लस-12 ट्रांजिट हॉस्टल पहुंचे

प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने बुधवार को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के अस्पताल, पुलिस लाइन में बन रहे जी प्लस 12 ट्रांजिट हॉस्टल भवन का निरीक्षण कर प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण तेजी लाकर समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के लोगों ने प्रभारी मंत्री को थ्री-डी व्यू मॉडल से मेडिकल कॉलेज की संरचना बताई। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण जनहित से जुड़ा है। इसलिए प्राथमिकता के साथ काम समय पर पूरा कराएं। इसके लिए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निरंतर निर्माण का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में बन रहे जी प्लस 12 ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य देखा। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस लाइन का तालाब देखकर प्रशंसा की। इस दौरान डीएम एसपी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 115 सफाई कर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भाजपा के 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा सप्ताह अंतर्गत नगर पालिका परिषद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर 115 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य कैम्प में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल आफीसर डॉ नरेन्द्र कुमार, डॉ. निधि यादव ने 115 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ्य रहना बहुत आवश्यक है। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, विमलेश वर्मा, लवकुश अवस्थी आदि रहे।

# बुखार पीड़ितों की जांच में दो डेंगू संक्रमित मिले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मौसम का बदलाव बुखार के मरीज बढ़ रहा है। इससे सरकारी ही नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों में भी इनकी संख्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। आलम यह है कि गत दिन में जिला अस्पताल में 4094 लोगों का पंजीकरण हुआ है। जबकि पुराने पर्चे पर देखे जाने वाले मरीजों की संख्या भी करीब दो हजार रही है। इन सबमें करीब 60 फीसद मरीज बुखार के हैं। बुधवार को डेंगू और मलेरिया के संदिग्ध मिले मरीजों की जांच कराने पर दो में डेंगू बुखार होने की पुष्टि हुई है।

बुखार का प्रकोप लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। अचानक तेज बुखार लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। तेज बुखार संग मांसपेशियों में होने वाली दर्द मरीजों को और परेशान कर रही है। वहीं इससे लोग डेंगू बुखार को लेकर दहशत में आ जा रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में 1730 नए पर्चें बने। ओपीडी में आने वाले की संख्या करीब तीन हजार रही। इनमें से लक्षण के आधार पर डेंगू और मलेरिया के संदिग्ध मिले 133 मरीजों की जांच कराने पर दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों ने दवाएं देकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए। उधर, डेंगू वार्ड में संक्रमित सुबेस कुमार, राधा देवी, वीरेश, शबनम, सचिन, मंजू देवी और प्रीती का इलाज हो रहा है। जिला अस्पताल में डिप्थीरिया के संदिग्ध संक्रमित बच्चों की संख्या पांच हो गई है। इनका इलाज आईसीयू वार्ड में भर्ती कर हो रहा है। हालांकि अब तक इनकी जांच रिपोर्ट न आने से बीमारी की पुष्टि नहीं हो सकी है। मगर, एहतियातन इनका इलाज किया जा रहा है।



जिला अस्पताल में ओपीडी कक्ष के बाहर मरीजों व तीमारदारों की भीड़। ● अमृत विचार

| दिनांक | पंजीकृत मरीज |
|---|---|
| 16 सितंबर | 925 |
| 17 सितंबर | 1439 |
| 18 सितंबर | 1730 |
| **भर्ती मरीज** | **बुखार पीड़ित** |
| चिल्ड्रन | 24-13 |
| पुरूष वार्ड | 32-24 |
| महिला वार्ड | 31- 16 |
| जिरियाट्रिक | नौ- दो |
| डेंगू वार्ड | सात |

> बाल रोग विभाग के आईसीयू वार्ड में पांच बच्चे भर्ती हैं। इनमें डिप्थीरिया की आशंका जताई जा रही है। इनकी जांच के लिए सैंपल लखनऊ भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी का पता चलेगा। बुधवार को जांच में दो मरीज डेंगू के मिले हैं।
> **-डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल**

# स्मार्टफोन, पेनड्राइव मिलने से विजेताओं के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** युवा मतदाताओं को मतदाता बनने के लिए प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हुई। इसमें जिले के 11 युवाओं ने विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया है। इस पर डीएम और एसपी ने बुधवार को विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता कराई गई थी। इसमें जिले के 11 लोग विजेता बने। इन सभी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त स्मार्टफोन, पेनड्राइव देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने बताया कि विधानसभा 142-लखीमपुर की सोनाली को प्रदेश स्तर पर स्लोगन राइटिंग में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर स्मार्ट फोन और सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित विधानसभा 137-पलिया की सुर्खाब जहां, विधानसभा 138-निघासन के प्रियांशु वर्मा एवं बलराम, विधानसभा 139-गोला की शगूफी नाज, समरा अंसारी, शाबान एवं विधानसभा 140-श्रीनगर की सलोनी व विधानसभा 143-कस्ता की काजल वर्मा को 128 जीबी की एक एक पेन ड्राइव देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने पर विधान सभा 142-लखीमपुर की अस्मिता वर्मा को एक पेन ड्राइव मिली है। डीएम को दृष्टिबाधित अस्मिता वर्मा ने बताया कि स्लोगन में हर दिव्यांग को जगाना है, सबसे मतदान कराना है, लिखा था। पोस्टर प्रतियोगिता में विधानसभा 137-पलिया की मंथशा को सांत्वना पुरस्कार में एक पेन ड्राइव मिली।एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी सिंह, एसओसी (चकबन्दी) संजय आनंद मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ मौजूद डीएम ● अमृत विचार

## साले की बाइक चोरी करने में बहनोई गिरफ्तार

**बिलहरी, अमृत विचारः** थाना हैदराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान साले की बाइक चोरी करने वाले बहनोई को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि 18 सितंबर को महेशपुर से नयागांव मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस को शक होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई, जिसने पुलिस को अपना नाम वरुण पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम झारा मजरा परेली बताया है। बाइक चोर बहनोई ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि साले रोहित पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम पकडिया हकीम थाना पुवायां 14 अगस्त को बाइक को चोरी कर ली थी।

# अपनों ने जीते जी किया वृद्धाश्रम को अर्पण, अब चाहें कोई करे तर्पण

अवनीश शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** पितृ पक्ष शुरू हो गए... एक तरफ स्वर्ग सिधार चुके बुजुर्गों का तर्पण एवं श्राद्ध का सिलसिला शुरू हो चुका है। पितरों को खुश करने के लिए उनकी संतानें ब्रह्म भोज आदि करा दान दक्षिणा दे रही हैं। तो वहीं दूसरी ओर वृद्धा आश्रम में रहने वाले तमाम अभागे ऐसे वृद्धजन भी हैं जो अपनी संतानों का कोप झेल रहे हैं। उनका कहना है कि अपनों ने जीते जी हमें वृद्धाश्रम को अर्पण कर दिया अब मरने पर उनसे हम क्या तर्पण की उम्मीद रखेंगे।

जीवन के अंतिम पल वृद्धा आश्रम में गुजार रहे इन बुजुर्गों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि जिस संतान की परवरिश के लिए अपना जीवन बिता रहें हैं वहीं बुढ़ापे में उन्हें बेगाना छोड़ देंगे। जिन्हें अंगुली पकड़कर चलाना सिखाया, वही बुढ़ापे में सहारे की लाठी बनने के बजाए दुत्कार देंगे। बुजुर्ग बताते हैं कि मां बाप को मरने के बाद मुक्ति तभी मिलती है जब उनकी अंत्येष्टि से लेकर अन्य कार्यक्रम उनके अपनी औलाद करती हैं। मगर, जिन बेटों ने जीते जी हमारा अर्पण वृद्धा आश्रम में कर दिया तो अब उनसे मरने के बाद तर्पण की क्या अभिलाषा करें।



सीतापुर जिले के गांव कमलापुर निवासी 70 वर्षीय शीतला प्रसाद बताते हैं कि अब तो यही हमारा घर है। छह माह से अब यही हमारा घर है। कुछ दिन तक उम्मीद रही कि बेटा आकर घर ले जाएगा। मगर, अब वह भी टूट गया। औलाद को जब जिंदा में हमारी कद्र नहीं है तो मरने के बाद तर्पण की क्या उम्मीद करें।



शिवकॉलोनी निवासी 71 वर्षीय सत्य नरायण पांडे बताते हैं कि तीन साल से यहां रहा हूं। परिवार के लोग हाल चाल लेने के लिए आते हैं। हालांकि जीवत रहने पर जब घर में दो वक्त की रोटी और रहने के लिए जगह नहीं है तो मरने के बाद बेटे से क्या उम्मीद रखनी।



कस्ता के रमुआपुर गांव निवासी 75 वर्षीय रामदयाल बताते हैं कि छह साल से अपने खून ने ही जीते जी बेगाना कर रखा है। मरने के बाद बेटे अंतिम संस्कार के साथ कर्मकांड करेंगे कि नहीं, इससे क्या फर्क पड़ने वाला। मरने के बाद मुक्ति मिलेगी कि नहीं सब ईश्वर पर छोड़ दिया।



गांव चौफेरी निवासी 75 वर्षीय पुत्तूलाल का कहना है कि बच्चों ने घर से निकाल दिया तो। इस पर वृद्धा आश्रम सहारा बना। जिन अपनों ने घर में रखना गंवारा नहीं समझा, उनसे अंतिम संस्कार और श्राद्ध करने की उम्मीद क्या करनी।




सलमेपुर कोन स्थित वृद्धा आश्रम ● अमृत विचार

### ● बुजुर्गों का दर्द छलका, बोले- हमें अब किसी से कोई मोह नहीं

| | |
|---|---|
| वृद्धा आश्रम में पंजीकृत बुजुर्ग | 130 |
| महिलाएं | 68 |
| पुरुष | 62 |
| बुधवार को मौजूद बुजुर्ग | 95 |
| महिलाएं | 51 |
| पुरुष | 44 |

> वृद्धा आश्रम में 95 बुजुर्ग रह रहे हैं। मृत्यु होने पर घरवालों को सूचित कर दिया जाता है। यदि परिजन घर ले जाकर अंतिम संस्कार करने की इच्छा जताते हैं तो शव उन्हें दे दिया जाता है। अन्यथा की स्थित में हम लोग अंत्येष्टि आदि करते हैं। अब तक करीब 20-22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से आठ से 10 शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए ही उनके घरवाले लेकर गए हैं। **-पंकज कुमार सिंह, प्रबंधक वृद्धा आश्रम, सलेमपुर कोन**

### तर्पण व श्राद्ध करने से पूर्वजों को मिलती है मुक्ति



पितृपक्ष में पुरखों के लिए तर्पण, श्राद्ध व त्रिपिंडी श्राद्ध करने के साथ भवबंधन से मुक्ति के लिए गया करने का विधान है। इससे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। माता पिता की सेवा करने और मृत्य बाद उनका विधिवत अंतिम संस्कार करने वालों पर ईश्वर की कृपा बनी रहती है। जबकि तिरस्कार करने वालों से देवता तक अप्रसन्न रहते हैं। **- मंहत प्रमोद दीक्षित, स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ**

**एक नजर**

## तमंचा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एलआरपी पुलिस चौकी प्रभारी पशुपतिनाथ तिवारी ने शहर से सटे गांव छाउछ निवासी आदिल सिद्दीकी, सिंचाई विभाग कॉलोनी छाउछ निवासी अफजल और शहर से सटे गांव सलेमपुर निवासी तौफीक अली को राजापुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के पास से एक-एक तमंचा और कारतूस बरामद होने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान भेजा गया है।

## चार युवकों की जान बचाने वाली युवती को मिले सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथिक फिजिशियंस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री से यमुना में डूबे चार युवकों को बचाने वाली युवती को सम्मानित करने की मांग की है। मंगलवार को आगरा में यमुना नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान फिरोजाबाद निवासी चार युवकों का संतुलन बिगड़ने पर यमुना नदी में डूबने लगे थे। उनकी पुकार सुनकर घाट पर प्रसाद, फूलों की दुकान लगाने वाली 18 वर्षीय युवती मोहिनी ने नदी में छलांग लगाकर चारों युवकों को सकुशल बचा लिया था। श्रीवास्तव ने कहा है कि ऐसी युवती को राज्य सरकार और भारत सरकार को सम्मानित करना चाहिए।

# महेशपुर रेंज के जम्हौरा में बाघ ने गाय को बनाया निवाला

## वनकर्मी पड़ोस के गांवों में करते रहे कांबिंग, सिंगाही में बाघिन और शावक के पग चिन्ह मिलने से ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, रोशननगर/सिंगाही


**अमृत विचार:** महेशपुर रेंज के अंतर्गत आंवला बीट के गांवों में दो सप्ताह से आतंक का पर्याय बने बाघ को पकड़ने के लिए वनकर्मी दिन रात कांबिंग कर रहे हैं। बाघ ने जम्हौरा में चर रही गाय को निवाला बना लिया, जिससे बाघ की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं दूसरी ओर सिंगाही में बाघ के पगचिन्ह मिलने से ग्रामीणों में दहशत है।

महेशपुर रेंज के गांव इमलिया में अमरीश और मूड़ा अस्सी में जाकिर को निवाला बनाने वाला बाघ पड़ोस के गांवों के आसपास ही अपना ठिकाना बनाए हुए है। वन विभाग द्वारा लगाए गये 34 कैमरे, ड्रोन कैमरा, पिंजड़ा और दो मचान बनाने के बाद भी बाघ की सही लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। मंगलवार की रात जम्हौरा गांव के पश्चिम गन्ने के खेत में चर रही एक गाय को अपना निवाला बना लिया। सुबह ग्रामीण जब खेतों की ओर गये तो मेड़ के किनारे गाय का अधखाया शव देखकर दंग रह गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे महेशपुर रेंज के वनकर्मियों ने बाघ के हमले की पुष्टि कर ग्रामीणों को सतर्क किया है।

उधर, दुधवा नेशनल पार्क की रेंज बेलरायां की बीट नौरंगाबाद के मजरा फरदहिया में एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ देखी गई है। इनके पग चिन्ह भी मिले हैं, जिनको देखकर गांव वाले दहशत में हैं। बाघ के खौफ से ग्रामीण खेतों की ओर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंचे बथुआ बीट के फॉरेस्टर जगमोहन मिश्रा ने पग चिन्ह देखकर बाघिन और उसके शावकों के होने की पुष्टि की है। उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया है कि वह अकेले खेत पर न जाएं। यदि आवश्यक हो तो समूह में जाएं वह भी दिन में।



जम्हौरा में घटनास्थल देखते वनकर्मी और ग्रामीण। ● अमृत विचार



गांव फरदहिया में मिले बाघिन व शावक के पग चिन्ह।

### गो आश्रय स्थल में तेंदुए ने किया गाय का शिकार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** वन रेंज धौरहरा के गांव लौखनियां मजरा जटपुरवा की आस्थाई गो आश्रय स्थल में बुधवार की तड़के तेंदुआ पहुंच गया और हमला कर एक गाय को मार डाला। बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत का महौल है। इस घटना से करीब दो महीने पहले भी तेंदुए ने इसी गो आश्रय स्थल के दो गोवंशीय पशुओं को निवाला बना डाला था। करीब 20 दिन पहले जटपुरवा गांव में एक किसान के खूंटे पर बंधी बछिया को तेंदुआ खींच ले गया था। ग्रामीणों में तेंदुए का भय व्याप्त हो चुका है।

### किसानों का धरना, बाघ को शीघ्र पकड़े वन विभाग

- राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने महेशपुर रेंज कार्यालय पर धरना
- वन रेंज के अधिकारियों से वार्ता कर आश्वासन पर माने किसान

**बिलहरी/केशवापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने दक्षिण खीरी वनप्रभाग की मोहम्मदी वनरेंज कार्यालय के सामने धरना दिया। बाघ को शीघ्र पकड़वाने, बाघ के हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिलाने और शासकीय सहायता राशि शीघ्र दिलाने की मांग की। अधिकारियों के आश्वासन पर दोपहर बाद धरना स्थगित कर दिया गया। महेशपुर रेंज के अंतर्गत लगातार वन्यजीवों द्वारा किसानों, मजदूरों पर हमलों में कई किसान घायल हुए, अनेक असमायिक मौत का शिकार हुए। वन विभाग के अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बाद भी बाघ पकड़ा नहीं गया, जिससे गुस्साए किसानों ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में वनरेंज मोहम्मदी का घेराव करते हुए सत्याग्रह किया। वन विभाग के अधिकारियों में डीएफओ का प्रतिनिधित्व कर रहे वन क्षेत्राधिकारी गोला संजीव कुमार तिवारी, मोहम्मदी रेंजर नरेशपाल सिंह, दुधवा नेशनल पार्क के वन्यजीव चिकित्सक डॉ दयाशंकर और कानपुर चिड़ियाघर के चिकित्सक डॉ नितेश कुमार से चली लगभग डेढ़ घंटे की मैराथन बातचीत में एक सप्ताह में बाघ को पकड़ने के आश्वासन और आ रहे जंगली हाथियों को खदेड़ने, मृतक आश्रित परिवारों को शीघ्र सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। खेतों में किसानों को जंगली जानवरों द्वारा मारे जाने पर 25 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के सभी पुरुष सदस्यों को सरकारी नौकरी दी देने। जंगली जानवर द्वारा मारे गए किसानों को शहीद का दर्जा देने और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की मांग की। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगे नहीं मानी गई तो क्षेत्रीय किसानों के सामूहिक सहयोग से चार अक्टूबर से अनिश्चित कालीन किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा।



**गांवों के आसपास मंडरा रहा है पूरा बाघ परिवार**

ग्रामीण जो बात कह रहे हैं कहीं न कहीं सही साबित हो रही है। पग चिन्ह मिलने से यह निश्चित हो गया है कि अकेला बाघ नहीं बाघिन और शावक भी गांवों के आसपास मंडरा रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो बाघ की संख्या भी एक से ज्यादा हो सकती है। लेकिन वन विभाग अभी तक यह ही तय नहीं कर पा रहा है कि आखिर कितने बाघ आबादी के आसपास घूम रहे हैं।

## जेवर साफ करने के बहाने टप्पेबाजों ने उड़ाई सोने की चेन

**खमरिया, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में पुलिस की सुस्त कार्यशैली के चलते आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को अपाचे बाइक सवार दो युवक खमरिया कस्बे में पहुंचे और जेवर साफ करने के बहाने महिला की सोने की चेन लेकर भाग निकले। पीड़ित महिला के बेटे ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

कस्बा खमरिया निवासी राजेश कुमार शर्मा की मां बुधवार की शाम करीब चार बजे अपने घर के बाहर बैठी थीं। अचानक उनके पास अपाचे पर सवार होकर दो युवक पहुंचे और जेवर साफ कराने की बात कहने लगे। वह दोनों युवकों के झांसे में आ गईं और करीब एक तोला सोने की चेन साफ करने के लिए उन्हें दे दी। कुछ देर रुकने के बाद दोनों उचक्के बाइक समेत भाग निकले । पीड़ित महिला के पुत्र राजेश कुमार ने खमरिया पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। दूसरी घटना कस्बा खमरिया स्थित साप्ताहिक बाजार की है, जहां मंगलवार को चोर चार एंड्राइड मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से कस्बा वासी बेहद भयभीत हैं।

# नेपाली गैंडा को भाया लखीमपुर का रामलोक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** घाघरा नदी में बहकर आए नेपाली गैंडा को कोतवाली धौरहरा के रामलोक इलाका भा गया। वह आठ दिनों से गांव के आसपास गन्ने के खेतों में घूम रहा है। मंगलवार की शाम खेतों की तरफ गए किसानों ने जब गैंडे को देखा तो इसकी खबर वन विभाग के अफसरों को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गैंडा की निगरानी कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि धौरहरा वनरेंज क्षेत्र में आठ दिन पहले एक गैंडा घाघरा नदी में बहता हुआ दिखाई दिया था, जिसने रामलोक गांव के खेतों में डेरा लिया है। वह गन्ने के खेतों में ही घूम रहा है। मंगलवार को खेतों की तरफ गए लोगों की नजर जब गैंडे पर पड़ी तो वह सहम गए और खेतों की तरफ जाना बंद कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को हिदायत दी कि वह सतर्क रहें।

जहां भी गैंडा दिखाई दे। उसे कतई न छेड़ें और उससे दूर रहें। वन विभाग को भी सूचना दें। ग्रामीणों के मुताबिक गैंडा आठ दिनों से गन्ने के खेतों में छिपा बैठा है। सबसे पहले ग्रामीणों ने हरसिंहपुर गांव के खेतों में इसे देखा था। वन विभाग को सूचना दी थी। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया घाघरा नदी में आई बाढ़ में बहकर आया गैंडा नेपाल का है। हालांकि गैंडे ने किसी को अभी तक कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है। वन विभाग की टीम निगरानी कर रही है।



रामलोक के खेतों में गैंडे की निगरानी करती वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम कर रही निगरानी

## राज्य अध्यापक पुरस्कार को आवेदन 15 अक्टूबर तक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए शिक्षकों का चयन किया जाना है। इसके लिए 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। इसमें राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्त विहीन एवं संस्कृत बोर्ड के विद्यालय के शिक्षक school.upmsp.edu.in पर स्वतः आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद शिक्षकों को उसकी डाउनलोड कॉपी सभी संलग्नकों के साथ और उत्कृष्ट कार्य के विवरण सहित दो प्रतियों में कार्यालय पर जमा करनी होगी। शिक्षकों को बेहतर किए गए कार्य से संबंधित पांच मिनट का वीडियो बनाकर भी अपलोड करना होगा। पुरस्कार के लिए आफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन रोककर पांच घंटे तक हंगामा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- खीरी ब्रांच नहर में पानी न होने से नाराज थे गणेश उत्सव समिति के सदस्य
- विधायक के आश्वासन पर बांकेगंज की बड़ी नहर में किया प्रतिमाओं विसर्जन

**अमृत विचार:** खीरी ब्रांच नहर में पानी न होने से नाराज गणेश उत्सव समिति के लोगों ने विधायक और एसडीएम के समझाने पर साढ़े पांच घंटे बाद आंदोलन खत्म किया। इसके बाद बांकेगंज की बड़ी नहर में गणेश प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया। जिससे प्रशासन और नगर वासियों ने राहत की सांस ली है।

मंगलवार को गणेश उत्सव समिति के लोगों ने शोभायात्रा निकालकर अलीगंज रोड पर खीरी ब्रांच नहर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करना चाह रहे थे, पर नहर में पानी नहीं था। जिसके लिए कई दिन पूर्व अधिकारियों को पत्र भी दिया गया था। पानी न होने से भक्त भड़क गए। पहले दोपहर में अशोक चौराहा जाम कर दिया। एसडीएम के समझाने पर मान गए। जब शाम तक नहर में पानी नहीं आया तो भक्त फिर भड़क गए और मूर्तियों के साथ अशोक चौराहे पर बैठ गए। जिससे पूरे नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई, लोग परेशान हुए। अशोक चौराहा जाम की सूचना पर पहुंचे विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू और एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने काफी प्रयास के बाद भक्तों को समझा लिया। तब सभी रात 12.30 बजे बांकेगंज बड़ी नहर में मूर्तियों का विसर्जन करने को लिए राजी हो गए। तब तक बांकेगंज में पानी आ चुका था। रात 12.30 बजे सभी भक्त बांकेगंज के लिए रवाना हुए। आंदोलन स्थल से विधायक अमन गिरि ने खुद ट्रैक्टर चलाया। भक्तों ने प्रशासन की मौजूदगी में बांकेगंज पहुंच अल सुबह लगभग तीन बजे बांकेगंज की नहर में विधि विधान से चार मूर्तियों का विसर्जन कर दिया। अन्य तमाम गणेश प्रतिमाओं को अलीगंज रोड पर ही नहर में विसर्जित किया गया था।

**जाम से निकालीं गईं छह एम्बुलेंस**

अशोक चौराहे पर गणेश भक्तों द्वारा जाम लगाए जाने के दौरान किसी को निकलने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन एम्बुलेंस देखते ही भक्तों ने मानवता का परिचय दिया और रास्ता देकर एंबुलेंस को निकाला गया। कोई एक भी एंबुलेंस इस बीच नहीं फंसी। आंदोलन के दौरान छह एम्बुलेंस अशोक चौराहे से होकर निकलीं।



गोला में चौराहा जाम किए खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**सार-संक्षेप**

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कराने की मांग



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नई क्रांति पार्टी ने गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने समेत अपनी कई मांगों को लेकर सर्वाच्च न्यायालय को संबोधित पत्र तहसीलदार को सौंपा है। पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को तहसील पहुंच पत्र तहसीलदार सुखबीर सिंह को सौंपा। कहा है कि हिंदू धर्म में गाय धर्म आस्था की रीढ़ है, जिसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। कामाख्या देवी मंदिर में नग्न अवस्था में प्रतिमा अव्यवहारिक है। जिसे हटाकर किसी पूर्ण वस्त्र धारण किए हुए भद्र देवी की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। बंगाल में नारी उत्पीड़न रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कृषि भूमि को एक मानक रेखा में लाया जाए, भूमिहीनों को पट्टे दिए जाएं, निजी शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य सेवाओं पर अंकुश लगाया जाए और सरकारी स्कूल और अस्पतालों को पुनर्जीवित किया जाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कुलविंदर सिंह, गौरव तिवारी, अमित अवस्थी, सिद्धांत, अनिल राठौर, सोबरन लाल राठौर, शसबिंद मिश्रा, पप्पू पांडे, अवनीश राठौर, रामू आदि मौजूद रहे।

## अपना दल एस ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अपना दल एस कार्यालय पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अपना दल एस जिला अध्यक्ष राजीव पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा कर कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, उन्होंने हर वर्ग के उत्थान के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई है, जिससे अंतिम पाएदान पर खड़े व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पदाधिकारियों ने केक काटकर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिला महासचिव पटेल कपिल वर्मा, जिला सचिव शिवम पटेल, सैयद अंसारी, जावेद अंसारी, कलीम कुरैशी, जहीरुल हसन, मुकेश वर्मा, निर्दोष पटेल, अनूप वर्मा, इस्लाम अंसारी, डॉ कमलेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में चलाया सफाई अभियान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावित गांवों में संक्रामक बीमारियां पांव पसार रही हैं। इनकी रोकथाम के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर डीपीआरओ ने गांवों में सफाई अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। डीपीआरओ ने मातहतों की निगरानी में ब्लॉक निघासन की बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत खैरीगढ़, बौधियाकंला, हरदी और ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत हरदी, सरगड़ा, सरसवा सहित जिले के अन्य गांवो में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई और कूडे का निस्तारण कराकर एंटीलार्वा का छिड़काव, फागिंग कराई। इसकी निगरानी के लिए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं खंड विकास अधिकारी को लगाया गया है।

## कमीशनखोरी मामले की जांच करने पहुंचे डीपीआरओ

**सिंगाही, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय में ग्राम निधि से एक गेट लगवार तीन का भुगतान करने और गेट बनाने वाले से कमीशन के 60 हजार रुपये लेने के मामले की जांच करने के लिए बुधवार को डीपीआरओ विद्यालय पहुंचे। डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि ग्राम सभा निबौरिया में स्कूल गेट में की गई हेरा फेरी की शिकायत मिली थी। प्रथम दृष्टया शिकायत शपथ पत्र पर होनी चाहिए थी। हालांकि मामले की जांच की जा रही है। दोषी मिलने पर कार्रवाई होगी।

# श्री गुरुतेग बहादुर स्कूल की टीम बनी स्टेट विजेता

संवाददाता महंगापुर

**अमृत विचार:** श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल की टीम ने प्रदेश स्तरीय सीबीएसई कलस्टर की वॉलीबाल टूर्नामेंट में चैंपियन बनकर जिले का नाम रोशन किया है। विजेता टीम एवं कोच को बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा।

कानपुर के कल्याणपुर स्थित गौरव मेमोरियल स्कूल के स्टेडियम में तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर स्टेट वॉलीबाल टूर्नामेंट हुआ। इसमें प्रदेश की 38 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कस्बे के श्रीगुरुतेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने छह टीमों को हराकर क्वार्टर फाइनल में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर और फाइनल में फाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल कानपुर को हराकर ट्राफी अपने नाम की। फाइनल की विजेता बनी श्री गुरुतेग बहादुर स्कूल की टीम का चयन हिमाचल प्रदेश में होने वाले नेशनल वॉलीबाल टूर्नामेंट में चयन हो गया है। विजेता टीम व कोच सुनील कुमार को मुख्य अतिथि ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स अरविंद त्रिवेदी ने ट्रॉफी का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नेशनल टीम में चयन होने पर टीम व कोच को स्कूल चेयरमैन संत बाबा गुरनाम सिंह एवं प्रबंधक तीर्थ सिंह ने बृहस्पतिवार को सम्मानित करने का ऐलान किया है।





कानपुर में विजेता टीम को सम्मानित करते इनकम टैक्स के ज्वाइंट कमिश्नर।

## प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में भवनों का निर्माण कार्य देखा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** राज्यमंत्री आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों को देखा। वह पुलिस लाइन में स्थित अमृत सरोवर भी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नाग पाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा भी मौजूद रहे। एसपी ने राज्यमंत्री को बताया कि पुलिस लाइन में 150 पुलिस कर्मियों के लिए 09 मंजिला हॉस्टल/बैरक का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके अलावा 96 पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। राज्यमंत्री ने कहा कि आवासों के निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए। मानक का पूरा ध्यान रखा जाए।

## अजय राजभर बने मंत्री प्रतिनिधि

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का मंत्री प्रतिनिधि प्रदेश सचिव अजय राजभर को बनाया है। कार्यकर्ताओं ने अजय राजभर को माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान सरदार परमिंदर सिंह लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष, अनीश अंसारी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, शशांक तिवारी जिला कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।

# एसएसबी की अधिकारी को आई फेक कॉल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर कॉलर कर रहा था परेशान

**अमृत विचार:** महेवागंज स्थित एसएसबी की 70 वीं बटालियन की द्वितीय कमान अधिकारी को अंजान नंबरों से कॉल करके परेशान करने वाले पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कॉलर अधिकारी उन पर मोबाइल चोरी का होने का आरोप लगा रहा था।

सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि नीलम कुमारी महेवागंज स्थित एसएसबी की 70 वीं बटालियन की द्वितीय कमान अधिकारी हैं और एसएसबी परिसर में अपने परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनके मोबाइल पर कई दिनों से अलग-अलग नंबरों से कॉल आ रही हैं। कॉलर आरोप लगा रहा है कि उसका मोबाइल चोरी हुआ है, जो उसके (द्वितीय कमान अधिकारी) के पास है।

आ रही कॉलों से वह काफी परेशान हो गई हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि द्वितीय कमान अधिकारी नीलम कुमारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नंबर ट्रेस करके आरोपी को पकड़ कर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मैलानी में व्यापार मंडल का चुनाव 28 को



**मैलानी, अमृत विचार :** नगर उद्योग व्यापार मंडल के 28 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए अब तक अध्यक्ष पद के तीन, महामंत्री पद के लिए चार लोगों ने नामांकन कराया है। व्यापार मंडल के 28 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए तीन एवं महामंत्री पद के लिए चार लोगों ने नामांकन कराया। प्रत्याशी जोरशोर से मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। बुधवार शाम तक व्यापार मंडल चुनाव के अध्यक्ष पद के लिए पंडित राजेश शर्मा, सोमदत्त प्रजापति, फहीम अहमद ने नामांकन पत्र, महामंत्री पद के लिए राजू खान, राकेश अरोड़ा, प्रदीप शर्मा, सलीम खान ने नामांकन पत्र खरीदें। चुनाव संपन्न कराने के लिए जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी ने समिति का गठन किया है, जिसमें जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला मीडिया प्रभारी गोपाल सिंघल चुनाव प्रभारी, पटेल अशोक कनौजिया मुख्य चुनाव अधिकारी, सतीश वर्मा, उपनेश साहनी, अंकित गोयल, यूसुफ अंसारी, मनीष मित्तल सह चुनाव अधिकारी हैं। चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल ने बताया कि चुनाव में 687 व्यापारी मतदान कर अध्यक्ष एवं महामंत्री चुनेंगे।

## 22 को होगा पुस्तक विमोचन कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले के युवा साहित्यकार सुरेश सौरभ की पुस्तक घरों को ढोते लोग का विमोचन 22 सितंबर को नसीरुद्दीन मौजी मैदान के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में होगा। इस दौरान एक काव्य गोष्ठी होगी। इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गीता शुक्ला सहित जोगिंदर सिंह चावला एवं पूर्व एमएलसी शशांक यादव, कवि नंदीलाल मौजूद रहेंगे।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर 15346638W NK रंजीत सिंह, यूनिट 424 (1) ENGR SQN c/o 56 APO हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे माता का नाम SHAKUNTALA DEVI व जन्मतिथि 08.07.1960 दर्ज है जो गलत है जबकि उनका वास्तवित नाम SHAKUNTLA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1958 है जो कि आधार कार्ड नं. 657306239995 और शपथ पत्र नं. 44AA200066 में है, इसको ही सही माना व जाना जाए। **रंजीत सिंह पुत्र राम सिंह।**

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर 15346638W NK रंजीत सिंह, यूनिट 424 (1) ENGR SQN c/o 56 APO हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम RAM SINGH व जन्मतिथि 07.08.1958 दर्ज जो गलत है जबकि उनकी वास्तवित जन्मतिथि 01.01.1960 है जो कि आधार कार्ड नं. 204136219352 और शपथ पत्र नं. 44AA200065 में है, इसको ही सही माना व जाना जाए। **रंजीत सिंह पुत्र राम सिंह।**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र सरनाम एवं पौत्र संजीत सिंह को उनके दुर्व्यवहार के कारण मैं उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **समेर पुत्र लुकई निवासी ग्राम व पो. सहिजना थाना उचौलिया बंजला लखीमपुर-खीरी**

**सूचना**

मेरे दो पुत्र जिनके नाम क्रमशः वीरेन्द्र कुमार व आत्मा राम उर्फ सुशील है। मेरे छोटे पुत्र आत्मा राम एवं उसकी पत्नी अनीता को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **रामप्रताप पुत्र तिलक राम नि. बेहड़ा पो. सरोनियां थाना उचौलिया जिला खीरी**

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री पारस रस्तोगी पत्नी वीरेंद्र रस्तोगी निवासी गढ़ैया के दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी, मेरा वास्ता न होगा। **नीलम रस्तोगी पत्नी स्व. सुशील रस्तोगी निवासी-412, पंजाबपुरा निकट सरदार जी की चक्की, थाना किला, तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2023 जिसका अनुक्रमांक 123911465 है जो कि वास्तव में कहीं खो गयी है। जिसे काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। जिसकी सूचना थाने में करा दी गयी है। **गज़नबी पुत्र श्री वाकिर निवासी ग्राम बरकलीगंज, हर्रायपुर पो. खुटार, तहसील पुवायां**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी विवाहित पुत्रियों वीरेन्द्र कौर, मोहनजीत कौर, रंजीत कौर को उनके चाल चलन एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **ज्ञान सिंह पुत्र करम सिंह मोहल्ला मेवात मीरगंज, बरेली।**

**Wanted**
**Experienced Accountant (Tally), Software Developer,**
**Salary Negotiable**
**St.Xavier School**
Akansha Enclave Near Munshi Nagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मंत्री के निर्देश पर जालसाजी मामले में जांच के आदेश

**कुकरा, अमृत विचारः** कोतवाली भीरा के गांव रमपुरवा मजरा दरियाबाद की साबरून ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से भेंट कर अपनी व्यथा बताई। कैबिनेट मंत्री ने एसपी को न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया है। मामले की जांच सीओ मोहम्मदी को सौंपी है। पीड़िता साबरून ने एसपी को दिए पत्र में कहा है कि वह अशिक्षित महिला है। ससुराल में जालसाजों ने धोखाधड़ी कर पति मुस्तफा की जायदाद से बतौर वारिस के हक से महरूम करने को दस्तावेज बदल दिए। धोखाधड़ी में जालसाजों ने भतीजे को मुस्तफा का पुत्र बनाकर जमीन का बैनामा कर दिया। परिवार रजिस्टर, वोटर आईडी, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि दस्तावेजों में जाहिद अली के पुत्र तौकीर अली को मुस्तफा की बल्दियत दर्शाते हुए तौकीर अली पुत्र मुस्तफा दर्ज करा दिया। जबकि मुस्तफा, साबरून दोनों ही निःसंतान हैं। साबरून की दास्तां सुनकर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने एसपी खीरी को जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


एसपी को प्रार्थनापत्र देने जाती साबरून।

# निघासन के 50 गांवों में भरा पानी, ग्रंट-12 में कटान तेज

## बाढ़ पीड़ितों की सड़क किनारे कट रही हैं रातें, दिन में सता रही भूख, नानकनगर में सड़क किनारे गुजारा कर रहे ग्रामीण

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** दिन तो जैसे तैसे कट जाता है, लेकिन रात के अंधेरे में पानी के हिलोरें बहुत डराती हैं। ऐसी स्थिति में जूझ रहे ग्रंट 12 के ग्रामीणों का दर्द सुनने कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा है। कटान की मार झेल रहे ग्रामीणों की दोबारा बाढ़ आने से उनकी मुसीबतें और बढ़ गई हैं। जलस्तर घटने से जहां पलिया हाईवे से सटे तराई के दर्जनों गांवों में भरा पानी कम हुआ है, लेकिन निघासन के कई गांव बाढ़ का दंश झेल रहे हैं। नानक नगर के ग्रामीण खुले आसमान के नीचे तंबू डालकर जीवन गुजार रहे हैं। वहीं छेदूई पतिया के मजरा मुन्ना पुरवा, गदियाना, भदुरैहिया आदि गांवों में जल स्तर घटने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। इधर लुधौरी पंचायत पुरैना गांव में नाव से आवागमन हो रहा है। दोबारा आई बाढ़ से तहसील क्षेत्र के तकरीबन 50 गांव जलमग्न है। प्रशासन का दावा है कि रोजाना पीड़ितों को लंच पैकेट वितरण किया जा रहा है, जबकि निघासन नगर पंचायत के ही नानक नगर के ध्रुव कुमार, संतोष कुमार ने बताया कि जब भूख मिट जाती है तो दिन में एक बार किसी न किसी के माध्यम से लंच पैकेट मिल जाते हैं। बच्चे सुबह और शाम खाने की जिद करते हैं तो उन्हें भूखे पेट ही सुलाना पड़ता है।


पुरैना गांव में नाव से चल रहा आवागमन • अमृत विचार


भीरा मार्ग पर शारदा पुल के निकट सड़क पर रह रहे बाढ़ पीड़ित। • अमृत विचार


गांव ग्रंट 12 में कटान की जद में आया मकान। • अमृत विचार


चारपाई पर बैठे बाढ़ से बेघर हुए बुजुर्ग दंपती। • अमृत विचार


झंडी निघासन मार्ग पर बाढ़ के पानी की धार में निकल रहे लोग। • अमृत विचार

## बाढ़ से प्रभावित किसानों तक पहुंचेगा मुआवजा

एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि इस बार आई बाढ़ से जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई है। उनकी सार्वजनिक स्थान पर बैठक कराई जाएगी। जिम्मेदार अधिकारी के समक्ष पिछली बाढ़ से मिल रही शिकायतों को दूर किया जाएगा। जिन लेखपालों की शिकायतें मिल चुकी है। उनकी जांच के बाद कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ पीड़ितों के साथ संवेदनाएं है। बाढ़ से बर्बाद किसानों को भी उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

## ऑपरेशन करा घर लौट रहे दंपती को नाव से गहरे पानी में उतारा

**निघासन, अमृत विचार :** गांव जीतपुरवा निवासी रामप्रताप ने बताया कि वह पत्नी का ऑपरेशन कराकर मंगलवार को गांव लौट रहा था। तभी गांव पहुंचने के लिए उसने प्रशासन ने ग्रामीणों की सहूलियत के लिए चलने वाली नाव का इंतजार करने लगा। थोड़ी देर बाद नाव मिली तो उसमें पहले से ही क्षेत्रीय लेखपाल व उसका मुंशी बैठा था। ऑपरेशन से पीड़ित पत्नी के लिए लेखपाल से घर की दहलीज पर छोड़ने को कहा तो वह अपशब्द बोलने लगे। कहा की नाव तुम्हारे घर तक नहीं जाएगी। काफी प्रयास के बाद बैठा तो लिया, लेकिन उसके बाद जबरन नाव से गहरे पानी में उतार दिया। जिससे पत्नी के पेट में दोबारा से दर्द होने लगा। तहसीलदार भीमचंद ने बताया कि ऐसा हो नहीं सकता है। कल प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में लेखपाल मौजूद था।

## सड़क किनारे पड़े बाढ़ पीड़ितों को खाना भी नसीब नहीं

**पलियाकलां, अमृत विचार :** क्षेत्र में तबाही बनी बाढ़ ने दर्जनों गांवों के लोगों का बिल्कुल तोड़ कर रख दिया है। उनके खेतों में खड़ी फसलें तो बर्बाद हुई ही हैं। साथ ही उनके घर और गृहस्थी का सामान भी बर्बाद हो गया। तमाम समस्याओं के बीच सड़क किनारे ऊंचे स्थानों पर पन्नी आदि डालकर छोटे-छोटे बच्चां के साथ बाढ़ पीड़ित किसी तरह से गुजर बसर कर रहे हैं। अधिकतर लोगों का दिन तो किसी तरह कट जाता है, पर उन्हें रात काटना काफी भारी पड़ रहा है। इनमें वे लोग अधिक परेशान हैं, जिनके घरों में पानी भर जाने के बाद वे सपरिवार सड़कों पर खुले आसमान के नीचे किसी तरह अपना गुजर -बसर कर रहे हैं। इन दिनों आप किसी भी सड़क पर निकल जाएं, तो आपको अनेक बाढ़ पीड़ित सड़कों पर पन्नी ताने घर-गृहस्थी का सामान बचाते परिवारों सहित मिल जाएंगे। पड़ोस में उनके घर का भीगा सामान सूखता मिलेगा। वहीं पालतू पशु भी बंधे होंगे। उन्हें देखकर सड़क पर गुजरती बेबस जिंदगी की कहानी की याद ताजा हो जाती है। पलिया से भीरा जाने वाले मार्ग पर शारदा पुल के निकट रोड किनारे इन बाढ़ पीड़ितों की एक बस्ती ही बस गई है। जिनकी रातें अंधेरे में हिंसक वन्य जीवों की आवाजों के बीच कटती हैं। दुधवा रोड, संपूर्णानगर रोड तथा निघासन रोड का है। जहां सड़कों पर घर के सामान सहित डेरा जमाए बाढ़ पीड़ित खाना बनाते अभी भी दिख जाते हैं।

## सार-संक्षेप

### छात्र अभय कश्यप को मिला प्रान कार्ड



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना शुरू की है। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बच्चों, उनके अभिभावक और शिक्षकों दिखाई गई। इंडियन बैंक के कमलेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य की शुरुआत भारत सरकार की सभी के लिए दीर्घकालिक वित्तीय योजना और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए है। यह भावी पीढ़ियों को अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस दौरान अभय कश्यप को प्रान कार्ड दिया गया। कार्यक्रम में जादूगर सलमान ने एनपीएस वात्सल्य की जानकारी मनोरंजन और जादू के माध्यम से दी। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित रंजन, नाबार्ड के डीडीएम प्रसून, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक विकास झा, प्रबंधक कृष्ण कांत रहे।

### वन विभाग ने ग्रामीणों संग पौधे रोप हरियाली का दिया संदेश



**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** वन रेंज संपूर्णानगर के वनकर्मियों ने रेंज निकट बसी ग्रामसभा रानीनगर में पौधरोपण किया। रेंजर अनिल कुमार ने सहायक वनकर्मियों के साथ शाम को गांव पहुंचे। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन परिसर में ग्रामीणों की मौजूदगी में पौधरोपण किया। इसके अलावा पंचायत भवन परिसर, स्वास्थ्य सामुदायिक उपकेन्द्र परिसर, दो आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसरों, सड़कों, चौराहों, खाली स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। डिप्टी रेंजर अनिल व प्रधानपति रामदुलारे यादव ने मौजूद ग्रामीणों को पौधारोपण का महत्व बताया। ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने की अपील की।

# महिला से लूटा गया कुंडल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- चोरी का लैपटॉप व 1700 रुपये की नगदी भी मिली
- आरोपी पर जानलेवा हमला चोरी, लूट के आठ मामले दर्ज

**अमृत विचारः** शहर में देवकली रोड पर महिला से लूटा गया कुंडल बरामद कर पुलिस ने एक लुटेरे का गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ एक लैपटॉप, एक जोड़ा पायल और 1700 रुपये की नगदी बरामद होने का पुलिस न दावा किया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।


लूट का आरोपी।

बता दें कि शहर के मोहल्ला गांधी नगर देवकली रोड निवासी मंजू अवस्थी नौ सितंबर की सुबह टहलने जा रही थीं। इसी बीच बाइक सवार दो लुटेरों ने उनका सोने का कुंडल लूट लिया और भाजपा कार्यालय की तरफ भाग निकले थे। सदर कोतवाली पुलिस ने महिला के पुत्र विमलेश अवस्थी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे। फुटेज के आधार पर पहचान होने के बाद पुलिस ने मोहल्ला रामेश्वर पुरम निवासी दीपक को रपटा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक कुंडल बरामद हुआ है। इसके अलावा पुलिस ने चोरी का एक लैपटॉप, एक जोड़ी पायल और 1700 रुपये नगद बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक सदर ने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ जानलेवा हमला, चोरी, लूट आदि के सदर कोतवाली में आठ मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान भेजा है। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही घटना में प्रयुक्त की गई बाइक भी बरामद कर ली जाएगी

# सुरक्षित प्रसव कराएंगे कुशल जन्म सहायक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- महिला अस्पताल में चल रही प्रशिक्षण कार्यशाला
- एएनएम व स्टाफ नर्स को दी जा रही ट्रेनिंग

**अमृत विचारः** जिले की एएनएम और स्टाफ नर्स को सुरक्षित प्रसव कराने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रसव प्वाइंट पर गर्भवतियों का सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा बच्चा की डिलीवरी के समय होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। बुधवार को महिला अस्पताल में 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सीएमओ ने शुभारंभ किया।

जिला मातृ एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शदाता लल्ला सिंह ने बताया कि 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में 12 एएनएम व स्टाफ नर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे पहले करीब 200 स्टाफ नर्स एवं एएनएम को कुशल जन्म सहायक का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे चरण में 50 से अधिक एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित करना है। इसका उद्देश्य जिले के गांवों में स्थित 242 प्रसव केंद्र पर गर्भवतियों को सुरक्षित प्रसव कराना है। लल्ला सिंह ने बताया कि एनएम व स्टाफ नर्सों को आवासीय प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने बताया कि दूर दराज के गांवों में रहने वाली गर्भवतियों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यशाला में महिला अस्पताल की वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुषमा सिंह, जिला वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. रवि प्रकाश गुप्ता, जिला विशेष कम्युनिटी हेल्थ आयुष्मान पांडेय आदि मौजूद रहे।


प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते सीएमओ व सीएमएस। • अमृत विचार

# आंगनबाड़ी केंद्र पर हुई अभिभावकों के साथ बैठक

**मोहम्मदी, अमृत विचारः** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र सल्लिया में पीटीएम बैठक हुई। इसमें जिला समन्वयक बृजेन्द्र अग्निहोत्री मौजूद रहे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरला देवी, रामवती और कामायनी देवी ने अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक ने कहा गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण के लिए संतुलित आहार का मिलना बेहद आवश्यक है। इससे महिला और उसके गर्भस्थ शिशु कुपोषण की गिरफ्त में नहीं आ पाते। उन्होंने कहा कि घर के लोगों को गर्भवती की सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए और स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच करानी चाहिए।

## सर्व मानव सेवा समिति ने की बाघों को पकड़वाने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सर्व मानव सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने जंगल से निकलकर खेतों में काम कर रहे किसानों, श्रमिकों को निवाला बनाने वाले बाघों को पकड़वाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने वन विभाग और शासन को भेजे पत्रों में कहा है कि बाघ आबादी क्षेत्र में घुसकर आतंक मचा रहे हैं, कई इंसान बाघ हमलो में अपनी जाने भी गवां चुके हैं, वही छुट्टा पशु भी किसानों के खून पसीने से तैयार की गई फसलों को रौंदते आ रहे हैं।

# हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में आराध्या व आकांक्षा प्रथम

**बरवर, अमृत विचारः** चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में हिंदी सप्ताह के अवसर पर हिंदी सुलेख प्रतियोगिता कक्षा प्रथम से पंचम व कक्षा छह से आठ तक व कक्षा नौ से 12 तीन वर्गों में संपन्न हुई। पहले वर्ग में पहला स्थान आराध्या कुशवाहा, दूसरा स्थान आलोक प्रताप सिंह और तीसरा स्थान प्रिया देवी ने पाया। दूसरे वर्ग में आकांक्षा पटेल, संध्या देवी व सत्यव्रत कुमार क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। तीसरे वर्ग में मुस्कान कटियार ने पहला, अंजली वर्मा ने दूसरा और अदिति देवी तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।


सुलेख प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के साथ प्रधानाचार्य मनोज वर्मा • अमृत विचार


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा

पत्रांक :- एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5362-63/2024-25 दिनांक :- 17.09.2024

**संसोधित विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक- के0जी0बी0वी0/3715/2022-23 दिनांक 25.08.2022 तथा पत्रांक- के0जी0बी0पी0/11308/2022-23 दिनांक 14.02.2023, शासनादेश संख्या- 2805/68-5-2023-5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 01.02.2023, शासनादेश संख्या- 68-5099/37/2023-5 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 20.04.2023 तथा राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, लखनऊ के पत्रांक- के0जी0बी0वी0/1121/2023-24 दिनांक 25.04.2023 एवं शासनादेश संख्या- 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 11.012.2020 के अनुक्रम में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन दिनांक 14.09.2024 के अनुपालन में क्रमशः कार्यालय पत्र संख्या एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 /स्टाफ चयन/5251-52/2024-25 दिनांक 14.09.2024 तथा एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5253-54/2024-25 दिनांक 14.09.2024 जनपद इटावा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र एवं ताखा, इटावा में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने की इच्छुक अर्ह महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 03.10.2024 सांय 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आंमत्रित किए जाते हैं। इसी क्रम विज्ञप्ति में प्रदर्शित सारणी में विद्यालयवार पदों का विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यता | मानदेय | रिक्त पदों की संख्या | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा | हिन्दी, संस्कृत | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/- | 01 | 01 | - | - | - | 01 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा | गणित | (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/- | 01 | 01 | - | - | - | 01 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 नगर क्षेत्र इटावा। | अंग्रेजी | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/- | 01 | - | - | - | 01 | 01 |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा। | स्काउट गाइड एवं | शारीरिक शिक्षा- बी0पी0एड0, सी0पी0एड0, एवं डी0पी0एड0 आदि की उपाधि | 10780/- | 01 | - | - | - | 01 | 01 |
| 5 | चपरासी के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा। | कक्षा - 8 उत्तीर्ण | | 6325/- | 01 | - | 01 | - | - | 01 |
| 6 | सहायक रसोइया के0जी0बी0वी0 नगर क्षेत्र इटावा। | कक्षा - 8 उत्तीर्ण | | 5693/- | 01 | - | 01 | - | - | 01 |

अर्हता एवं शर्त :- http://etawah.nic.in/ पर देखी जा सकती हैं। साथ ही पूर्व कार्यालय पत्र संख्या एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5251-52/2024-25 दिनांक 14.09.2024 तथा एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 स्टाफ चयन / 5253-54/ 2024-25 दिनांक 14.09.2024 के अनुसार नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

(विकास सक्सेना)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा, इटावा

(डा0 राजेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
इटावा

कार्यालय सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

"अल्पकालीन नीलामी सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के कार्यक्षेत्र में आने वाली नहरों में कुदान/नहर बन्दी के समय मछली पकड़ने की नीलामी, जिसकी अवधि दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 30.06.2025 तक होगी, दिनांक 24.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे निरीक्षण भवन बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत में सार्वजनिक रूप से की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वो निश्चित समय व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | नीलामी का विवरण | कार्यस्थल का नाम | अग्रिम धरोहर हेतु F.D.R.की राशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के कार्यक्षेत्र में आने वाली नहरों में कुदान/नहर बन्दी के समय मछली पकड़ने की नीलामी | 1. हरदोई शाखा नहर के किमी0 2.500 से 37.000 तक। 2. सबसीडियरी हरदोई शाखा नहर के किमी0 3.500 से 21.600 (टेल) तक। | रू0 1,00,000.00 | 24.09.2024 प्रातः 11.00 बजे |

नोटः–
1. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होते ही तुरन्त एकमुश्त नकद जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
2. वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड–19) का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। अतः नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता मास्क लगाकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रह सकेगा।
3. नीलामी से सम्बन्धित अन्य शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

UP-219595 दिनांक 17.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# घोटाला करने वाले अफसरों के नाम पर मंथन जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम खोलने में जुटे रहे अफसर

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए पीलीभीत में हुए घोटाले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम खोलने के लिए, बुधवार को मंडलीय कमेटी में मंथन किया लेकिन सभी नामों के बारे में जानकारियां जुटाई नहीं जा सकी हैं। अब तक अधिकारी उलझन में हैं, जबकि नाम की सूची तैयार होते ही शासन को भेजी जाएगी।

पीलीभीत में सदर तहसील और अमरिया में भूमि अधिग्रहण में 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा गया है। कमिश्नर की ओर से अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय टीम ने 10 दिन में जांच कर घोटाला का राजफाश किया। इसमें 19 बाहरी लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने अधिकारियों की साठगांठ से गड़बड़ी की।

मंडलीय कमेटी ने विभागों की संलिप्तता तो उजागर कर दी है, लेकिन अभी तक इसका पता नहीं चल सका है कि घोटाले में किस विभाग का कौन अधिकारी-कर्मचारी शामिल है। अधिकारियों के नाम खोलने के लिए कमेटी प्रयास में लगी हुई है। इसके लिए विभागों को पत्र भेजकर अधिग्रहण के दौरान प्रक्रिया में शामिल रहने वाले लोगों के नाम मांगे हैं, मगर अभी तक नाम नहीं मिल पाए हैं। इसमें कई तरह की समस्याएं आ रहीं हैं। किस-किस समय पर कौन-कौन अधिकारी तैनात था, अधिग्रहण में कौन-कौन शामिल रहा है, यह जानकारी अफसरों को जुटानी है। वहीं शासन से नाम मांगे जा रहे हैं। बुधवार को भी अधिकारी इसी काम में लगे रहे। एक अधिकारी के अनुसार कुछ अधिकारी-कर्मचारी के नाम के बारे में पता चला है, लेकिन सभी की जानकारी नहीं मिल सकी है। पूरे नाम सामने आने के बाद ही शासन को भेजे जाएंगे।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी:** सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर में पिछले दिनों संपन्न हुए संकुल स्तरीय विज्ञान एवं प्रांत स्तरीय गणित मेला सहित संस्कृति महोत्सव और 14 सितंबर को शिशु सुलेख प्रतियोगिता के विजेताओं को बुधवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मुनेंद्र दत्त शुक्ल ने बताया विज्ञान मेला में 10 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें से आठ प्रथम और दो द्वितीय रहे। प्रांतीय वैदिक गणित मेला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में 10 छात्र छात्राएं और दो शिक्षकों ने हिस्सा लिया था। इनमें से नौ छात्र छात्राएं प्रथम और एक तृतीय स्थान पर रहा। जबकि पखवारा में शिक्षक प्रथम विजेता रहे। उन्होंने बताया 14 सितंबर को आयोजित हिंदी दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से पंचम तक पांच छात्र प्रथम, छह द्वितीय और पांच तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को रवि भूषण साहनी ने सम्मानित कर निरंतर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर हर परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने पर शुभकामनाएं दीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही, जिला शाहजहांपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानीपुर वि.खं. निगोही शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा से निम्नलिखित कार्यों का निर्माण कराया जाता है। जिस हेतु वांछित सामग्री को आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित कार्यों के सम्मुख अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 20.09.2024 को अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे सम्बन्धित फर्म के प्रोपराइटर / प्रतिनिधियों को उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| 01. | ग्राम भवानीपुर में गौशाला का निर्माण। | (सरिया MS BAR), ईट खडंजा व अन्य सामान |

श्रीमती अन्जू देवी मौर्य
ग्राम प्रधान

श्री श्रवण कुमार शर्मा
सचिव

## जाफरी का दाहिना हाथ विजय शर्मा भी गिरफ्तार

**बरेली,अमृत विचार :** डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर चार सौ छात्रों से करीब 3.69 करोड़ की ठगी करने वाले खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी का दाहिना हाथ और मास्टरमाइंड बताए जा रहे 25 हजार के इनामी विजय शर्मा को एसआईटी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने से पहले की गई लंबी पूछताछ में उसने कई राज खोले। बताया, डी फार्मा के छात्रों को दी गईं फर्जी डिग्री और मार्कशीट उसने अपनी निगरानी में खुसरो अस्पताल में तैयार कराई थीं। खुसरो कॉलेज में चार सौ छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री देने का मामला कुछ दिन पहले तब तूल पकड़ा था जब कुछ छात्रों ने लाइसेंस और नौकरी के लिए आवेदन किया। सत्यापन में डिग्री फर्जी निकली तो छात्रों की ओर से थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से इस प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था जिसने पिछले सप्ताह जाफरी और उसके बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ठगी के इस खेल में जाफरी का दाहिना हाथ बताया जा रहा विजय शर्मा फरार हो गया था जिस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को एसआईटी ने विजय शर्मा को भी झुमका तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

## स्वस्थ जान है तो फिर जहान है : डॉ. केशव

**बरेली,अमृत विचार :** इंसान के लिए शिक्षा का जितना महत्व है, उतना ही खेल भी जरूरी है, अगर स्वस्थ जान है तो फिर जहान है। ये बातें बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने बुधवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव आक्रेडिया में कहीं। शाम 5 बजे कॉलेज स्थित झंडा मैदान में उत्सव शुरू हुआ। मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह और वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। साथ ही आपसी समन्वय की भावना का भी विकास होता है। इसलिए हर माह कॉलेज में खेल प्रतियोगिताएं आरंभ होती रहनी चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ शालिनी चंद्रा, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. मदन मोहन नागर, डॉ. कर्नल सिद्धार्थ दीक्षित, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत वालीपुर अहमदपुर वि.ख. बिथरी चैनपुर, बरेली

पंत्राक :/निविदा/2024–25 19 सितम्बर, 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वालीपुर अहमदपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एस.बी.एम./15वां वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है, गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 25.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.09.2024 को प्रात 11:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस मे सांय काल 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1. एकीकृत ठोस प्रबन्धन केन्द्र 2. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 3. कचरा वाहन ई. रिक्शा 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहे के पाइप, एंगिल, जाली, पी.वी.सी. पाइप, लोहे की चादर, ई. रिक्शा आदि |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबंधन | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय हेतु) | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, सरिया, पी.वी. सी. पाइप आदि |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबंधन | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पी.वी.सी. पाइप आदि |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा ।

श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह
ग्राम प्रधान

विपिन कुमार
सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत रूपपुर विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

निविदा सुचना

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूपपुर की वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक योजना के अनुसार मनरेगा की धनराशि से सी.सी. रोड, नाली निर्माण/मरम्मत खडण्जा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, लोहा, बजरी, पटान हेतु मिट्टी/राख एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 19.09.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 21.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | सेवा राम के घर से खररे तक सी सी व नाली नि. | मनरेगा | 400000 |
| 2. | गंगा राम के घर से फरमान अली के घर तक सी सी व नाली नि. | मनरेगा | 450000 |
| 3. | दलशेर के घर से रफीक के घर होते हुए मस्जिद तक सी सी व नाली नि. | मनरेगा | 400000 |
| 4. | रूकसार अली के घर से बड़ी मस्जिद तक सी सी नि. | मनरेगा | 400000 |
| 5. | सगीर अहमद के घर से कबीर अहमद के घर तक सी सी व नाली नि. | मनरेगा | 450000 |

सचिव–रचित अग्रवाल
ग्राम पंचायत–नाजिम अली

कार्यालय सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

"अति अल्पकालीन नीलामी सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिंचाई विभाग, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अन्तर्गत द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन के अन्तर्गत निम्नलिखित बागात की फलत बहार आम का नीलाम वर्ष 2024–25 (एक वर्ष) के लिये, जिसकी अवधि दिनांक 01.08.2024 से दिनांक 31.07.2025 तक रहेगी, दिनांक 24.09.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे द्वितीय उपखण्ड, निरीक्षण भवन बाईफरकेशन जनपद पीलीभीत में सार्वजनिक रूप से की जायेगी, जो व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते हैं, वो निश्चित समय व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | बागात का नाम | अग्रिम धरोहर धनराशि हेतु F.D.R.की राशि | फसल का नाम | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निरीक्षण भवन बाईफरकेशन बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | 24.09.2024 अपरान्ह 02.00 बजे |
| 2 | चूका बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 3 | शाहगढ़ बाग | रू0 2000.00 | आम बाग | |
| 4 | चित्तरपुर बाग | रू0 1000.00 | आम बाग | |
| 5 | हरदोई शाखा किमी0 0.00 से 0.120 तक पटरी दॉयी पर स्थित बाग | रू0 1000.00 | आम व अमरूद बाग | |

नीलामी शर्तें :–
1. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को उपरोक्त विवरण के अनुसार धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बंधक हो, जमा करनी होगी, तभी टोकन नम्बर दिया जायेगा, टोकन नम्बर प्राप्त करने वाले बोलीदाता ही नीलामी में सम्मिलित होंगे तथा वे ही बोली बोलने के हकदार होंगे। नकद धनराशि किसी भी स्थिति में जमा नहीं की जायेगी।
2. कोई व्यक्ति किसी अन्य की ओर से बोली बोलने के लिये तब तक अनुज्ञता नहीं किया जायेगा, जब तक बोली लगाने के लिये उपस्थित व्यक्ति ने उस व्यक्ति से जिसकी ओर से बोली लगाना चाहता है, प्राधिकार प्राप्त न किया हो।
3. अधिकतम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्त होते ही तुरन्त एकमुश्त नकद जमा करनी होगी, अन्यथा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर प्रदान किया जायेगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा नीलामी की तिथि को निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
5. स्टाम्प शुल्क, जी0एस0टी0 व विभाग द्वारा अन्य कोई कर की देयता पारित की जाती है, तो वह बोलीकर्ता को अलग से वहन करनी होगी। इसके लिये कोई भी प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा स्वीकार नहीं होगी। स्टाम्प शुल्क रू0 70/– प्रति हजार की दर से नीलामी राशि पर देय होगा, जो नीलामीकर्ता को जमा करना होगा।
6. उपरोक्त बागात का निरीक्षण भली–भॉति ठेकेदार/नीलामी बोलीदाता बाग स्थल पर कर लेवें।
7. किसी प्रकार का मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
8. नीलामी की अन्य शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
9. वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड–19) का प्रकोप पूरे देश में चल रहा है। अतः नीलामी बोली में उपस्थित बोलीदाता मास्क लगाकर उपस्थित होंगे तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंगे एवं मात्र नीलामी बोलीकर्ता ही उपस्थित रह सकेगा।

सहायक अभियन्ता
द्वितीय उपखण्ड, बाईफरकेशन
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली

UP-219588 दिनांक 17.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत तैयतपुर वि.ख. बिथरी चैनपुर, बरेली

पंत्राक :/निविदा/2024–25 19 सितम्बर, 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तैयतपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एस.बी.एम./15वां वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है, गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 26.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस मे सांय काल 02:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1. एकीकृत ठोस प्रबन्धन केन्द्र 2. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 3. कचरा वाहन ई. रिक्शा 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहे के पाइप, एंगिल, जाली, पी.वी.सी. पाइप, लोहे की चादर, ई. रिक्शा आदि |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबंधन | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय हेतु) | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, सरिया, पी.वी. सी. पाइप आदि |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबंधन | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पी.वी.सी. पाइप आदि |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा ।

श्रीमती लक्ष्मी
ग्राम प्रधान

विपिन कुमार
सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत गौहावर, वि.खं. जैतीपुर (शाहजहांपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है वित्त वर्ष 2024–25 के पन्द्रहवां वित्त / पंचम वित्त/ SLWM/मनरेगा योजनाओं से सी.सी. रोड / इन्टरलॉक रोड / नाली निर्माण / खडंजा नव निर्माण / मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाईट स्थापना / मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य ह्यूम पाईप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण / मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनबाड़ी की मरम्मत व शौचालय निर्माण / मरम्म्त, वाटर हार्वेस्टिंग, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, इन्वर्टर, सोलर, पैनल, बैटरी, सी.सी.टीवी कैमरा कार्य / मरम्मत, विद्युत फिटिंग / मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं, इच्छुक फर्मे ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष 21.09.2024 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

रामनिवास (ग्राम प्रधान)
मनीष कुमार (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत वेनीपुर सादात वि.ख. बिथरी चैनपुर, बरेली

पंत्राक :/निविदा/2024–25 19 सितम्बर, 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वेनीपुर सादात में वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एस.बी.एम./15वां वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है, गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 25.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 25.09.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस मे सांय काल 05:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1. एकीकृत ठोस प्रबन्धन केन्द्र 2. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 3. कचरा वाहन ई. रिक्शा 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहे के पाइप, एंगिल, जाली, पी.वी.सी. पाइप, लोहे की चादर, ई. रिक्शा आदि |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबंधन | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय हेतु) | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, सरिया, पी.वी. सी. पाइप आदि |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबंधन | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पी.वी.सी. पाइप आदि |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा ।

श्री ओम प्रकाश
ग्राम प्रधान

विपिन कुमार
सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत मकरंदपुर, वि.खं. जैतीपुर (शाहजहांपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है वित्त वर्ष 2024–25 के पन्द्रहवां वित्त / पंचम वित्त/ SLWM/मनरेगा योजनाओं से सी.सी. रोड / इन्टरलॉक रोड / नाली निर्माण / खडंजा नव निर्माण / मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाईट स्थापना / मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य ह्यूम पाईप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण / मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनबाड़ी की मरम्मत व शौचालय निर्माण / मरम्म्त, वाटर हार्वेस्टिंग, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, इन्वर्टर, सोलर, पैनल, बैटरी, सी.सी.टीवी कैमरा कार्य / मरम्मत, विद्युत फिटिंग / मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं, इच्छुक फर्मे ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष 21.09.2024 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

वीरावती (ग्राम प्रधान)
मनीष कुमार (सचिव)

कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं

पत्रांक: 519/जि.पं./मेला ककोड़ा/2024–25 दिनांक: 18 सितम्बर 2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण एवं जिला पंचायत बदायूं, के समस्त पंजीकृत ठेकेदार एवं परम्परागत (ट्रेडिशनल) रूप से कार्य करने वाले व्यक्तियों / फर्मो आदि से मेला ककोड़ा वर्ष 2024 में कराये जाने वाले क्रमांक 01 से 19 तक के निम्नलिखित कार्यो के कोटेशन एवं क्रमांक 20 पर अंकित कार्य की निविदा दिनांक 27.09.2024 को समय दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत बदायूं में आमंत्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन समय 03:00 बजे कोटेशन / निविदा कमेटी के द्वारा उपस्थित कोटेशनदाताओं / निविदाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। क्रमांक 20 पर अंकित कार्य की निविदा निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय से दिनांक 26.09.2024 को सायं 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। जो भी पंजीकृत ठेकेदार एवं व्यक्ति / फर्म कोटेशन/ निविदा देना चाहे वह उक्त तिथि व समय तक पंजीकृत डाक से व कार्यालय जिला पंचायत बदायूं में स्वयं उपस्थित होकर सीलबन्द लिफाफे में अपना कोटेशन / निविदा दे सकते है। कोटेशन/निविदा स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का एवं किसी भी कार्य के सामान / धनराशि में आवश्यकतानुसार घटा–बढ़ी करने का व किसी भी कार्य को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। किसी भी कार्य के सम्बन्ध में सामान की संख्या तथा साईज एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से की जा सकती है। यदि उपरोक्त तिथि में किसी कार्य हेतु कोटेशन/ निविदा प्रापत नहीं होते है तो ऐसी दशा में शेष कार्य के पुनः कोटेशन/निविदा सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को उपरोक्त समय व स्थान पर आमंत्रित किये व खोले जायेंगे। यदि किसी शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश होता है तो कार्यालय के अगले कार्य दिवस में कोटेशन / निविदा आमंत्रित किये व खोले जायेंगे। क्रमांक–20 पर अंकित कार्य की निविदा निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय से सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को सायं 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। उक्त कोटेशन / निविदा सूचना budaun.nic.in पर भी देखी जा सकती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | उच्चाधिकारी कैम्पों में क्राकरी / लिहाफ–गददा सैट / कुर्सी / टेण्टेज आदि व्यवस्था किराये पर। |
| 2. | **भोजन व्यवस्था कार्यः**– मेला शुभारम्भ के अवर पर गंगा जी, पर हवन– पूजन झण्डी वाले दिन जनपद स्तरीय अधिकारीगणों एवं मा. जनप्रतिनिधिगणों हेतु संख्या लगभग 225 व्यक्तियों के लिए। |
| 3. | **सूक्ष्म जनपान व्यवस्था कार्यः**– मेला उद्घाटन के अवसर पर मा. अध्यक्ष कैम्प पर जनपद स्तरीय अधिकारीगणों एवं मा. जनप्रतिनिधिगणों हेतु संख्या लगभग 225 व्यक्तियों के लिए। |
| 4. | गंगा आरती हेतु फर्नीचर आदि व्यवस्था। |
| 5. | प्लास्टिक बाल्टी सं.– 150, प्लास्टिक मग सं– 20 दर्जन, शीशा गिलास सं.– 25 दर्जन आदि क्रय। |
| 6. | **वर्दी हेतु विनचिटर क्रयः**– संख्या– 400 जिस पर सफाई कर्मचारी एवं मल्लाह छपा होना चाहिए। |
| 7. | बड़ा वाला मेला ककोड़ा पोस्टर सं.– 1000, उद्घाटन कार्ड मय लिफाफा सं.– 500, वेज वी.आई.पी. सं.– 25, वेज मा. सदस्यगण मय पिन के सं.– 50, स्टाफ पॉकिट नेम प्लेट सं.– 15, अधिकारी पॉकेट फोल्डर सं.– 8 सी.टी. सं.– 30, छोटी तौलिया सं.– 20, टॉर्च मय सेल के सं.– 05, छोटे बड़े सेल आवश्यकतानुसार स्टेशनरी क्रय आदि। |
| 8. | **फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी व्यवस्था कार्यः**– एक वीडियो एक फोटोग्राफी कैमरा द्वारा मेले की कवरेज मेला शुभारम्भ उद्घाटन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के समय। |
| 9. | **ड्रोन कैमरा किराये पर कार्यः**– 03 ड्रोन कैमरा द्वारा मेले की कवरेज व्यवस्था समस्त उपकरण सहित। |
| 10. | एल.ई.डी. वाल स्क्रीन द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आदि प्रसारण व्यवस्था कार्य किराये पर सं.– 05। |
| 11. | **गाड़ी किराये पर**– बोलेरो / समकक्ष वाहन सं.– 02 |
| 12. | ट्रैक्टर–ट्राली द्वारा सामान ढुलाई व्यवस्था कार्य किराये पर सं.–1 |
| 13. | सांस्कृतिक पण्डाल में व स्टेडियम में एवं सम्पूर्ण मेला में साउण्ड एवं लाउडस्पीकरण व्यवस्था कार्य जिसमें 25 वेफिल 65 हार्न 15 माईक मय सैट के आदि किराये पर। |
| 14. | **सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्य**– सांस्कृतिक कार्यक्रम कठपुतली। |
| 15. | **सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्य**– सांस्कृतिक कार्यक्रम कालाजादू। |
| 16. | खोया–पाया कैम्प पर बच्चों की कलाई पर बैन्ड आदि व्यवस्था। |
| 17. | खोया–पाया कैम्प पर एयर बैलून आदि व्यवस्था। |
| 18. | नाव मय चालक व गोताखोर सहित किराये पर सं.–05 जिसमें दो नावों पर संवाद / ध्वनि प्रसारण हेतु साउण्ड सिस्टम मय माइक व सुराही आदि सहित होना चाहिए। |
| 19. | **ई–रिक्शा किराये पर संख्या**– 02 जिसमें संवाद / ध्वनि प्रसारण हेतु साउण्ड सिस्टम मय माइक व सुराही आदि सहित होना चाहिए |
| 20. | **सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यः**– सांस्कृतिक कार्यक्रम लोककला। |

मासूम रजा
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बदायूं

वर्षा सिंह
अध्यक्ष
जिला पंचायत, बदायूं

## मछली को दाना डाल रहे युवक की तालाब में गिरकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तालाब में मछली को दाना डालने गए युवक का पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। गांव वालों ने उसे तालाब से बाहर निकाला और सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला सईदबाड़ा निवासी विजेंद्र कुमार(35) ने फिरोजपुर गांव में स्थित तालाब पर मछली पाल रखी है। मंगलवार की शाम पांच बजे वह तालाब पर गया। वह तालाब के किनारे खड़े होकर मछली को दाना डाल रहा था। अचानक उसका पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। परिवार वालों को सूचना मिलने पर वह भी पहुंच गए। तिलहर पुलिस भी पहुंच गई। गांव वालों ने तालाब में घुसकर बीस मिनट बाद उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया मछली को दाना डालते समय गिरकर युवक की मौत हो गई है।

## महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**जैतीपुर, (शहजहांपुर) :** गांव करकौर निवासी संसारवती (26) मंगलवार की शाम सात बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूनना पर प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर गांव में पहुंचे और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि उसकी दो दिन से तबीयत खराब थी। पेट में अचानक दर्द उठा और उसने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत सारीपुर वि.ख. बिथरी चैनपुर, बरेली

पंत्राक :/निविदा/2024–25 19 सितम्बर, 2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सारीपुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एस.बी.एम./15वां वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है, गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 26.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 26.09.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्यदिवस मे सांय काल 05:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत सचिवालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 1. एकीकृत ठोस प्रबन्धन केन्द्र 2. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट 3. कचरा वाहन ई. रिक्शा 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरफुट, सरिया, लोहे के पाइप, एंगिल, जाली, पी.वी.सी. पाइप, लोहे की चादर, ई. रिक्शा आदि |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबंधन | 1. सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय हेतु) | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, सरिया, पी.वी. सी. पाइप आदि |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबंधन | सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, पी.वी.सी. पाइप आदि |

किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार सचिव, ग्राम पंचायत को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही मान्य होगा ।

श्रीमती आशा
ग्राम प्रधान

विपिन कुमार
सचिव/ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत जरगवां, वि.खं. जैतीपुर (शाहजहांपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है वित्त वर्ष 2024–25 के पन्द्रहवां वित्त / पंचम वित्त/ SLWM/मनरेगा योजनाओं से सी.सी. रोड / इन्टरलॉक रोड / नाली निर्माण / खडंजा नव निर्माण / मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाईट स्थापना / मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य ह्यूम पाईप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण / मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनबाड़ी की मरम्मत व शौचालय निर्माण / मरम्म्त, वाटर हार्वेस्टिंग, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, इन्वर्टर, सोलर, पैनल, बैटरी, सी.सी.टीवी कैमरा कार्य / मरम्मत, विद्युत फिटिंग / मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं, इच्छुक फर्मे ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष 21.09.2024 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

कुसुमलता (ग्राम प्रधान)
आयुष सिंह गहलोत (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत घसाकल्यानपुर, वि.खं. जैतीपुर (शाहजहांपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है वित्त वर्ष 2024–25 के पन्द्रहवां वित्त / पंचम वित्त/ SLWM/मनरेगा योजनाओं से सी.सी. रोड / इन्टरलॉक रोड / नाली निर्माण / खडंजा नव निर्माण / मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाईट स्थापना / मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य ह्यूम पाईप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण / मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनबाड़ी की मरम्मत व शौचालय निर्माण / मरम्म्त, वाटर हार्वेस्टिंग, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, इन्वर्टर, सोलर, पैनल, बैटरी, सी.सी.टीवी कैमरा कार्य / मरम्मत, विद्युत फिटिंग / मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं, इच्छुक फर्मे ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष 21.09.2024 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

दाताराम (ग्राम प्रधान)
आयुष सिंह गहलोत (सचिव)

कार्यालय ग्राम पंचायत सुनौरा रमपुरा, वि.खं. जैतीपुर (शाहजहांपुर)

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है वित्त वर्ष 2024–25 के पन्द्रहवां वित्त / पंचम वित्त/ SLWM/मनरेगा योजनाओं से सी.सी. रोड / इन्टरलॉक रोड / नाली निर्माण / खडंजा नव निर्माण / मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाईट स्थापना / मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर / मरम्मत कार्य ह्यूम पाईप क्रय, वाल पेन्टिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण / मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनबाड़ी की मरम्मत व शौचालय निर्माण / मरम्म्त, वाटर हार्वेस्टिंग, डेस्कटॉप, प्रिन्टर, इन्वर्टर, सोलर, पैनल, बैटरी, सी.सी.टीवी कैमरा कार्य / मरम्मत, विद्युत फिटिंग / मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं, इच्छुक फर्मे ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष 21.09.2024 को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

कमला देवी (ग्राम प्रधान)
आयुष सिंह गहलोत (सचिव)

मर्माण्यस्थीनि हृदयं तथासून्, रुक्षा वाचो निर्दहन्तीह पुंसाम्।
तस्माद् वाचमुषतीमुग्ररूपां धर्मारामो नित्यशो वर्जयीत॥

कठोर बात सीधी मर्मस्थान, हड्डियों तथा दिल पर जाकर चोट करती है और प्राणों को टीसती रहती है, इसलिए धर्मप्रिय व्यक्ति को ऐसी बातों को हमेशा के लिए छोड़ देना चाहिए।

## संपादकीय

# किसानों के लिए बड़ा फैसला

किसानों के विकास और उनके सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता में वित्तीय सुरक्षा, कौशल विकास, बाजार पहुंच और टिकाऊ कृषि पद्धतियां प्रदान करके किसानों के जीवन में सुधार करना शामिल है। सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य कृषि उत्पादकता और निर्यात को बढ़ाना है। इस दौरान बुनियादी ढांचे में तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.7 प्रतिशत किया गया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाएं जारी रखने की मंजूरी दे दी है। किसानों की आय के संरक्षण की दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक असाधारण कदम है जिससे किसानों के कल्याण में काफी हद तक सहूलियत होने की आशा है।

किसानों की आय सरंक्षण के लिए पीएम-आशा में 35,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह अन्नदाता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सरकार 22 अनिवार्य फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना है। जानकारों के मुताबिक सरकार को इस बात का एहसास है कि यदि बाजार में कृषि उपज का मूल्य एमएसपी से कम है तो वैसी स्थिति में राज्य और केन्द्र सरकार को या तो इसे एमएसपी पर खरीदना चाहिए अथवा ऐसा तरीका अपनाना चाहिए, जिससे कि किसी अन्य व्यवस्था के जरिए किसानों को एमएसपी सुनिश्चित कर दी जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने तीन उप-योजनाओं के साथ समग्र योजना पीएम-आशा को मंजूरी दी है। मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य न्यूनतम भुगतान योजना (पीडीपीएस) और निजी खरीद एवं स्टॉकिस्ट पायलट योजना (पीडीपीएस) इन उप-योजनाओं में शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए अनेक बाजार सुधारों को लागू किया गया है। इनमें मॉडल कृषि उपज एवं पशुधन विपणन अधिनियम, 2017 और मॉडल अनुबंध खेती एवं सेवा अधिनियम, 2018 भी शामिल हैं। अनेक राज्यों ने कानून के जरिए इन्हें अपनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। कहा जा सकता है कृषि नीतियां किसानों की समृद्धि और कल्याण को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं, जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विचारधारा का कैदखाना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेलखाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है।

समष्टि जीवन में विचार का नियमन कब तक रहेगा? जब तक समष्टि चेतना रहेगी। जब वह व्यक्ति चेतना के रूप में बिखर जाएगी, तब वह विचार भी निष्प्रभावी हो जाएगा और तब नई परिस्थितियां होंगी, नए विचार की मांग करेंगी। इसलिए कोई भी विचार शाश्वत नहीं हो सकता। समष्टि चेतना सो जाती है, तब समष्टि की संपत्ति पर व्यष्टि स्वार्थ या वर्ग स्वार्थ डाका डालते हैं। विकास चाहे जितना हो जाए, मनुष्य चाहे चंद्रमा पर रहने लग जाए, किंतु मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां भूख, रति, संग्रह या लालच, भय या रक्षा, प्रभुता, होड़, आराम आदि कभी समाप्त नहीं होंगी, क्योंकि यह मनुष्य है और मनुष्य ही रहेगा। जीव वैज्ञानिक तो इसे एनिमल कहते ही हैं। इसके अंदर बैठा हुआ गुफा का जानवर हमेशा रहता है और हमेशा रहेगा।

हम अनंत अंतर्विरोधों और अंतर्द्वंद्वों के बीच रह रहे हैं। कोई एक विचारधारा नहीं है,कोई एक विचार-समूह नहीं है,कोई एक संस्कृति, दर्शन या जीवनप्रणाली नहीं है। परस्पर विरोधी विभिन्नताएं हैं,बहुत विशाल देश है। असंख्य भिन्नताएं हैं। असंख्य विचारधारा हैं, असंख्य विचार समूह हैं और प्रत्येक विचारधारा अपने को ही परमसत्य मानती है। प्रश्न तो सर्वस्वीकार्यता का है। यदि वह सत्य कुछ को ही स्वीकार्य है तो वह खंडित या अधूरा सच है?

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेलखाना बना लेता है,कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं,मनुष्य विचार धाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान-विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं,फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती हैं,नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं। जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है,वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है,न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा।

यूटोपिया मन की एक अवस्था है, जिसमें मनुष्य कल्पना करता है कि संसार में सभी लोग मेरी तरह से ही सोचने लग जाएं तो संसार में सुख शांति हो सकती है। सारे लोग एक ही धर्म के अनुयायी हो जाएं,मेरा वाला धर्मग्रंथ तो ईश्वर की वाणी है। वही सच है। राजनैतिक विचारधारा वाले भी अपने-अपने परिवेश वाले विचारकों, दार्शनिकों के विचार को परम सत्य मानकर इसी प्रकार सोचते हैं। सारे लोग इस या उस दार्शनिक के कहे अनुसार चलें तो दुनिया बदल जाए या वर्गविहीन समाज बन जाए। वास्तव में यह उस विचार समूह का यूटोपिया होता है। इस यूटोपिया के लिए सेना बनाई जाती है,संगठन बनाए जाते हैं,ब्रेनवाश किया जाता है,बालमन को दीक्षित किया जाता है,आस्था की प्रतिज्ञा कराई जाती है,दिन-रात प्रचार किया जाता है। मन की यह अवस्था ममताबोध का रूप है। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है,पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां,ठीक बात है,हम मनुष्य हैं,मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता है,निश्चित ही है,किंतु विचित्रता भी है। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं,उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं?

मानव जीवन में विचार का बहुत महत्व है। मनुष्य ही तो है,जो विचार कर सकता है,करता है, लेकिन विचार देशकाल में होता है,विचार सूक्ष्म है,इसलिए उसके मरने का प्रश्न तो है ही नहीं, प्रश्न केवल यह है कि मनुष्य की प्रवृत्तियों का समायोजन कर पाने की क्षमता विचार में है या विचार को धारण करने वाली उस समष्टि में है? "कुछ लोग कहते हैं कि अमुक विचार बहुत वैज्ञानिक है,इसलिए वह विचार मानव जीवन का नियमन करता है।" वास्तव में यह उनकी वैसी ही मान्यता या विश्वास है,जैसी कि किसी मजहबी की होती है कि "यदि सब लोग इस विचार को मान लें तो संसार का कल्याण हो जाएगा,लेकिन ऐसा कभी भी नहीं होगा। विज्ञान स्वयं ही मनुष्य की मूल प्रवृत्ति जिज्ञासा की गति है। दूसरे लोग हैं, वे कहते हैं- वेद की ओर लौट चलो। उन्हें न वेद की खबर है,न लौट की खबर है। यह धारणा धारणा ही है,इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। विचार में ऊर्जा कहां से आती है? किताब में से नहीं आती। मानव जीवन में से आती है, केवल व्यक्ति जीवन नहीं, समष्टि जीवन में से। जब तक समष्टि जीवन किसी विचार को धारण नहीं करता, उसको आचरण का आधार नहीं बनाता, तब तक ऐसा संभव नहीं है कि वह मूल प्रवृत्तियों पर अंकुश लगा सके।

समष्टि जीवन में विचार का नियमन कब तक रहेगा? जब तक समष्टि चेतना रहेगी। जब वह व्यक्ति चेतना के रूप में बिखर जाएगी,तब वह विचार भी निष्प्रभावी हो जाएगा और तब नई परिस्थितियां होंगी,नए विचार की मांग करेंगी। इसलिए कोई भी विचार शाश्वत नहीं हो सकता। समष्टि चेतना सो जाती है,तब समष्टि की संपत्ति पर व्यष्टि स्वार्थ या वर्ग स्वार्थ डाका डालते हैं। विकास चाहे जितना हो जाए,मनुष्य चाहे चंद्रमा पर रहने लग जाए,किंतु मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां भूख,रति,संग्रह या लालच,भय या रक्षा,प्रभुता, होड़,आराम आदि कभी समाप्त नहीं होंगी, क्योंकि यह मनुष्य है और मनुष्य ही रहेगा। जीव वैज्ञानिक तो इसे एनिमल कहते ही हैं। इसके अंदर बैठा हुआ गुफा का जानवर हमेशा रहता है और हमेशा रहेगा। समाज की चेष्टा रहती है और रहेगी कि इस जानवर को नियंत्रित करे, दंडित करके, कानून के भय से और यमराज के भय से, आत्मसंयम की शिक्षा से और समाज के नियम बनाकर। अर्थात दमन से, संयमन से, नियमन से इससे भी उदात्त एक प्रक्रिया और है उन्नयन से अर्थात उसकी वृत्तियों को संगीत, कला, दर्शन, विज्ञान की ओर प्रवृत्त करने से। इन समस्त प्रक्रियाओं को भारत के लोगों ने धर्म कहा था। अर्थात मनुष्य को सहिष्णु, उदात्त, करुण, आनंदमय, निर्भय बनाने का निरंतर प्रयास। यह प्रयास कभी समाप्त नहीं हुआ और हो भी नहीं सकता, आप चाहें तो धर्म शब्द की जगह इसका नाम कुछ और रख लें। यह भी ठीक है कि जब संयमन,नियमन,दमन और उन्नयन की ये प्रक्रिया शिथिल हो जाती है तब गुफा का जानवर गुर्राने लगता है। हमला भी करता है। युद्ध की तैयारियां करता है,बम बनाता है।

समष्टि चेतना जागृत है तो वर्गविहीन-राज्यविहीन समाज की परिकल्पना भी जागृत है, स्वतंत्रता और लोकतंत्र भी जागृत है, वरना मूलप्रवृत्तियों का खुला खेल है। महापुरुष समष्टि चेतना को जगाते हैं,बुद्ध,महावीर हों या संत हों अथवा मार्क्स हों या गांधी हों। अनुयायी तो अनुयायी ही होते हैं,अगर-मगर करते रहते हैं। अपने-अपने विचार को पूर्ण समझ लेते हैं,उस पर गर्व करते हैं कि हमने सच को पा लिया है।

ये मूलप्रवृत्तियां ही हैं,जिनको लक्ष्य करके महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कहा था-
है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार/पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार।
भोग-लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम/बह रही असहाय नर की भावना निष्काम।
भीष्म हों अथवा युधिष्ठिर या कि हों भगवान/बुद्ध हों कि अशोक, गांधी हों कि ईस महान।
सिर झुका सबको,सभी को श्रेष्ठ निज से मान/मात्र वाचिक ही उन्हें देता हुआ सम्मान।
दग्ध कर पर को,स्वयं भी भोगता दुख-दाह/जा रहा मानव चला अब भी पुरानी राह।

## प्रसंगवश

# कुछ याद उन्हें भी कर लें




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पितृपक्ष अपने पूर्वजों और दिवंगत प्रिय लोगों का स्मरण करने का अवसर है। मरने के बाद हमारा क्या होता है,यह सवाल मानवता को सदा से परेशान करता रहा है। इसका निश्चित उत्तर किसी के पास नहीं है। विज्ञान कहता है कि देह की मृत्यु के बाद सब कुछ यहीं समाप्त हो जाता है।

शरीर से अलग किसी आत्मा या सूक्ष्म देह का अस्तित्व नहीं है। धर्म, अध्यात्म कहते हैं कि मृत्यु के बाद देह मिट्टी में मिल जाती है, लेकिन आत्मा का विनाश नहीं होता,जो आत्माएं वीतरागी होती हैं वे संसार के बंधनों से मुक्त होकर ईश्वर में समाहित हो जाती हैं। राग-विराग, मोह-माया, दुख-सुख और हजारों ख्वाहिशों में जकड़े हमारे जैसे लोग प्रेत बनकर अपनी काम्य वस्तुओं, प्रिय लोगों और स्थानों के गिर्द भटकते हुए किसी पुनर्जन्म की प्रतीक्षा करते हैं। तर्क तो यह कहता है कि हमारी इच्छाओं,अतृप्तियों, विचारों और संस्कारों से निर्मित हमारी कोई सूक्ष्म देह है भी तो श्राद्ध या पितृपक्ष में अर्पित की जाने वाली संपत्ति, भोजन और कपड़ों की उसे जरूरत नहीं होगी। भौतिक देह ही नहीं तो भौतिक उपादानों की क्या आवश्यकता?

मृत्यु के बाद किए जाने वाले पितृपक्ष जैसे आयोजन व्यर्थ के कर्मकांड के सिवा कुछ नहीं, लेकिन इन कर्मकांडों का भावनात्मक सच भी है। अगर ये भी न हों तो इस व्यस्त,उलझे जीवन में भला कौन किसको याद करता है? मेरी समझ से आस्था और तर्क के बीच का रास्ता तो यह होना चाहिए कि पितृपक्ष के कर्मकांडीय पक्ष को खारिज कर परिवार के लोग इस अवधि में कुछ देर मिलकर बैठें और अपने प्रिय दिवंगतों की स्मृति में दीये जलाकर उन्हें याद करें। मृत्यु के बाद अगर हमारे पूर्वजों की कहीं उपस्थिति है तो उन्हें यह देखकर खुशी मिलेगी कि उनके अपने सम्मान के साथ उन्हें याद करते हैं। देह से अलग ऐसा कोई अभौतिक अस्तित्व नहीं भी है तब भी पितरों के प्रति हमारी यह श्रद्धा हमें भावनात्मक रूप से समृद्ध तो करती ही है।

# ब्रह्मांड के सूक्ष्मतम और महत्तम में नियमबद्धता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है,जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो।

"त्वद्यात्रया व्यापकता हता ते ध्यानेन चेतः परता हता ते।/स्तुत्या मया वाक्परता हता ते क्षमस्व नित्यं त्रिविधापराधान्॥" (हे ब्रह्म! तुम्हारी प्राप्ति के लिए तीर्थयात्रा करके मैंने तुम्हारी सर्वव्यापकता खंडित कर दी। चित्त में तुम्हारा ध्यान लगाकर तुम्हारी निराकार छवि खंडित कर दी। तुम्हारी स्तुति करके तुम्हारी अवर्णनीयता खंडित कर दी। तीनों अपराधों के लिए मुझे नित्य क्षमा करो।) दत्तात्रेय (अवधूत गीता)- 8:1

अंतरिक्ष विज्ञान और भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ब्रह्मांड के सूक्ष्मतम और महत्तम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंग नुमा गतिशीलता तक पहुंच कर रुक गई है। यह वह बिंदु है,जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति में देखता वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो सकता।

ब्रह्मांड की विशालता से रूबरू सापेक्षता के सिद्धांत ने समय और स्थान के आयामों को गड्डमड्ड कर दिया है,क्योंकि दूरियां इतनी हैं कि प्रकाश की गति से तेज यात्रा से हम प्रस्थान के समय से पहले गंतव्य पर पहुंच सकते हैं। स्टीफन हॉकिंग ने ब्रह्मांड और उसी के साथ समय तथा स्थान की शुरुआत बिग बैंग से प्रतिपादित कर,जो निश्चितता लाने की कोशिश की थी वह अब तक बहु-ब्रह्मांड और अनेक बिग बैंग की संभावना से टकराकर संदेहास्पद हो गई है।

हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है,जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टीन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे,जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है,जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। इधर पदार्थ के ऊपर चेतना की वरीयता मानने वाले कुछ 'अध्यात्मवादी वैज्ञानिक' मैदान में उतर पड़े हैं। उन्होंने यह संभावना व्यक्त कर दी कि ब्रह्मांड वही है,जो चेतना को भासित होता है। निरंतर गतिशील इलेक्ट्रॉन के एक जैसे सूक्ष्मतम ज्ञात कण के सर्वत्र व्याप्त होने से मात्र भौतिकी के सहारे ब्रह्मांड को ठीक-ठीक नहीं समझा जा सकता।

जो भी हो,एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं,जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके और जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके। भारतीय दर्शन में कपिल का निरीश्वर सांख्य उपर्युक्त के बहुत निकट है। ईश्वर की सत्ता को विस्तृत तर्कों से नकारते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर की सत्ता मान लेने पर तो मनुष्य के संकल्प और प्रयास के लिए कोई स्थान ही नहीं रह जाता। उन्होंने सृष्टि को स्वयंभू बताया जो त्रिगुणमयी,किंतु जड़ प्रकृति और चेतन पुरुष के संयोग से और कार्य-कारण के नियम (सत्कार्यवाद) से बनती है।

शंकर ने अपने अद्वैत वेदांत में कपिल के सत्कार्यवाद को स्वीकार कर लिया,किंतु उनके अनुसार प्रत्येक कार्य में कारण (घड़े में मिट्टी) मौजूद रहता है, इसलिए समस्त सृष्टि आदिकारण से आप्यायित है, आदिकारण परम चेतन है, वही सत्य है,शेष सब उसके विवर्त हैं,जो नाशवान हैं। मनुष्य की उन्नत चेतना को जब उस आदि और एकमात्र कारण परम चेतना का साक्षात्कार हो जाता है,तब वह उससे एकाकार हो जाती है। उस अवस्था में नानात्व का भ्रम लुप्त हो जाता है और ज्ञाता, ज्ञेय, ज्ञान का एकत्व स्थापित हो जाता है। वही अद्वैत का ज्ञान है, वही आत्मज्ञान है, वही ब्रह्मज्ञान है। दत्तात्रेय अवधूत गीता में उसी स्थिति का संदर्भ दे रहे हैं।

अद्वैत वेदांत स्पिनोजा और आइंस्टीन के विचारों से बहुत दूर नहीं है। खैर,आत्मज्ञान बहुत ऊंची चीज है,जिसे प्राप्त हो जाए वही उसका विवेचन करने का अधिकारी है। किंतु पुरस्कार और दंड देने वाला मानवीय ईश्वर और कयामत, आखिरी फैसला, स्वर्ग, नर्क, पुनर्जन्म की कल्पना तथा ऊंच-नीच की व्याख्या का दम भरने वाले,भय तथा लोभ का व्यापार करने वाले, नफरत और द्वेष फैलाने वाले 'धर्म', उनके एजेंट बाबा लोग, मुल्ला-मौलवी, पोप-बिशप दुनिया की अनेक परिहार्य समस्याओं की जड़ में हैं। विज्ञान और दर्शन दोनों ने इतना तो सिद्ध ही कर दिया है।

## सोशल फोरम

# पिंजरे का तोता



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पिंजरे में बंद तोता अपने स्वामी की सभी बात मानता है और पिंजरे से बाहर आते ही मौका पाकर सभी प्यार दुलार भुलाकर उड़ जाता है। उसकी इसी विशेषता के कारण उसे तोता -चश्म, निर्मोही कहा गया है। विडंबना यह है कि पिंजरे का तोता जब अपने समाज में जाता है तो अन्य सभी तोते मिलकर उसको या तो भगा देते हैं या मार डालते हैं। सामाजिक मान्यताओं एवं परंपराओं का एक स्वस्थ इतिहास होता है, जो समय के उतार-चढ़ाव को आत्मसात करके अपने मूल्य स्थापित करता है। ये स्वस्थ परंपराएं सदियों में बनती हैं और पल भर में नष्ट की जा सकती हैं। संवैधानिक परंपराएं भी इसी श्रेणी में आती हैं। उनका पालन पदासीन व्यक्ति के चरित्र की कसौटी को परखता है। व्यवस्थापिका में संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां तो हमेशा सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने स्वामिभक्त कार्यकर्ता की उपयोगिता देखकर ही की जाती रही है,लेकिन जनसामान्य की यह अपेक्षा रहती है कि संवैधानिक पद ग्रहण करने के पश्चात पदासीन व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में अपने पद की मर्यादा के अनुरूप आचरण करेंगे। ऐसा नहीं है कि इस प्रकार के संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग पहले बिल्कुल निष्पक्ष एवं पद की मर्यादा के प्रति निष्ठावान ही रहे हों, लेकिन वर्तमान समय में कुछ ऐसा हो रहा है कि किसी भी संवैधानिक पद की मर्यादा उघार होने से नहीं बची है। चाहे मजबूरी में या अपनी स्वामिभक्ति प्रदर्शित करने हेतु संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी मर्यादा को भूल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग 12-14 वर्ष पूर्व भी माननीय उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोता' कहा था, लेकिन किसी भी जिम्मेदार पद पर आसीन व्यक्ति ने उस पर कोई टीका टिप्पणी नहीं की थी। इस पृष्ठभूमि में जनमानस की विवशता को प्रतिबिंबित करता एक 'शेर' याद आता है-चोर आए, चोरी की,सामान बांधा ले चले।/ मैं भला करता भी क्या खांसकर चुप रह गया।। विवशता यह थी कि अपनी लाचारी जताने के अलावा कोई चारा नहीं था। लगता है कि अब लाचारी का इजहार भी सोच समझकर ही करना है।

-फेसबुक वॉल से

# मार्क्सवादी आलोचना



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

सौंदर्य की कसौटी मार्क्स ने क्या दी, उसका संकेत किए बगैर इस पर क्या चर्चा करना। पहले उसे पढ़ें और समझें। मात्र तीन ही पन्ने का है। कोई मार्क्सवादी पढ़ने की जुर्रत तो करे,आगे आए और बताए तो कि कला सौंदर्य का मार्क्स ने क्या प्रतिमान दिया है। यदि किसी ने पहले पढ़ा हो तो वही बता दे। इतनी बड़ी जमात में कोई तो होगा,जो कह सके कि अमुक किताब के अमुक पृष्ठ पर सौंदर्य की परिभाषा मार्क्स ने अमुक रूप से दी है। पहले वहीं जोर आजमाइश करें। हवा-हवाई बातें न करें तो बेहतर है।

हिंदी जगत में मार्क्सवादी आलोचना के नाम पर चलाई गई मुहिम को प्रो. हरे राम पाठक ने व्यर्थ बताया है। कहा है कि मार्क्सवादी आलोचना की कोई किताब तक नहीं है, जिससे मार्क्सवादी आलोचना की कसौटी तय हो सके। उन्होंने ठीक ही कहा है। मार्क्सवादी आलोचना पर कुछ भी कहने के पहले, सौंदर्य शास्त्र पर मार्क्स ने क्या लिखा है,पहले उसे देखना चाहिए।

सौंदर्य की कसौटी मार्क्स ने क्या दी,उसका संकेत किए बगैर इस पर क्या चर्चा करना। पहले उसे पढ़ें और समझें। मात्र तीन ही पन्ने का है। कोई मार्क्सवादी पढ़ने की जुर्रत तो करे,आगे आए और बताए तो कि कला सौंदर्य का मार्क्स ने क्या प्रतिमान दिया है। यदि किसी ने पहले पढ़ा हो तो वही बता दे। इतनी बड़ी जमात में कोई तो होगा,जो कह सके कि अमुक किताब के अमुक पृष्ठ पर सौंदर्य की परिभाषा मार्क्स ने अमुक रूप से दी है। पहले वहीं जोर आजमाइश करें। हवा-हवाई बातें न करें तो बेहतर है। कहते हैं कि नामवर ने जो लिखा है,वही मार्क्सवादी आलोचना का प्रतिमान है। सबूत के तौर पर 'कविता के नए प्रतिमान' का उल्लेख किया जाता है। बताते चलें कि इस पुस्तक में नामवर ने ऐसा कोई प्रतिमान नहीं दिया है,जिसे नया और नामवर का प्रतिमान कहा जा सके। केवल कुछ नामों का उद्धरण भर (नेम ड्रोपिंग) है। इसके बावजूद यदि लगता है कि नामवर जी ने सचमुच नए प्रतिमान दिए हैं तो सवाल है कि वह प्रतिमान नामवर का कहलाएगा,वह नामवरी आलोचना होगी या वह मार्क्सवादी कसौटी और मार्क्सवादी आलोचना कही जाएगी।

मुझे नहीं पता कि अपने सौंदर्य शास्त्रीय ज्ञान की कमान नामवर जी को सौंपकर,मार्क्स के प्राण पखेरू उड़े थे कि जो नामवर जी कहेंगे, वही मार्क्सवादी आलोचना कहलाएगी और वही हिंदी आलोचना की आधार भूमि भी होगी। क्या साहित्य में भी खलीफागिरी ही चलेगी? मार्क्स की कविताओं के दो संग्रह हैं,यानी दो पुस्तकें मार्क्स ने लिखी हैं। एक प्रेमिका जेनी (जो बाद में पत्नी बनी) को समर्पित किया और दूसरा अपने ससुर को। मार्क्सवादियों के अनुसार उसे आदर्श कविता होनी चाहिए। पहले मार्क्सवादी उसी की आलोचना करें और बताएं कि उसमें क्या प्रतिमान लगेगा? उन कविताओं में जनवाद कहां-कहां है? है भी या नहीं?

सौंदर्य की अनुभूति वस्तुपरक नहीं होती। यह सहृदयता सापेक्ष होती है। यह पाठक की अभिरूचियों पर निर्भर है कि उसे क्या पसंद आएगा। आवश्यक नहीं कि मुक्तिबोध या किसी कवि की रचना,सबको एक रूप अच्छी ही लगे। हजारों-हजार सुधी पाठकों को मुक्तिबोध बिल्कुल ही पसंद नहीं। इसमें बहुत से मार्क्सवादी कवि भी हैं। तो क्या हम मुक्तिबोध को कवि कहना बंद कर दें! कितने बड़े-बड़े आलोचकों ने मुक्तिबोध की प्रशंसा में साहित्य रचे हैं,फिर भी मुक्तिबोध की ग्राह्यता इतने वर्षों में एक इंच भी आगे नहीं सरक सकी है। इसके कुछ तो कारण होंगे। निष्कर्ष यह निकलता है कि सौंदर्य की कोई वस्तुनिष्ठ कसौटी नहीं होती है। जब किसी कला और इसके सौंदर्य की कोई कसौटी नहीं तो आलोचना की कसौटी क्या होगी। दोनों स्वायत्त और रचनात्मक कर्म हैं। इस पर चिंतन करने का समय है।

# आतिशी के लिए नई जिम्मेदारी चुनौतीपूर्ण रहेगी



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

फिलहाल दिल्ली का आसन्न चुनाव दिलचस्प जरूर हो गया है क्योंकि भाजपा को कोर वोटर पंजाबी और बनिया पहले से ज्यादा टूटता दिखेगा ऊपर से मोदी-शाह के प्रति अब उदासीनता व उभरती निराशा।

आतिशी मार्लेना दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रेष्ठतम कॉलेज सेंट स्टीफन की टॉपर हैं। आगे की उच्च शिक्षा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों जैसे आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पूरी छात्रवृत्ति पाकर हुई और विश्व के विरले छात्रों को मिलने वाली सुविख्यात रोड्स स्कॉलरशिप भी मिली। आतिशी के पंजाबी सिख पिता साम्यवादी विचार से प्रभावित थे। इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री का नाम मार्क्स और लेनिन के शब्दों को जोड़कर मार्लेना बनाया! आतिशी का भावार्थ आप जानते ही हैं- क्रांतिकारी।

जब अन्ना हजारे का कथित भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ था तो बड़े पैमाने पर सैंकड़ों, बल्कि हजारों की तादाद में भारत के प्रतिभाशाली युवा दुनियाभर में अपना बड़ा काम-धंधा,नौकरी छोड़कर आंदोलन में जुड़े थे यह सोचकर कि अब देश में क्रांति होने वाली है और वांछित मूलभूत परिवर्तन आने वाला है। आतिशी भी उसी समय केजरीवाल की टीम का हिस्सा बनी। कालांतर में केजरीवाल ने समूचे आंदोलन व हजारों सच्चे परिवर्तन आकांक्षी युवाओं को एक-एक कर निकाल कर फैंक दिया और एक राजनीतिक पार्टी बनाकर खुदमुख्तार व मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद भी बचे खुचे लोग भी उनसे सहन नहीं हुए और प्रो. आनंद कुमार, योगेन्द्र यादव, अजित झा , प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, खेतान, आशुतोष आदि को धकिया कर बाहर कर अपने निजी नियंत्रण की पार्टी में तब्दील कर दिया। मनीष सिसोदिया, गोपाल रॉय ,संजय सिंह और



आतिशी जैसे ही चंद कुछ बचे जो केजरीवाल की मनमर्जी मुताबिक सोचते व चलते हैं। आतिशी को दिल्ली में शिक्षा की संरचना को सुधारने का श्रेय जाता है,जिसकी वाहवाही मनीष सिसोदिया लूटते रहे हैं।


आतिशी जैसे ही पिछला चुनाव दिल्ली के सिख बहुल कालकाजी क्षेत्र से लड़ी उन्होंने अपना उपनाम बदलकर सिंह कर लिया आतिशी सिंह। एक नई राजनीतिक संस्कृति का वायदा और नए किस्म का नेतृत्व देने की संभावना के आंदोलन का हश्र यह हुआ कि वह भी दूसरों जैसा सामान्य राजनीतिक दल बन गया। जैसे सब वैसे ही ये। कोई फर्क नहीं बचा सिवाय इसके कि पढ़े-लिखे होने के नाते वे यह हिसाब लगाने में समर्थ हुए कि राज्य की कुल आय व्यय में से कितना खर्च कर बिजली पानी व मोहल्ला क्लीनिक मुफ्त दिया जा सकता है। गरीब जनता के लिए बिजली पानी के बिल माफ कर देने और दिल्ली के बहुत महंगा स्वास्थ्य जांच बिलों से उनके मासिक पारिवारिक बजट में बड़ी राहत मिली और यही बात केजरीवाल को तीन चुनाव लगातार जितवाती रही है।

आतिशी सोचने-समझने में समर्थ महिला हैं और उनका उर्वर दिमाग कुछ नए विचार क्रियान्वित कर सकता है,लेकिन उनकी पार्टी का नेता इतना घाघ और स्वकेंद्रित है कि आतिशी को कठपुतली बनाकर रखना चाहेगा। खैर भविष्य की राजनीति क्या होगी इसका निर्णय आजकल मतदाताओं के साथ-साथ संगठन व धनशक्ति भी करती है। देखते हैं कि आतिशी कुछ ठोस डिलीवर कर पाती हैं या अस्थायी कामचलाऊ व्यवस्था ही बनी रहती है। एक तेजतर्रार सुशिक्षित खुले दिमाग का व्यक्ति कभी भी ऐसा कुछ कर सकता है,जिससे समूचा परिदृश्य बदल जाए,लेकिन यह बात अन्य पक्षों पर भी लागू होती है। उधर संगठन व धनबल तो है,पर जमे जमाए नेता सब रचनाशील दिमाग से खल्लास हैं। फिलहाल दिल्ली का आसन्न चुनाव दिलचस्प जरूर हो गया है क्यों भाजपा को कोर वोटर पंजाबी और बनिया पहले से ज्यादा टूटता दिखेगा ऊपर से मोदीशाह के प्रति अब उदासीनता व उभरती निराशा।

# सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का बलिया तक होगा विस्तार

## पहले चरण में 12 जिले तो दूसरे चरण में और 5 जिले जुड़ेंगे, छह से आठ लेन भी होना संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 12 जिलों में अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, मेरठ, हापुड़ बुलंदशहर, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल

**प्रदेश में सात एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन**

उत्तर प्रदेश में कुल 13 एक्सप्रेस-वे हैं, जिनमें से छह चालू हैं, जबकि सात निर्माणाधीन हैं। राज्य में एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 3,200 किलोमीटर है, जिसमें उप्र एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) के अंतर्गत बनने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे भी मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

**अमृत विचारः** वह दिन दूर नहीं जब गंगा के नाम पर बन रहे एक्सप्रेस-वे पर 120 की रफ्तार से गाड़ियां मंजिल तय करेंगी। राज्य सरकार का जोर गंगा एक्सप्रेस-वे को महाकुंभ 2025 से पहले पूरा करने पर है, जिसकी लंबाई 594 किलोमीटर होगी। बारिश अगर बाधा न बनी तो पहले चरण को तयशुदा समय में पूरा भी कर लिया जाएगा। जबकि दूसरे चरण में इसके विस्तार से पांच और जिले जुड़ेंगे।

मेगा प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में इसे प्रयागराज से आगे मिर्जापुर से बिहार की सीमा पर स्थित बलिया तक बढ़ाया जाएगा। ऐसे में यह मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी और गाजीपुर होते हुए यह बलिया पहुंचेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे का दूसरा चरण 350 किलोमीटर का होगा और दोनों चरण मिलाकर कुल लंबाई लगभग 950 किलोमीटर की हो जाएगी। इस तरह यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बन जाएगा।

फिलहाल पहले चरण का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इस शुरुआती चरण में मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा यह एक्सप्रेसवे राज्य के 12 जिलों के कुल 518 गांव से होकर गुजरेगा। छह लेन में तैयार हो रहे इस एक्सप्रेस-वे को आगे चलकर आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाकर आठ लेन का किया जा सकता है। पूर्वांचल से पश्चिम को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण उप्र एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत हो रहा है।

अगर किसी कार चालक ने 120 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी तो प्रयागराज से मेरठ पहुंचने में उसे मात्र छह घंटे लगेंगे। पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गंगा एक्सप्रेसवे जिन 12 जिलों से होकर गुजरेगा उनमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं। संबधित परियोजना के एक अधिकारी ने दावा किया कि गंगा एक्सप्रेस-वे जिन जिलों से गुजरेगा, वहां विकास और रोजगार के व्यापक अवसर बनेंगे। इससे राज्य की जीडीपी में भी बढोत्तरी होने की उम्मीद है। दरअसल, बाद में बलिया के रास्ते बिहार के लोग भी आसानी से सड़क मार्ग से राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का कुल बजट 56,000 करोड़ रुपये का है। इसमें पहले चरण की कुल निर्माण लागत 37,350 करोड़ रुपये अनुमानित है। इसमें लगभग 9,500 करोड़ रुपये की भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है।

# रोडवेज बस की टक्कर से सिपाही सहित 2 की मौत

**महोबा, अमृत विचार :** कबरई क्षेत्र में चंद्रावल रोड मोड़ के समीप मंगलवार रात एक रोडवेज बस ने डायल 112 वाहन में टक्कर मार दी, जिससे पीआरवी वाहन में बैठे एक सिपाही की मौत हो गई और दो अन्य सिपाही घायल हो गए। दुर्घटना के बाद भागने के चक्कर में बस चालक ने परमानंद तिराहे के पास एक राहगीर को भी टक्कर मार दी जिससे उसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बस चालक दुर्घटना करने के बाद बस को महोबा रोडवेज वर्कशाप पर खड़ी कर रफूचक्कर हो गया। दुर्घटना के बाद चालक बस को लेकर तेज रफ्तार से महोबा की ओर निकल गया और शहर के परमानंद तिराहे पर एक राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में कांस्टेबल सुभाषचंद्र और अज्ञात राहगीर की मौत हो गई। वहीं हेड कांस्टेबल अब्दुल हक और बेचनलाल को इमरजेंसी में भर्ती किया गया।

## सार-संक्षेप

### इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाने को लेकर प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की



**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा ने घर जलाने के मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। उक्त मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने सात जुलाई 2024 को विधायक को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाई थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस संदर्भ में प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार ने इरफान सोलंकी की सजा को सात साल से बढ़ाकर उम्रकैद में तब्दील किए जाने की गुहार लगाते हुए अपील दाखिल की है, जिसके कारण इरफान सोलंकी की याचिका पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब प्रदेश सरकार की अपील के साथ इरफान सोलंकी से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ के समक्ष होगी। प्रदेश सरकार की वर्तमान अपील पर अगली सुनवाई आगामी 24 सितंबर को सुनिश्चित की गई है।

### सिपाही ने साथियों के साथ मिलकर लूटा था नेता को

**महोबा, अमृत विचार।** दो दिन पहले चरखारी मार्ग पर भाजपा नेता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत और लूटपाट की घटना का पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने दो दिन के अंदर खुलासा कर दिया है। खुलासे में घायल भाजपा नेता को अस्पताल ले जाते समय डायल 112 के सिपाही ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लूटपाट की थी। पुलिस ने सिपाही सहित दो अन्य साथियों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके हवाले से लूटी गई चेन और अंगूठी भी बरामद कर ली।

### न्यायिक अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कुछ न्यायिक अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन के साथ-साथ कुछ का स्थानांतरण किया है, जिनमें सर्वप्रथम शिव कुमार यादव सिविल जज (जूनियर डिवीजन) को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), हाथरस के रुप में स्थानांतरित किया गया है। प्रियांशु शैलत अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कासगंज को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गोंडा के रूप में स्थानांतरित किया गया है। सुश्री शालिनी सिंह-द्वितीय, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), कासगंज को दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 11(2) के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, कासगंज बनाया गया है। श्रीमती महिमा चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी), कासगंज को अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गोंडा बनाया गया है। उपरोक्त जानकारी महानिबंधक राजीव भारती ने बुधवार को जारी की है।

### आशा संगनियों को मानदेय बढ़ाने का मिला आश्वासन

**लखनऊ, अमृत विचार।** स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आशा एवं आशा संगनियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सारी मांगों को सरकार गंभीरता से ले रही है और बहुत जल्द ही समस्याओ के समाधान की खुशखबरी मिलेगी। यह बात उन्होंने, प्रोत्साहन राशि बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर मुलाकात करने आए "आल आशा एवं आशा कार्यकर्ती सेवा समिति" के पदाधिकारियों से कही। राजभवन कालोनी स्थित आवास पर बुधवार को मुलाकात करने पहुंचे समिति के राष्ट्रीय संरक्षक आशीष तिवारी ने बताया की महंगाई बढ़ने के बावजूद आशाओं को साल 2006 में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि आज भी है। उप मुख्यमंत्री से आशा एवं आशा संगिनी को एक मुस्त मानदेय देने और प्रोत्साहन राशि को दो गुना करने की मांग की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना जो आंगनबाड़ियों को दे दिया गया है, वह पुनः आशा संगिनी को वापस किया जाए, यह कार्य 2017 से आशा एवं संगिनी बहने करती आ रही हैं। इस मौके पर संगठन के प्रदेश पदाधिकारी उषा पटेल, संध्या सिंह, किरण कुमार, पूनम, उषा सिंह और कई आशाएं बहने उपस्थिति रही।

# उप्र. में थमेगा बारिश का सिलसिला

**लखनऊ,अमृत विचारः** मौसम विभाग ने राज्य में कुछ दिनों से हो रही बारिश के फिलहाल थमने की संभावना जतायी है। हालांकि आने वाले 24 घंटे में पश्चिमी उप्र. और अन्य इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है।

दरअसल, कम दबाव क्षेत्र के पश्चिमी उप्र. की ओर जाने से बुधवार को दिल्ली से सटे लगभग 15 इलाकों गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर व फिरोजाबाद के अलावा आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर आदि में भी भारी बारिश देखने को मिली। इस बीच उप्र. के तमाम इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार से अधिकांश हिस्सों में मानसून में सुस्ती और बारिश के थमने के संकेत हैं। इसके बाद मौसम साफ होगा और धूप खिलेगी। इस बीच तापमान में भी बढ़ोतरी संभव है।

# 120 और इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुरादाबाद, लखनऊ, व अयोध्या आदि में विभिन्न रूटों पर चलेंगी

**अमृत विचारः** राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में पहले से घोषित 100 बसों के अलावा 120 इलेक्ट्रिक अन्य बसों के शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जल्द ही विभाग की तरफ से निविदा की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह बसें अलीगढ़, मुरादाबाद, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में संचालित की जायेंगी।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुसार इलेक्ट्रिक बसें सुविधायुक्त व अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगी। अलीगढ़-मुरादाबाद क्षेत्र में 30-30 इलेक्ट्रिक बसें, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में 20-20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी। अलीगढ़ क्षेत्र में अलीगढ़- नोएडा वाया जेवर 10 बसें, अलीगढ़-बालाबागड़-फरीदाबाद 4, अलीगढ़-मथुरा 4, अलीगढ़-कौशाम्बी वाया खुर्जा 8 और अलीगढ़-डिबाई-अनूपशहर-संभल-मुरादाबाद रूट पर 4 बसें संचालित होंगी। इसी प्रकार मुरादाबाद क्षेत्र में कुल 30 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी। मुरादाबाद-कौशाम्बी रूट पर 10, मुरादाबाद-मेरठ रूट पर 6, मुरादाबाद-नजीबाबाद कोटवार रूट पर 4, कटघर-बरेली रूट पर 2, कटघर-हल्द्वानी रूट पर 4, कटघर-अलीगढ़ रूट पर 2 एवं कटघर-रामनगर रूट पर 2 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा।

# सियार ने कई लोगों को काटकर किया जख्मी

**रायबरेली,अमृत विचारः**कोतवाली क्षेत्र के मीठापुर गांव व उसके आसपास जंगली सियारो का आतंक है। बुधवार को तीन जंगली सियार गांव के अंदर घुस आए। एक सियार ने तो घर के अंदर घुसकर 10 वर्षीय राज पुत्र दुर्गेश को काट लिया। इसके अलावा अमर बहादुर को भी काटकर घायल कर दिया। एक गाय, एक भैंस भी जंगली सियार के हमले से जख्मी हुए हैं। जब गांव के लोगों और कुत्तों ने सियारो को दौड़ाया तो दो सियार तो जंगल की ओर भाग गए, लेकिन एक सियार को गांव वालों ने मार डाला। हालांकि इस बीच एक कुत्ता भी सियार के हमले से घायल हो गया। सूचना के बावजूद वन विभाग के लोग नहीं पहुंचे थे। क्षेत्रीय वन अधिकारी एके सिंह ने बताया सियार के हमले से दो लोग घायल हुए है। कोई क्षति नही पहुंची स्थिति सामान्य है। टीम भेजी गई सियार का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# भदोही आत्महत्या मामले में सपा विधायक का बेटा गिरफ्तार

- नाबालिग लड़की को आत्महत्या के लिए उकसाने का है आरोप

**भदोही,एजेंसीः** जिले से सपा विधायक जाहिद बेग के बेटे जाएम बेग को एक नाबालिग लड़की की आत्महत्या के सिलसिले में बुधवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज दो मामलों की जांच के बाद यह गिरफ्तारी की गई है। उन पर नाबालिग लड़की से बंधुआ मजदूरी करवाने और नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। दोनों मामलों में विधायक के बेटे पर भी आरोप लगाया गया है।

भदोही की पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने कहा कि जांच में पाया गया कि नाबालिग लड़की नाजिया से जबरन काम कराया जाता था और उसने अपनी मौत से पहले विधायक के घर से भागने की इच्छा जताई थी। जांच में पता चला कि विधायक का बेटा इस मामले में शामिल था। उन्होंने बताया कि जाएम बेग को भदोही-जौनपुर सीमा के पास मखदूमपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। विधायक जाहिद बेग के आवास पर काम करने वाली 17 साल की एक घरेलू सहायिका ने आठ सितंबर की रात विधायक के ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था।

जांच के आधार पर जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ बंधुआ मजदूरी प्रणाली (निषेध) अधिनियम की धारा 108 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## वर्ग पहेली-196

**बाएं से दाएं**

1. शिव, संहार करने वाले महेश।

5. 1. सेवानिवृत्ति, अवकाश प्राप्ति 2. एकांत 3. चला जाना, हट जाना।

6. आंखों में लगाई जाने वाली वह कालिख जो तेल

8. 1. खाद्य पदार्थ 2. रसद, सेना या सिपाही आदि की खुराक 3. सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर गरीब जनता को दी जाने वाली खाद्य-सामाग्री।

**ऊपर से नीचे**

2. रुकने की क्रिया या भाव, व्यवधान, अवरोध।

3. 1. धारण करने योग्य 2. पहने जाने के योग्य वस्त्र या पोशाक।

4. 1. जिसमें अवकाश या खाली स्थान न हो (भू-खंड) 2. जिसे अवकाश या फुरसत न हो (व्यक्ति)।

7. 1. व्यक्ति, मनुष्य 2. सर्वसाधारण लोग, मनुष्य समूह, लोक, जनता, प्रजा 3. अनुचर, अनुयायी 4. दास, नौकर 5. कल्पित सात लोकों में पांचवां लोक।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 3 | ■ | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | |
| | ■ | 8 | | | ■ |

**वर्ग पहेली -195 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शो | ■ | 2 रा | ■ | ■ |
| 3 अ | भि | यो | ज | न | ■ |
| ■ | त | ■ | नी | ■ | 4 म |
| ■ | ■ | 5 अ | ति | क | थ |
| ■ | 6 यु | व | क | ■ | नी |
| ■ | ■ | मं | ■ | ■ | ■ |
| 7 म | ह | ता | बी | ■ | ■ |

# फर्जी प्रमाण पत्र से एमबीबीएस में दाखिला पाने वाले आठ प्रवेश निरस्त

- मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज में लिया था दाखिला

**लखनऊ, अमृत विचार।** फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेने वाले आठ छात्रों का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई बुधवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संबन्धित जिलाधिकारियों द्वारा अल्पसंख्यक प्रमाण पत्रों के अवैध होने की पुष्टि होने के बाद की।

नीट यूजी की प्रथम चरण की काउंसिलिंग में अल्पसंख्यक श्रेणी की आरक्षित सीटों पर बौद्ध समुदाय के फर्जी प्रमाण लगाकर अभ्यर्थियों द्वारा दाखिला लेने का खुलासा हुआ। संबन्धित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा आठ प्रमाण पत्रों को विधि विरूद्ध पुष्टि करने के बाद, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने सभी आठ अभ्यर्थियों के प्रवेश निरस्त कर दिए।

# पूर्व आईएएस के आवास से 7 करोड़ के हीरे बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा सरकार में शक्तिशाली आईएएस अधिकारी था आरोपी

**अमृत विचार :** प्रदेश के पूर्व आईएएस अधिकारी के चंडीगढ़ स्थित आवास से प्रवर्तन निदेशालय ने सात करोड़ रुपये के हीरे बरामद किए हैं। वह आईएएस बसपा सरकार के खास अफसरों में शामिल थे।

ईडी ने नोएडा की रीयल एस्टेट कंपनी हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, मेरठ और गोवा स्थित ठिकानों पर मंगलवार को छापा मारा था, जिसमें उस आईएएस का आवास भी शामिल था। छापों में करीब एक करोड़ रुपये नगदी, 12 करोड़ रुपये के हीरे, सात करोड़ रुपये कीमत के सोने के जेवरात और कागजाद बरामद किए गए हैं। इस प्रकरण में ईडी नोएडा अथॉरिटी के तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका की जांच भी कर रही है, जिसके तहत पूर्व आईएएस के आवास को खंगाला गया है। ईडी ने हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के साझीदारों में शामिल मेरठ निवासी आदित्य गुप्ता और आशीष गुप्ता के पांच ठिकानों पर छापा मारा गया था। उनका शारदा एक्सपोर्ट के नाम से कालीन का कारोबार भी बता चला है। इस दौरान आदित्य गुप्ता के आवास से पांच करोड़ रुपये के हीरे बरामद हुए हैं। आदित्य और आशीष ने भी नोएडा में बुलेवार्ड नामक अपार्टमेंट का निर्माण कराया है, ईडी उसकी भी जांच कर रही है। छापों के दौरान ईडी को कंपनी के निदेशकों आदि के छह बैंक लॉकरों का भी पता चला है।

# आरटीईः शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश का शेड्यूल जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शिक्षा का अधिकार अधिनियम(आरटीई) के शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन का शेड्यूल जारी कर दिए गया है। सभी चयनित बच्चों को समय से स्कूलों में प्रवेश कराया जा सके। खास बात यह है कि समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के प्रयास से 42 हजार से अधिक नए प्राइवेट स्कूलों को आरटीई मैपिंग से जोड़ने में सफलता मिली है। अब राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के 63 हजार से अधिक निजी विद्यालयों में बच्चों को आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश मिल सकेगा।

पहले 42 हजार स्कूल आरटीई पोर्टल पर नहीं दिखते थे। इससे आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों को विद्यालय चयन में दिक्कत आती थी। लेकिन इस बार नए सत्र से ये समस्या खत्म हो जाएगी। अभी तक 21 हजार विद्यालयों में ही आरटीई के तहत प्रवेश हो पाता था। नये सत्र में आवेदन प्रक्रिया 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगी। आवेदन चार चरणों में लिए जाएंगे। चारों चरण में आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 अप्रैल तक बच्चों को निःशुल्क प्रवेश हर हाल में मिल जाए और उनकी पढ़ाई पिछड़ न पाए। ऐसा पहली बार है जब इतनी जल्दी नए सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी हुआ है।

**इस तरह करें आवेदन**

**प्रथम चरण :** आवेदन 24 से 19 दिसंबर तक, सत्यापन 20 से 23 दिसंबर, लॉटरी 24 दिसंबर को स्कूल आवंटन 27 दिसंबर

**द्वितीय चरण :** आवेदन 1 जनवरी 2025 से 19 जनवरी तक, सत्यापन 20 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक, लॉटरी 24 जनवरी, स्कूल आवंटन 27 जनवरी

**तृतीय चरण :** आवेदन 1 फरवरी से 19 फरवरी तक, सत्यापन 20 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक, लॉटरी 24 फरवरी तक, स्कूल आवंटन 27 फरवरी को

**चौथा चरण :** आवेदन 1 मार्च से 19 मार्च 2025 तक, सत्यापन 20 मार्च 23 मार्च तक, लॉटरी 24 मार्च को, स्कूल आवंटन 27 मार्च को

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 2 | | 7 | 9 |
| | 7 | | 4 | | | 8 | | |
| | | 9 | | | 8 | 5 | | 6 |
| | | 8 | | | | | 9 | |
| 9 | | | 7 | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | | 3 | 8 | | | 7 | | |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 1 | 8 | | 2 | 9 | | | 6 | |

**सुडोकू - 108 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थितिः 19 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 20 सितंबर 00 .39 तक तत्पश्चात तृतीया।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराभाद्रपद 08 .04 तक तत्पश्चात रेवती 20 सितंबर 05 .15 तक तत्पश्चात अश्विनी।


मेष
आज प्रेमीजन के प्रति विश्वास भाव रखें। जोड़ों में दर्द और खराब पाचन की समस्या हो सकती है। घर में आपका मन नहीं लगेगा। सरकारी कार्यों में अवरोध आ सकता है। इस समय आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध के कारण आप अपने काम बिगाड़ सकते हैं।


वृष
आज अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा।


मिथुन
आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है।


कर्क
आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।


सिंह
आज यह धैर्य रखने का समय है। रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। मन में निराशा का भाव न पनपने दें। योग और प्राणायाम के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं।


कन्या
आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में निवेशक आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कार्य शुरू कर सकते हैं, लेकिन अत्यधिक अधीरता ठीक नहीं है।


तुला
आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। गृहस्थ जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन अवश्य लें। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।


वृश्चिक
आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उच्च अधिकारियों को नाराज न करें। आप काम में काफी व्यस्त हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में कठिनाई देखने को मिलेगी। मौसम परिवर्तन के कारण बुखार और सर्दी की शिकायत हो सकती है।


धनु
आज बड़ी डील करने के लिए समय उत्तम नहीं है। घर में कलह का माहौल हो सकता है। भोजन में शुद्धता और सफाई का ध्यान रखें। सामाजिक कार्यों में ज्यादा सक्रिय न रहें। होटल कारोबारियों के लिए दिन कुछ कमजोर हो सकता है।


मकर
आज अपनी पुरानी गलतियों से आप सीख सकते हैं। किसी दुविधा का समाधान मिलने से मन प्रसन्न होगा। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन शुभ सिद्ध होगा। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ मिल सकता है।


कुंभ
आज दांपत्य संबंधों में प्रेम और विश्वास की भावना बढ़ेगी। आपके द्वारा बनाई गई योजना सफल होगी। आकस्मिक खर्च सामने आएंगे। घर में मेहमान आ सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


मीन
आज किसी महत्वपूर्ण बिजनेस मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके स्वभाव में गंभीरता रहेगी। व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास रखें। परिवार और कार्यक्षेत्र में शानदार तालमेल रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि. नटवरलाल
सुबह : 09 .00
कर्तव्य
शाम : 06 .00

SONY PIX
द कॉन्ज्यूरिंग
सुबह : 10 .46
मैकेनिक
रात : 09 .00

&pictures
बागी
सुबह : 11 .37
द लास्ट कलर
रात : 08 .00

ZEE CINEMA
शिवा द सुपर हीरो 2
सुबह : 10 .40
स्कंदा
रात : 08 .00

colors CINEPLEX
वेलकम
दोपहर : 12 .00
फिर हेरा फेरी
रात : 07 .47

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सास- बहू कौन आया है बाहर?
बहू- मां जी भिखारी था, मैंने भगा दिया।
सास (गुस्से में)- अरे, मुझसे बिना पूछे भिखारी को भगा दिया, उसे जल्दी वापस बुला। (भिखारी के वापस आने के बाद)
सास- सुन रे भिखारी इस घर की मालकिन मैं हूं, खबरदार जो फिर से भीख मांगने आया, भाग जा यहां से...

सिट्टू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं!
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और ती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।
बिट्टू की बात सुनकर सोनू हैरान रह गया!

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी**- शिवालिक- 975, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880 **रामपुर** : शिवालिक-970, फ्लैग-1090, डीएमओ-840, बोल्ड-1160।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** -तुलसी 2460, राज श्री 1780, फ़ॉर्चून कि. 2070, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 1910, जय जवान 1855, सचिन 1920, सूरज 1880, अवसर 1940, राग गोल्ड 2035, गृहणी ली 1940, क्लासिक (किलो) 1990, मोर 2035, चक्र टिन 2275, ब्लू 2070, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2430 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30500, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 89,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,850-56,050 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,200 |
| चांदी तैयार | 88,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 74,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,500 |
| चांदी पक्की | 868 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 74,900 |
| चांदी आभूषण | 88,500। |

# पीएम-आशा योजना जारी रखने को मंजूरी

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में फैसला, 35 हजार करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम-आशा योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है।

सरकार की ओर से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमत में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी गई। 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान



2025-26 तक कुल वित्तीय व्यय 35,000 करोड़ रुपये का होगा।

सरकार ने किसानों और उपभोक्ताओं को अधिक कुशलता से सेवा प्रदान करने के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजनाओं को पीएम-आशा में एकीकृत किया है। सरकार ने कहा, 'पीएम-आशा की एकीकृत योजना, कार्यान्वयन में अधिक प्रभावशीलता लाएगी, जो न केवल किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने में मदद करेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करके आवश्यक वस्तुओं की मूल्य अस्थिरता को भी नियंत्रित करेगी।' पीएम-आशा में अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ), मूल्य घाटा भुगतान योजना (पीओपीएस) और बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के घटक होंगे। पीएम-आशा किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना है।

### जैव प्रौद्योगिकी विभाग की दो योजनाएं भी रहेंगी जारी

**नई दिल्ली।** कैबिनेट ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के जैविक विनिर्माण एवं जैविक फाउंड्री कार्यक्रम के लिए 9 हजार 197 करोड़ रुपये के परिव्यय को भी मंजूरी दे दी। इसके तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की दो प्रमुख योजनाओं का एक नई योजना 'जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान नवाचार और उद्यमिता विकास (बायो-आरआईडीई) के साथ विलय कर दिया गया है। इस योजना के तीन व्यापक घटक जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास (आरएंडडी), औद्योगिक और उद्यमिता विकास (आईएंडईडी) और बायोमैन्युफैक्चरिंग तथा बायोफाउंड्री हैं। 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान एकीकृत योजना 'बायो-राइड' के कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित परिव्यय 9197 करोड़ रुपये है।

# 2030 तक दोगुनी होगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

* नीति आयोग के सीईओ सुब्रह्मण्यम ने जताई उम्मीद



नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था का आकार आसानी से दोगुना कर सकता है। 'पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया' (पीएएफआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुब्रह्मण्यम ने कहा कि जलवायु परिवर्तन भारत के लिए जलवायु प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनने का एक अवसर है।

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 2030 तक आसानी से दोगुनी हो जाएगी। 2026-2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा के लिए एक सुसंगत व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में वर्तमान में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका आकार करीब 3,700 अरब अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा, 'भारत एक बड़ा प्रभावशाली खिलाड़ी होगा। पहले ही उसका काफी महत्व है और 2047 तक वैश्विक मामलों में इसका और भी अधिक महत्व होगा।'

सुब्रह्मण्यम ने कहा कि 2047 तक भारत जनसांख्यिकी दृष्टि से दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक होगा। वह समृद्धि की ओर अग्रसर होगा तथा अनुमानित प्रति व्यक्ति आय करीब 18,000 से 20,000 अमेरिकी डॉलर होगी। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत के एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभरने की उम्मीद है, जो पिछले दशक में प्राकृतिक आपदाओं तथा गरीबी जैसी चुनौतियों से निपटने में की गई पर्याप्त प्रगति पर आधारित है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि हरित अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आयोग 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए एक मार्ग विकसित करने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हमने एक कार्यबल का गठन किया है और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' नीति आयोग के सीईओ ने वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) के महत्व को भी रेखांकित किया।

# सीतारमण ने शुरू की एनपीएस वात्सल्य योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुसार बुधवार को एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने नए नाबालिग ग्राहकों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) कार्ड वितरित किए। एनपीएस वात्सल्य कार्यक्रम पूरे देश में लगभग 75 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए गए।

सीतारमण ने सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अटल पेंशन योजना के तहत अब तक 39 हजार करोड़ रुपये से अधिक का संपदा प्रबंधन किया जा



रहा है। इसी तरह से राष्ट्रीय पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत 39 लाख करोड़ रुपये का संपदा प्रबंधन किया जा रहा है।

वित्तमंत्री ने लोगों से अपने और अपने जानने वालों के बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर एक हजार रुपये का एनपीएस वात्सल्य उपहार के तौर पर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ जैसे अभियान संचालित करती है, उसी तरह से अन्य योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं।

### क्या है वात्सल्य योजना और कैसे करें इसमें निवेश

एनपीएस वात्सल्य योजना के तहत माता-पिता पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत कर सकेंगे। माता-पिता ऑनलाइन या बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य में शामिल हो सकते हैं। वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान 1,000 रुपये है। इसके बाद सालाना 1,000 रुपये का योगदान देना होगा। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे एनपीएस वात्सल्य खाता खोल सकते हैं, जो 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर स्वत: ही नियमित एनपीएस खाते में परिवर्तित हो जाएगा।

## इस वर्ष होगा रिकॉर्ड चावल का उत्पादन

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र कृषि विभाग (यूएसडीए) ने भारत में बुवाई रकबा बढ़ने से चालू विपणन वर्ष में चावल का उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले एक प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 13.9 करोड़ मिट्रिक टन पर पहुंचने अनुमान लगाया है। यूएसडीए ने बुधवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि भारत के विपणन वर्ष 2024-25 के चावल उत्पादन का रिकॉर्ड 13.9 करोड़ मीट्रिक टन होने की संभावना है, जो पिछले महीने से मामूली वृद्धि और पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत अधिक है। हालांकि उपज 4.30 टन प्रति हेक्टेयर रहने का अनुमान है, जो पिछले महीने और पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम है।

# सहारा समूह के जमाकर्ताओं के लिए रिफंड सीमा बढ़ी, 50 हजार रु. की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने सहारा समूह सहकारी समितियों के छोटे जमाकर्ताओं के लिए वापस की जाने वाली राशि की सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी है। सरकार ने अब तक सीआरसीएस (सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक)-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4.29 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपये जारी किए हैं।



एक अधिकारी ने कहा कि रिफंड राशि की सीमा 50,000 रुपये तक बढ़ने से अगले 10 दिन में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते छोटे जमाकर्ताओं के लिए रिफंड राशि की सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई थी। सरकार रिफंड जारी करने से पहले दावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस आर सुभाष रेड्डी डिजिटल तरीके से पैसे के वितरण मामले की देख-रेख कर रहे हैं।



## एक नजर

### चुनावों में मुफ्त उपहार के वादों के खिलाफ याचिका की सुनवाई पर विचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार देने के वादे से जुड़ा मुद्दा बहुत अहम है और इस प्रवृत्ति के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को अपनी कार्यसूची से नहीं हटाएगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई .चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील और जनहित याचिका दाखिल करने वाले अश्विनी उपाध्याय से कहा कि अर्जी पहले ही आज की कार्य सूची में है और उनपर सुनवाई की जरूरत है।

### शाह श्वेत क्रांति 2.0 पहल की आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को डेयरी क्षेत्र में बदलाव के लिए 'श्वेत क्रांति 2.0' सहित तीन प्रमुख पहल की शुरुआत करेंगे। श्वेत क्रांति 2.0 के अलावा अन्य दो पहल में डेयरी किसानों को सूक्ष्म-एटीएम और रुपे-किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण शामिल है, जिसका उद्देश्य उनकी वित्तीय पहुंच को बढ़ाना है। श्वेत क्रांति 2.0 का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में डेयरी सहकारी समितियों द्वारा दूध की खरीद में 50 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

### जबलपुर में ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में एक डम्पर और ऑटो-रिक्शा की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद डम्पर ऑटो पर पलट गया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दस अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना बुधवार शाम सिहोरा-मझगवां सड़क पर हुई। जबलपुर के जिलाधिकारी दीपक सक्सेना ने हादसे में चार पुरुषों और तीन महिलाओं सहित सात लोगों की मौत की पुष्टि की है। सक्सेना ने कहा कि इस दुर्घटना में छह पुरुषों और चार महिलाओं सहित दस अन्य लोग घायल हो गए। सभी मृतक और घायल पड़ोसी प्रतापपुर गांव के निवासी हैं। घायलों को इलाज के लिए सिहोरा अस्पताल भेजा गया है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यावहारिक नहीं: विपक्ष

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इसे चुनाव के समय मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्षी दलों ने 'एक साथ चुनाव' की अनुशंसाओं को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद बुधवार को आरोप लगाया कि 'एक देश, एक चुनाव' का विचार व्यवहारिक नहीं है और भाजपा का एक सस्ता हथकंडा है। कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि देश इस विचार को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक देश, एक चुनाव केवल ध्यान भटकाने का भाजपाई मुद्दा है। यह संविधान के खिलाफ है, लोकतंत्र के प्रतिकूल है, संघवाद के विरुद्ध है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।' तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 'एक देश, एक चुनाव' को भाजपा का सस्ता हथकंडा बताया



और सवाल किया कि यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ महाराष्ट्र के चुनावों की घोषणा क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने इस साल जून में बजट में लाडकी बहिन योजना की घोषणा की थी। पहली किस्त अगस्त में महिलाओं के बैंक खातों में पहुंच गई थी और दूसरी किस्त अक्टूबर में लाभार्थियों तक पहुंच जाएगी।

सीपीआई के महासचिव डी राजा ने कहा कि प्रस्तावित कदम से राज्यों के अधिकारों में कटौती होगी। राजा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमारे संवैधानिक ढांचे में एक देश, एक चुनाव एक अव्यावहारिक और अवास्तविक विचार है।' एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उन्होंने 'एक देश, एक चुनाव' का लगातार विरोध किया, क्योंकि इससे संघवाद समाप्त हो जाएगा और लोकतंत्र से समझौता होगा। आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक ने कहा कि जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ नहीं हो सकते तो सभी चुनाव एक साथ कैसे होंगे। झामुमो सांसद महुआ माझी ने आरोप लगाया कि भाजपा एक साथ चुनाव कराने पर जोर दे रही है, क्योंकि वह भारत में शासन करने वाली एकमात्र पार्टी बनना चाहती है।

### हरियाणाः कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में 7 वादे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए सात गारंटी की घोषणा की, जिसमें किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, जाति आधारित सर्वेक्षण कराने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने और 500 रुपये का गैस सिलेंडर तथा 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन गारंटी की घोषणा की। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आदि नेता मौजूद थे।

## राहुल के खिलाफ हिंसा-नफरत भड़का रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के विरुद्ध विवादित बयानों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ नफरत और हिंसा भड़का रही है तथा यह उनके जीवन को खतरे में डालने की साजिश है।

पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ हिंसक और नफरत वाले बयान देने वाले नेताओं को कानूनी रूप से जवाब दिया जाएगा। सिंघवी ने कहा कि बेहतर होता कि सरकार इस मामले में खुद कदम उठाती। सिंघवी ने कहा, 'भाजपा नेताओं की राहुल गांधी जी पर की गई टिप्पणी, राहुल गांधी जी के जीवन को खतरे में डालने की एक सोची समझी साजिश है। ये हिंसा और जंगलराज वाली राजनीति है, जिसकी परिभाषा में सिर्फ भय और घृणा है।'

# एक साथ चुनाव से खर्च में 30 प्रतिशत तक आ सकती कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

* विशेषज्ञ ने किया दावा, कहा- 'वोट के बदले नोट' पर भी अंकुश लगाना होगा

चुनाव खर्च पर नजर रखने वाले एक विशेषज्ञ का कहना है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लागू होने पर चुनाव खर्च में कम से कम 30 प्रतिशत की कमी आ सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन आयोग की कार्यकुशलता और राजनीतिक दलों के सहयोग पर निर्भर करेगा।

तीन दशकों से चुनाव व्यय पर नजर रख रहे एन भास्कर राव ने कहा कि 'वोट के बदले नोट' या मतदाताओं को लुभाने पर अंकुश लगाए बिना चुनाव खर्च में उल्लेखनीय कमी नहीं आएगी। इस साल हुए लोकसभा चुनावों से पहले सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के प्रमुख राव ने अनुमान लगाया था कि यदि 2024 में भारत में सभी स्तरों पर चुनाव होते हैं, तो इस पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।



राव ने स्पष्ट किया कि इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग को बताए गए आधिकारिक व्यय के आंकड़ों तथा चुनाव कराने में सरकार द्वारा किए गए व्यय के अतिरिक्त बेहिसाबी व्यय भी शामिल हैं। राव ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को अपनाने से अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये के चुनाव खर्च में से 3-5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है, जो निर्वाचन आयोग की कार्यकुशलता और राजनीतिक दलों के सहयोग पर निर्भर करेगा।

# पुलिस ने संजय रॉय का सामान जब्त करने में की देरी: सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

* कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म हत्या मामले का है मुख्य आरोपी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने के आरोपी संजय रॉय के कपड़े जब्त करने में दो दिन की देरी की, जबकि अपराध के एक दिन बाद 10 अगस्त को ही इसमें उसकी संलिप्तता का पता चल गया था। पुलिस के स्वयंसेवी के रूप में काम करने वाले रॉय को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया था, जिसमें वह घटना वाले दिन तड़के चार बजकर तीन मिनट पर कॉलेज के सेमीनार हॉल में घुसते हुए दिख रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि अपराध में रॉय की भूमिका पहले ही सामने आ गई थी, लेकिन ताला पुलिस ने उसके कपड़े तथा अन्य सामान जब्त करने में दो दिन तक अनावश्यक देरी की। उन्होंने कहा कि इससे उसके खिलाफ पुख्ता सबूत मिल सकते थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले की जांच संभालने वाली सीबीआई ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला पुलिस थाने के




प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए।

### तीनों आरोपियों के बीच साजिश तो नहीं, होगी जांच

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई अब यह जांच कर रही है कि क्या रॉय, घोष और मंडल के बीच कोई आपराधिक साजिश थी। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी मुख्य आरोपी और सह-आरोपियों के बीच आपराधिक साजिश की संभावना खंगालने के उद्देश्य से विभिन्न बयानों की पुष्टि करने के लिए हर व्यक्ति के फोन कॉल की जानकारियों का सत्यापन करेगी। एजेंसी दोनों से ताला पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज, अपराध स्थल, मेडिकल कॉलेज और उनके फोन से मिले डेटा के बारे में पूछताछ करेगी।

# सरकारी सुविधाओं को छोड़ेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे से दिल्ली की जनता बहुत दुखी और गुस्से में हैं कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा।

आप नेता ने कहा कि इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने तय किया कि मुख्यमंत्री को मिलने वाली सारी सुविधाएं वह छोड़ देंगे। बाकी नेताओं को भी हमने देखा है कि अगर वह किसी पद पर पहुंच गए और सुविधा मिल गई तो पद छोड़ने के बाद भी उन सुविधाओं को पाने के लिए सालों तक लड़ाई लड़ते हैं। सरकारी आवास से चिपके रहते हैं, लेकिन केजरीवाल ने अपना सरकारी आवास खाली करने का फैसला लिया है।

# भोपाल में शिक्षक ने तीन साल की छात्रा से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक निजी स्कूल के शिक्षक को तीन साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त प्रियंका शुक्ला ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रा की शिकायत को नजरअंदाज किए जाने के बाद उसकी मां ने सोमवार को पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जानकारी जुटाने के लिए स्कूल का दौरा किया और आरोपी कंप्यूटर शिक्षक कासिम रेहान (28) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि बच्ची की मां के अनुसार, उसने अपनी बेटी के निजी अंगों में चोट के निशान देखे जाने के बाद स्कूल में शिकायत की, लेकिन प्रबंधन ने नजरअंदाज कर दिया।

## महाराष्ट्र के ठाणे में गणेश विसर्जन के दौरान पथराव

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन करने जा रहे दो समूहों के बीच पहले विसर्जन करने को लेकर झड़प हो गई, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। घटना के वीडियो में कुछ लोग पथराव करते और पुलिस हस्तक्षेप करती हुई नजर आ रही है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया कि यह घटना भिवंडी इलाके में रात करीब 12.30 बजे हुई।

## रियाद मैथ्यू ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन के नए अध्यक्ष निर्वाचित

**नई दिल्ली।** मलयाला मनोरमा समूह के मुख्य एसोसिएट संपादक और निदेशक रियाद मैथ्यू को सर्वसम्मति से 2024-25 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) का अध्यक्ष चुना गया है। मैथ्यू अगस्त 2009 से पीटीआई के बोर्ड में निदेशक भी हैं। वह 2016-17 के लिए पीटीआई बोर्ड के अध्यक्ष थे। एबीसी के बयान में कहा गया है कि एबीसी परिषद में विज्ञापनदाताओं/ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करने वाले आईटीसी लिमिटेड के करुणेश बजाज को सर्वसम्मति से ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया।

# लाउडस्पीकर गणेशोत्सव पर हानिकारक हैं तो ईद पर भी : हाईकोर्ट

* बॉम्बे हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की टिप्पणी

**मुंबई, एजेंसी**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि यदि गणेश उत्सव के दौरान स्वीकार्य स्तर से अधिक लाउडस्पीकरों और ध्वनि प्रणालियों का प्रयोग हानिकारक है, तो ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान भी इसका वही प्रभाव होगा। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस अमित बोरकर की पीठ ने ईद-मिलाद-उन-नबी के जुलूसों के दौरान डीजे, लेजर लाइट आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली कई जनहित



याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

जनहित याचिकाओं में दावा किया गया है कि न तो कुरान और न ही हदीस में डीजे सिस्टम और लेजर लाइट के उपयोग का जिक्र है। पीठ ने गणेश उत्सव से ठीक पहले पिछले महीने पारित आदेश का हवाला दिया, जिसमें त्योहारों के दौरान ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत उल्लेखित सीमा से अधिक शोर करने वाली ध्वनि प्रणालियों और लाउडस्पीकरों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने पर जोर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ओवैस पेचकर ने अदालत से अपने पहले के आदेश में ईद को भी जोड़ने की अपील की, जिस पर पीठ ने कहा कि इसकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आदेश में सार्वजनिक त्योहार का उल्लेख किया गया है।

अदालत ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि यदि यह गणेश चतुर्थी के मौक पर हानिकारक है, तो ईद पर भी हानिकारक है। लेजर लाइट के इस्तेमाल पर पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे मनुष्यों पर ऐसी लाइटों के हानिकारक प्रभावों के बारे में वैज्ञानिक सबूत दिखाएं।

पीठ ने कहा कि ऐसी याचिकाएं दायर करने से पहले उचित शोध किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि आपने शोध क्यों नहीं किया? जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित नहीं हो जाता कि इससे मनुष्यों को नुकसान होता है, हम ऐसे मुद्दे पर कैसे निर्णय ले सकते हैं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को प्रभावी निर्देश देने के सिलसिले में अदालतों की मदद करनी चाहिए।

## खेल डायरी

### भारत के युवा भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 11 स्वर्ण पदक जीते

**सुवा (फिजी)।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिये। बाबुलाल ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बेदाबरत भाराली ने भी 73 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में स्नैच तथा क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

### अगले सत्र से बढ़ेगी डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज की ईनामी राशि

**मोनाको।** डायमंड लीग ट्रैक और फील्ड सीरीज में अगले सत्र से ईनामी राशि बढ़ाई जायेगी। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कू की अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष बनने की दावेदारी के बीच यह खबर आई है। अगले वर्ष से ईनामी राशि 92 लाख डॉलर होगी। अगले साल के कार्यक्रम में 14 एक दिवसीय प्रतियोगिता और अगस्त में ज्यूरिख में दो दिवसीय फाइनल होगा। हर प्रतियोगिता में प्रति खेल ईनामी राशि 30000 से 50000 डॉलर के बीच होगी। फाइनल में ईनामी राशि 60000 से 100000 डॉलर के बीच रहेगी।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप: फाइनल में उत्तर प्रदेश की भिड़ंत पंजाब से

**जालंधर।** उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सेमीफाइनल में कर्नाटक को हराकर हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत पंजाब से होगी। पंजाब ने सेमीफाइनल में हरियाणा को हराया। पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को 3-1 से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश की तरफ से राजेश यादव (41वें मिनट), अजीत कुमार (45वें मिनट) और फहद खान (57वें मिनट) ने गोल दागे। कर्नाटक के लिए कप्तान सुनील पीबी ने 53वें मिनट में सांत्वना भरा गोल किया। पंजाब ने दूसरे सेमीफाइनल में हरियाणा को 7-6 से हराया।

### चैंपियंस लीग में हैरी केन ने चार गोल करके वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़ा

**म्यूनिख।** हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की डिनामो ज़ाग्रेब पर धमाकेदार जीत में चार गोल किए, जिससे वह वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। केन के शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने डिनामो ज़ाग्रेब को 9-2 से करारी शिकस्त दी। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के किसी एक मैच में इतने अधिक गोल दागे गए। इससे बायर्न के नए कोच विंसेंट कोम्पनी ने यूरोपीय प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत भी की। केन ने तीन गोल पेनल्टी पर किये।

# चैंपियंस लीग: रियाल मैड्रिड की जीत में चमके काइलियन एमबाप्पे

**मैड्रिड, एजेंसी**

- एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का यह 49वां गोल था
- सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में




स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की तरफ से चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में नए सफर की शुरुआत करते हुए शानदार गोल दागा जिससे उनकी टीम स्टटगार्ट को 3-1 से हराने में सफल रही। सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में खेले गए मैच के दूसरे हाफ के शुरू में ही एमबाप्पे को रॉड्रिगो के क्रॉस पर खुला नेट मिला और उन्होंने गोल करने में गलती नहीं की।

एमबाप्पे ने मैच के बाद कहा, यह कड़ा मैच था जैसा कि चैंपियंस लीग में होता है लेकिन घरेलू मैदान कर जीत के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। एमबाप्पे के गोल ने गत चैंपियन मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्टटगार्ट ने 68वें मिनट में डेनिस उनडाव के गोल से बराबरी कर ली। एंटोनियो रुडिगर ने 83वें में मैड्रिड को फिर से आगे कर दिया और स्थानापन्न एंड्रिक ने इंजरी टाइम में गोल करके मौजूदा चैंपियन की जीत सुनिश्चित की। यह एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का 49वां गोल था, जिससे वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

# गोला फेंक एथलीट किरण डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- बजरंग पूनिया निलंबित खिलाड़ियों की सूची से गायब

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता गोला फेंक एथलीट किरण बालियान को प्रतिबंधित पदार्थ की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया जबकि विभिन्न खेलों के कई खिलाड़ियों के नाम डोपिंग करने वाले एथलीट की ताजा सूची में शामिल हैं। हैरानी की बात है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया का नाम ताजा अपडेट हुई सूची से गायब है जबकि उनका नाम नाडा द्वारा हाल में जारी की गई पिछली सूची में शामिल था।

नाडा ने 23 जून को दूसरी दफा निलंबित कर दिया था तीन हफ्ते पहले नाडा के अनुशासन रोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द कर दिया था कि उन्हें राष्ट्रीय संस्था द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिया गया था। नाडा ने 23 जून को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को निलंबित कर दिया क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान अपने मूत्र के नमूने देने से इनकार कर दिया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड कुश्ती विश्व (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील की थी और एडीडीपी ने 31 मई को इसे रद कर दिया था जब तक कि नाडा आरोप का नोटिस जारी नहीं करता।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं की गोला फेंक में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय बनी किरण मेटांडाईनोन की पॉजिटिव आयी हैं। अगर वह दोषी साबित होती है तो उन पर अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली तार गोला फेंक एथलीट मंजू बाला का नाम भी इस सूची में है। उन्हें स्टेराइड डाईहाइड्रोक्लोरोमिथाइल टेस्टोस्टेरोन और लिगांड्रोल (एसएआरएमएस एलजीडी-4033) का पॉजिटिव पाया गया। इस साल फेडरेशन कप में रजत पदक जीतने वाली शालिनी चौधरी को भी मेटांडाईनोन का पॉजिटिव पाया गया। लंबी दूरी की एथलीट छवि यादव को भी एक एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड ड्रोस्टानोलोन का पॉजिटिव पाया गया।

# स्पिन आक्रमण का सामना करने में सक्षम है टीम इंडिया

## बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से बोले, कोच गंभीर

**चेन्नई, एजेंसी**

- गंभीर ने कहा, अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं जसप्रीत बुमराह
- भारतीय कोच ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की प्रशंसा की



बातचीत के दौरान गंभीर और विराट।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय बल्लेबाजों के अच्छे स्पिन आक्रमण के सामने हाल के संघर्ष को दरकिनार करते हुए बुधवार को कहा कि उनके बल्लेबाज दुनिया के किसी भी तरह के आक्रमण का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। गंभीर ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी चौकड़ी ने भारत की बल्लेबाजी को तवज्जो देने की प्रवृत्ति को बदल दिया।

गंभीर से जब पूछा गया कि श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने सीमित ओवरों की श्रृंखला विशेषकर वनडे में भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए तो उन्होंने कहा, हमारी बल्लेबाजी इकाई में इतनी गुणवत्ता है कि वह किसी भी तरह के आक्रमण का सामना कर सकती है। टेस्ट और वनडे में काफी अंतर होता है। गंभीर ने अपने गेंदबाजों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा भारत एक समय बल्लेबाजी को तवज्जो देता था लेकिन बुमराह, शमी, अश्विन और जडेजा ने इसे गेंदबाजों का खेल बना दिया। गंभीर ने कहा, बुमराह अभी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है जो खेल के किसी भी चरण में अंतर पैदा कर सकता है। भारतीय कोच ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की भी प्रशंसा की। पंत दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगे। गंभीर ने कहा, पंत ने एक विस्फोटक बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय परिस्थितियों में उनकी विकेटकीपिंग को कम करके आंका गया है। अश्विन और जडेजा के सामने उनकी विकेटकीपिंग शानदार रही है। भारत के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर उन चिंताओं को खारिज कर दिया कि ड्रेसिंग रूम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ सामंजस्य बिठाने में उन्हें दिक्कत होगी।

### 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं ऋषभ पंत

**चेन्नई।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान अपने पुराने खेल की झलक पेश की। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया। अगर टीम प्रबंधन जुरेल को ही खिलाने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नहीं दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया।

### गौतम गंभीर ने हनुमान चालीसा पढ़ी और कोहली ने ओम नमः शिवाय जपा

**नई दिल्ली।** मैदान पर आक्रामकता के लिये मशहूर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों दिल्ली से हैं और इनके बीच कई समानताओं में से एक यह भी है कि ईश्वर पर दोनों की अटूट आस्था है। बीसीसीआई टीवी के लिये एक दूसरे से बातचीत में कोहली और गंभीर ने एक दूसरे से कई समानताओं पर बात की। गंभीर ने बताया कि जब वह पंद्रह साल पहले नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट बचाने की कोशिश में थे तब उन्होंने कैसे हनुमान चालीसा पढ़ी और दो दिन तक चली एक यादगार पारी खेल डाली। इसी तरह 2014 में कोहली ने आस्ट्रेलिया में चार टेस्ट शतक लगाये थे और बल्लेबाजी के दौरान वह ओम नम : शिवाय जाप कर रहे थे। कोहली ने गंभीर से पूछा भारत आस्ट्रेलिया श्रृंखला पर बात करते हैं। सबसे खास हमारी धरती पर बनाया गया दोहरा शतक होगा। मैं जानना चाहता हूं कि उस समय दिमाग में क्या चल रहा था। गंभीर ने इस पर कहा कि मुझे याद है कि आस्ट्रेलिया में जब तुमने बंपर श्रृंखला खेली थी। जहां तुमने बेशुमार रन बनाये और तुमने मुझे बताया कि तुम हर गेंद से पहले ओम नम : शिवाय बोल रहे थे।

# पिछले तीन वर्षों में रहा रोहित-विराट का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

| भारतीय बल्लेबाज | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | औसत |
| रोहित | 1090 | 42.00 |
| विराट | 1083 | 38.67 |
| शुभमन | 1078 | 37.17 |
| यशस्वी | 1028 | 68.53 |
| **भारतीय गेंदबाज** | | |
| खिलाड़ी | विकेट | इकोनॉमी |
| अश्विन | 103 | 2.81 |
| जडेजा | 67 | 2.62 |
| बुमराह | 58 | 3.00 |

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के जरिये लंबे टेस्ट सत्र का आगाज करेगी तो एक बार फिर दारोमदार कप्तान रोहित शर्मा, चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली और फिरकी के जादूगर रविचंद्रन अश्विन पर होगा। रोहित और कोहली ने पिछले तीन साल में पांच दिनी क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन तो अश्विन ने सर्वाधिक विकेट चटकाये हैं।

भारत ने जनवरी 2022 से अब तक 21 टेस्ट खेले, 12 जीते और सात गंवाये हैं जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। इस दौरान कप्तान रोहित 27 पारियों में करीब 42 की औसत से 1090 रन बना चुके हैं। दूसरे स्थान पर विराट कोहली ने 29 पारियों में 1083 रन बनाए हैं और औसत 38.67 का रहा। इसके बाद शुभमन गिल ने 31 पारियों में 37.17 की औसत से 1078 रन बनाए हैं। इस अवधि में रोहित और गिल दोनों के चार शतक और तीन अर्धशतक हैं जबकि विराट के दो शतक एवं तीन अर्धशतक हैं। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2023 में अपने पदार्पण मैच में ही शतक जड़ते हुए 171 रन बनाए थे। जायसवाल ने इसी वर्ष की शुरुआत में इंग्लैंड के सामने राजकोट टेस्ट में नाबाद 214 रन की धमाकेदार पारी खेली थी और उनका स्ट्राइक रेट 90.67 का रहा। इस खिलाड़ी के अब तक 16 पारियों में 68.53 की औसत से 1028 रन हैं और उसके नाम तीन शतक और चार अर्धशतक भी हैं।

गेंदबाजों में अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का नाम शीर्ष पर है, जिन्होंने 21 मुकाबलों में 2.81 की इकोनॉमी रेट से 103 विकेट लिए हैं। उनके बाद हरफनमौला रविंद्र जडेजा के 16 मैच में लगभग 2.62 की इकोनॉमी से 67 विकेट तो सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खाते में 12 मैच में लगभग तीन की इकोनॉमी से 58 विकेट हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस अवधि में 18 मैच में 44 विकेट लिये हैं।

# कामिंदु मेंडिस का शतक, श्रीलंका के स्टंप तक 7 विकेट पर 302 रन

**गॉल (श्रीलंका), एजेंसी**

- श्रीलंका के लिए सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने की ओर कामिंदु मेंडिस

मध्यक्रम बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस (114 रन) के शानदार शतक की बदौलत श्रीलंका मुश्किल हालात से उबरकर बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन स्टंप तक सात विकेट पर 302 रन बनाने में कामयाब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओरोरके ने 57 रन देकर तीन विकेट चटकाये लेकिन कामिंदु मेंडिस ने अपने सातवें टेस्ट में चौथा शतक जड़ दिया।

बायें हाथ के बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस ने महज 11 पारियों में 800 से ज्यादा रन बना लिये हैं और वह श्रीलंका के लिए सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाला खिलाड़ी बनने की ओर बढ़ रहे हैं, अभी यह रिकॉर्ड रॉय डायस के नाम है। इन चार शतकों के अलावा कामिंदु मेंडिस चार अर्धशतक भी लगा चुके हैं। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के 175 रन पर पांच विकेट झटक लिये थे और उसके पास उनकी पारी जल्दी खत्म करने का मौका था। कामिंदु मेंडिस ने कुसल मेंडिस (50 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन की भागीदारी निभाकर श्रीलंका को वापसी करने में मदद की। कामिंदु मेंडिस ने कामचलाऊ स्पिनर रचिन रविंद्र पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। कुसल मेंडिस के ग्लेन फिलिप्स (52 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट होने के बाद यह भागीदारी खत्म हुई।

# निगार करेंगी बांग्लादेश की टीम की अगुवाई

- संयुक्त अरब अमीरात में अक्टूबर में आयोजित होना है आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप

**ढाका, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2024 के लिये बांग्लादेश टीम की अगुवाई निगार सुल्ताना जोटी करेंगी। बांग्लादेश की टी-20 विश्वकप के लिए निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में नाहिदा अख्तर, शोरना अख्तर, राबेया, सुल्ताना खातून और फहीमा खातून के हाथ स्पिन की कमान होगी।

वहीं युवा मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, रितु मोनी और सोभना मोस्टरी से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार महिला टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी में बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के साथ शामिल है। टी-20 विश्वकप में बांग्लादेश तीन अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगा।

# पंजाब किंग्स के कोच बने पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आईपीएल टीम में हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को बुधवार को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह इस आईपीएल टीम में हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं।

फ्रेंचाइजी के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, हम रिकी को अगले चार सत्र के लिए हमारी टीम का मार्गदर्शन करने और उसे तैयार करने के लिए अपने साथ जोड़कर बहुत खुश हैं। उनका अनुभव एक ऐसी टीम बनाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है जो मैदान पर सफलता हासिल करे। आईपीएल के एक सूत्र कहा कि टीम के बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे। पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं। पोंटिंग ने कहा, मैं नई चुनौती लेने के लिए उत्साहित हूं। मैंने मालिकों और प्रबंधन के साथ आगे की योजनाओं पर बहुत अच्छी बातचीत की और हमारे समान विजन को देखकर उत्साहित हूं। कहा, हम वादा करते हैं कि प्रशंसक आगे चलकर एक बहुत ही अलग पंजाब किंग्स देखेंगे। बेलिस पिछले दो सत्र में टीम के कोच रहे जबकि अब संन्यास ले चुके शिखर धवन ने कप्तान की भूमिका निभाई।

## बॉलीवुड हलचल


### एक्शन पैक्ड युध्रा की एडवांस बुकिंग की हो चुकी है शुरुआत

**मुंबई।** एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर की फिल्म युध्रा के लिये एडवांस बुकिंग शुरू हो गयी है। एक्सेल एंटरटेनमेंट की आगामी थ्रिलर युध्रा अपने दमदार ट्रेलर और गानों के साथ खूब चर्चा बटोर रही है। युध्रा के लिए एडवांस बुकिंग ऑफिशियल तौर पर शुरू हो गई है। मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक थ्रिल से भरा ट्रेलर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है #युध्रा के लिए टिक, टॉक, टिक-इट्स अब खुले चुके हैं। नेशनल सिनेमा डे सेलिब्रेट करें और एयर 99 रुपये में युध्रा की टिकटें पाएँ। अभी अपनी टिकटें बुक करें। मिलते हैं फ़िल्मों में! #2डेजटूयुध्रा। 20 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली युधा का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसे फरहान अख्तर और श्रीधर राघवन ने लिखा है। सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन स्टारर यह फिल्म एक्शन से भरपूर अनुभव का वादा करती है। सिद्धांत ने युध्रा का किरदार निभाया है, जिसपर बदला लेने का जुनून है, जबकि मालविका, निखत का किरदार निभा रही हैं जो कहानी में गहराई और इमोशंस को लाती है।




### अमिताभ का गंदगी न फैलाने का प्रण

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने शहर में गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। अमिताभ अपनी फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी में अपने व्यवहार और आचरण से भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों को गंदगी न फैलाने को लेकर प्रेरित किया है। अमिताभ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए शहर में गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि ये उनके स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा हो सकता है। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया है। इसमें वह हिंदी और मराठी भाषा में बात करते नजर आ रहे हैं। वह वीडियो में हाथ जोड़कर कहते नजर आए, नमस्कार मैं हूं अमिताभ बच्चन। मी कचरा करणार नहीं। मैं कचरा नहीं करूंगा।



### द बकिंघम मर्डर्स की टिकट होगी 99 रुपये में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की टिकट राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर 99 रुपये में उपलब्ध होगी। 20 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर सिने प्रेमियों को करीना कपूर खान की द बकिंघम मर्डर्स की टिकट 99 रुपये में उपलब्ध होगी! इस फ़िल्म को करीना के करियर की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति माना जा रहा है। चूंकि यह फिल्म हिंदी और हिंग्लिश दोनों में उपलब्ध है, इसलिए दर्शक इसे किसी भी भाषा में देखने का विकल्प चुन सकते हैं। 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली, द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कलाकारों की टोली है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखित, यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स द्वारा निर्मित है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है और शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार निर्माता बनी करीना कपूर खान द्वारा निर्मित है।

# अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**शारजाह।** फजलहक फारूकी (चार विकेट) और ए एम गजनफर (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद गुलबदीन नईब (नाबाद 34) और अजमतउल्लाह ओमरजई (नाबाद 25) की शानदार पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 144 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार जब अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराया है। इसी के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) और रहमत शाह (8) रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट रियाज हसन (16) के रूप में गिरा। अजमतउल्लाह ओमरजई ने गुलबदीन नईब के साथ मोर्चा संभाला।

# मालविका ने चीन ओपन में तुनजुंग को सीधे गेम में हराया

**चांग्झू (चीन), एजेंसी**




- इंडोनेशिया की खिलाड़ी को 26-24 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की

भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम में तीन गेम प्वाइंट बचाए और इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग को 46 मिनट में 26-24, 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

बाइस साल की मालविका अगले दौर में राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पदक विजेता क्रिस्टी गिल्मोर से भिड़ेंगी। महिला एकल में हालांकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों आकर्षी कश्यप और सामिया इमाद फारूकी को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आकर्षी को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सामिया एकतरफा मुकाबले में क्रिस्टी के खिलाफ 9-21 7-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सीह पेई शेन और हुंग एन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-16 15-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी पहले दौर में टेन कियान मेंग और लाई पेई जिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21 16-21 से हार गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।


तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित मुख्य बौध मठ में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दलाई लामा की लंबी उम्र की कामना की गई। एजेंसी

**मेघालय की डौकी नदी से दिखा नजारा, पर पर्यटकों की संख्या अभी कम, तेज धमाके से पहाड़ टूट कर गिरे तो मचा हड़कंप, बीएसएफ के जवान कर रहे निगरानी**

# बांग्लादेश की इस सीमा पर सब सामान्य, गजब रोमांच

शैलेश अवस्थी, शिलांग

डौकी (मेघालय) बांग्लादेश बार्डर..... । चौतरफा पहाड़ियों से घिरी डौकी नदी बिल्कुल शांत बह रही, लेकिन भारत-बांग्लादेश के इस बार्डर पर हलचल फिर पहले की तरह शुरू हो गई है। पर्यटकों की संख्या जरूर कम है, लेकिन नजारा अब सामान्य हो चला है । डौकी नदी से सीमा के दृश्य रोमांचित करते हैं ।

शिलांग से कोई 90 किलोमीटर दूर यह संवाददाता दिन में 11बजे मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले के डौकी गांव पहुंचा । इसी गांव से सटी कई किलोमीटर लंबी डौकी नदी बह रही है, जिसे उमंगोट भी कहते हैं । अविरल, निर्मल और बिल्कुल स्वच्छ यह नदी भारत को बांग्लादेश से जोड़ती है । बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद हुई हिंसा के बाद इस नदी के किनारे, तट और टेंट-होम सुने हो गए थे । नदी पर मछली पकड़ने का काम भी ठप पड़ गया था । नाविक पर्यटकों की राह तकते और हताश होकर लौट जाते थे । इस नदी के जरिये रोजगार पा रहे दोनों तरफ के लोग निराश हो रहे थे। लेकिन अब हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं । फिर रौनक लौट रही है । नाविक शर्लिन हमारी कार देख दौड़ कर हमारी तरफ लपका । आठ सौ रुपए में हमें बांग्लादेश सीमा तक ले जाने को राजी हो गया । हम नाव पर बैठ गए और डौकी नदी पर हमारी यात्रा शुरू हो गई । 45 मिनट बाद हम बांग्लादेश बार्डर पर पहुंच गए । दृश्य रोमांच पैदा कर रहे थे । वहां बांग्लादेश के लोग खानपान के स्टाल लगाए थे । कुछ तो दौड़ कर नदी में कूदफांद करते हमारी नाव तक आ गए । कुछ खरीदने की चिरौरी करने लगे । इसी बीच उंची पहाड़ियों पर तेज़ धमाका हुआ और पत्थर टूट कर नदी में यूँ गिर रहे थे, जैसे फायरिंग हो रही हो । घबराहट हुई । बाद में पता लगा कि जब पहाड़ टूटते या तोड़े जाते हैं, तब ऐसा अक्सर होता है । अगले ही पल सब सामान्य हो गया । किनारे पर बांग्लादेश के लोगों की भीड़ दिख रही थी । उनमें से ज्यादातर पर्यटक ही थे और इस तरफ भी यहां घूमने आए भारत के कई राज्यों के लोग। डौकी गांव के निवासी नाविक शर्लिन ने बताया की बांग्लादेश में बवाल के बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो गई है, पर अब धीरे-धीरे हर दिन इजाफा हो रहा है । नाव के जरिये अपने परिवार पालने वाले दो सौ से अधिक नाविक तटों पर खाली बैठे थे । चौतरफ़ा सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बुटो की आवाज ही सन्नाटा तोड़ती थी । अब आवाजाही बढ़ी है । उसने बताया कि यहां सीमा पर कभी टकराव नहीं होता । दोनों तरफ के लोग रोजी-रोटी कमाते और शांति से रहते हैं । हां, एक दूसरे को सीमा पार नहीं करने देते । पुलिस और स्टीमर पर बैठे सीमा सुरक्षा बल के जवान कड़ी नज़र रखते हैं । यह सीमा दो दोनों देशों के कारोबार का बड़ा केंद्र है ।


बांग्लादेश सीमा पर डौकी नदी के पास मौजूद पर्यटक। अमृत विचार

### एक अमरूद 30 का, इमली बेर 100 रुपये एक डिब्बी

इस नदी की भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेश के मोहम्मद नियाज़ ने निवेदन किया तो हमने तीन अमरूद खरीदे । दाम 90 रूपए । महंगा है, कहने पर नियाज ने कहा मुश्किल से बिक्री होती है । बवाल के बाद तो गृहस्थी चलना मुश्किल है । सियासत से मेरा कोई मतलब नहीं । अरसे से यहीं खाने की चीजें बेच रहे हैं ।

### हमें कोई फर्क नहीं पड़ता बस रोजगार बना रहे

सीमा पर नदी में नहा रहे बांग्लादेश के इमरान कहते हैं.. बांग्लादेश में बवाल अब तो थम गया है । हां, कारोबार पर बुरा असर पड़ा है, पर अब फिर पहले जैसा माहौल बन रहा है ।" राजनीति पर बात की तो वह टाल गए । बोले हमें क्या लेनादेना, क्या फर्क पड़ता है, रोजगार ज़रूरी । इस पर सभी को सोचना चाहिए ।

## एक नजर

### चीन लगाएगा नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को हथियार बेचने के कारण नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। चीन विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने मंगलवार को कहा कि विदेश विभाग ने ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय (टीईसीआरओ) को 22.80 करोड़ डॉलर मूल्य की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है।

### पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करेगा: ईरान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को कहा कि रूस के साथ सहयोग को मजबूत करने से दोनों देशों पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों और अन्यायपूर्ण उपायों के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार पेजेशकियन ने रूसी संघ सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु के साथ एक बैठक में यह टिप्पणी की।

### बाइडन विश्व नेताओं के साथ करेंगे बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों पर वार्ता करने के लिए 23-25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर विश्व नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को कहा, 23-25 सितंबर को बाइडेन संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिये संरा मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर जाएंगे। वह महासभा को संबोधित करेंगे।

### इजराइली हमले में इस्लामिक जिहाद का सदस्य मारा गया

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनानी गांव पर बुधवार को इजराइली हवाई हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन की सैन्य शाखा अल-कुद्स ब्रिगेड का एक सदस्य मारा गया। सैन्य सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली युद्धक विमान ने हवा से जमीन पर मार करने वाली दो मिसाइलों से ब्लिडा गांव में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें ब्रिगेड के एक सदस्य की मौत हो गई।

### जुलूस निकालने के आरोपों को चुनौती देंगी महिलाएं

**सिंगापुर।** यहां भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन सिंगापुरी महिलाएं फिलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रपति के महल की ओर जुलूस निकालने में उनकी संलिप्तता को लेकर लगाए गए आरोपों को चुनौती देंगी। तीनों के खिलाफ दो फरवरी को बिना इजाजत जुलूस आयोजित करने के लिए जून में सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अन्नामलाई कोकिला पार्वती पर दो अन्य महिलाओं व अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर जुलूस का आयोजन करने के षडयंत्र में सहयोग करने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, 36 वर्षीय अन्नामलाई पर वर्जित क्षेत्र में सार्वजनिक जुलूस आयोजित करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है।

# जल संधि पर पाकिस्तान को नोटिस

## भारत ने नोटिस में बताए कारण, आखिर क्यों जरूरी है संधि में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत ने 64 साल पुरानी सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को नोटिस भेजा है, जिसमें उसने परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों और सीमा पार से लगातार जारी आतंकवाद के प्रभाव का हवाला दिया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के अनुच्छेद 12(3) के तहत 30 अगस्त को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया।

भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद 19 सितम्बर, 1960 को सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था, जो कई सीमा पार नदियों के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत की अधिसूचना में परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि विभिन्न चिंताओं में से महत्वपूर्ण हैं जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे तथा भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता।

भारत ने समीक्षा की मांग के पीछे एक कारण सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद का प्रभाव भी बताया है। डेढ़ साल में यह दूसरी बार है जब भारत ने सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। एक सूत्र ने कहा, यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चले आ रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी। सूत्र ने कहा, इस संबंध में, विश्व बैंक ने एक ही मुद्दे पर तटस्थ-विशेषज्ञ तंत्र और मध्यस्थता न्यायालय दोनों को एक साथ सक्रिय कर दिया है। सूत्र ने कहा इसलिए भारतीय पक्ष ने संधि के तहत विवाद समाधान तंत्र पर पुनर्विचार करने का भी आह्वान किया है। भारत ने विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता न्यायालय की प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया है।

नई दिल्ली का मानना है कि विवाद को सुलझाने के लिए दो समवर्ती प्रक्रियाओं की शुरुआत सिंधु जल संधि में निर्धारित तीन-चरणीय क्रमिक तंत्र के प्रावधान का उल्लंघन है। भारत तटस्थ-विशेषज्ञ कार्यवाही के माध्यम से विवाद के समाधान पर जोर दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस अधिसूचना के साथ भारत ने पाकिस्तान से सरकार से सरकार की वार्ता शुरू करने का आह्वान किया है ताकि अनुच्छेद 12(3) के प्रावधानों के तहत संधि की समीक्षा की जा सके।

### पहले भी कर चुके समीक्षा और संशोधन की मांग

पिछले वर्ष जनवरी में भारत ने पाकिस्तान को पहला नोटिस जारी कर संधि की समीक्षा और संशोधन की मांग की थी, क्योंकि इस्लामाबाद कुछ विवादों को निपटाने में अड़ियल रवैया अपना रहा था। भारत ने पिछला नोटिस इसलिए जारी किया था क्योंकि वह मध्यस्थता न्यायालय की नियुक्ति से विशेष रूप से निराश था। नई दिल्ली इस विवाद को सुलझाने के लिए दो समवर्ती प्रक्रियाओं की शुरुआत को समझौते में निर्धारित क्रमिक तंत्र के प्रावधान का उल्लंघन मानता है और आश्चर्य व्यक्त करता है कि यदि तंत्र विरोधाभासी निर्णय लेकर आए तो क्या होगा। भारत ने मध्यस्थता न्यायालय के साथ सहयोग नहीं किया है।

## ब्रिटेन ने भारतीयों सहित सभी से ई-वीजा अपनाने का किया आग्रह

**लंदन।** ब्रिटेन ने बुधवार को एक बड़ा अभियान शुरू किया और भारतीयों सहित देश भर में रह रहे सभी प्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे आव्रजन दस्तावेज का उपयोग करने के बजाए ई-वीजा को अपनाएं। ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की योजना के तहत भौतिक बायोमिट्रिक निवास परमिट (बीआरपी) या बायोमिट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) का इस्तेमाल करने वालों को अगले वर्ष तक पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। अधिकतर बीआरपी इस वर्ष के अंत तक समाप्त हो जाएंगे। उन्हें कई चरण में ऑनलाइन प्रणाली में लाया जा रहा है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय में प्रवासन एवं नागरिकता मंत्री सीमा मल्होत्रा ने कहा जिन लोगों के पास आव्रजन दस्तावेज हैं, उनसे आग्रह है कि वे ई-वीजा अपनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं और जिन लोगों को सलाह और सहायता की आवश्यकता है मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूं कि उन्हें सारी सुविधा मुहैया कराई जाएगी। गृह मंत्रालय ने कहा ईवीजा अपनाना निशुल्क और बेहद सरल है। यह ग्राहकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करता है, किफायती है और ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करता है।

# हंगरी में बने थे हमले में इस्तेमाल किए गए पेजर

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

- लेबनान और सीरिया में मंगलवार को हुए थे सैकड़ो विस्फोट

हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क को निशाना बनाने के इरादे से संभवतः इजराइल द्वारा किए गए हमले में इस्तेमाल जिन पेजर में लेबनान और सीरिया में विस्फोट हुए, उन्हें बनाने वाली ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो ने बुधवार को कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद एक अन्य कंपनी ने इन पेजर का निर्माण किया है, जिसे उन्होंने पेजर पर अपने अधिकृत ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार दिया था। आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल पेजर में मंगलवार को लेबनान और सीरिया में एक साथ विस्फोट हुए।

इस घटना में आठ साल की एक बच्ची समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और करीब 3,000 लोग घायल हो गए। हिज्बुल्ला और लेबनान की सरकार ने इस हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक रिमोट हमला था। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल ने मंगलवार को अभियान के समापन के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी। पेजर में कम मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखा गया था और फिर उसमें विस्फोट किया गया था। गोल्ड अपोलो द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, एआर-924 पेजर का निर्माण बीएसी कंसल्टिंग केएफटी ने किया था जो हंगरी की राजधानी में स्थित है। बयान में कहा गया है सहयोग समझौते के अनुसार हमने बीएसी को निर्दिष्ट क्षेत्रों (लेबनान और सीरिया) में उत्पाद की बिक्री के लिए हमारे ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करने का अधिकार दिया था, लेकिन उत्पाद के निर्माण के लिए सिर्फ बीएसी जिम्मेदार है।

### विस्फोटों के लिए इजराइल को जवाब देगा हिजबुल्लाह

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बुधवार को कहा कि वह पेजर विस्फोट में घायल हुए हजारों नागरिकों का बदला लेगा और इजराइल को करारा जवाब देगा। आंदोलन ने एक बयान में कहा लेबनान में इस्लामी प्रतिरोध पहले की तरह गाजा के समर्थन में अपने अभियान जारी रखेगा - यह एक सतत प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मंगलवार को लेबनानी लोगों पर किए गए नरसंहार के जवाब में दुश्मन को मिलने वाली कठोर प्रतिक्रिया से अलग है।

## अमेरिका की यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे मोदी : ट्रंप

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे।



रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप ने आयात शुल्क का दुरुपयोग करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक शानदार व्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे।

# बांग्लादेश में सेना को दी गई मजिस्ट्रेट की शक्तियां

ढाका, एजेंसी

- कानून-व्यवस्था सुधार लाने और विध्वंसक कृत्यों को रोकने के लिए अंतरिम सरकार ने लिया फैसला

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंसा प्रभावित देश में कानून-व्यवस्था में सुधार लाने और विध्वंसक कृत्यों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के वास्ते मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की हैं। जन प्रशासन मंत्रालय ने मंगलवार को सरकार के फैसले के संबंध में एक अधिसूचना जारी की और कहा कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अधिसूचना के मुताबिक, मजिस्ट्रेट की शक्तियां सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को दी जाएंगी और यह आदेश 60 दिनों तक प्रभावी रहेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने खबर दी है कि गृह सलाहाकर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि सेना को मजस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लोग लाभान्वित होंगे। आलम ने कहा जो पुलिस अधिकारी सेवा में नहीं लौटे हैं, उन्हें वापस आने की इजाजत भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा बांग्लादेश के लोग बांग्लादेश की सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को मजिस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लाभान्वित होंगे। एक कार्यक्रम में आलम ने कहा जनसेवा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी गई हैं।

## उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल प्रक्षेपण, जापान ने कड़ा विरोध जताया

**टोक्यो।** जापान सरकार ने उत्तर कोरिया के समक्ष मिसाइल प्रक्षेपण को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया है और वह इस तरह की कार्रवाई को न केवल जापान, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सुरक्षा खतरा मानती है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण सहित उत्तर कोरिया की चल रही गतिविधियां जापान, क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इसके अलावा इस तरह के मिसाइल प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में एक गंभीर समस्या पैदा करते हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा जापान सरकार ने उत्तर कोरिया की इन कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की है।

# देश के सात और हवाई अड्डों पर आव्रजन मंजूरी कार्यक्रम जल्द

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व-सत्यापित भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम जल्द ही मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और देश के चार अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर शुरू किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रेवलर प्रोगाम (एफटीआई-टीटीपी) की शुरुआत पहली बार 22 जून को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर की गई थी। अब तक 18,400 लोगों (भारतीय और ओसीआई कार्ड धारक) ने इस सेवा के लिए अपना पंजीकरण कराया है। अधिकारी ने कहा कि सात और प्रमुख हवाई अड्डों मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद में एफटीआई-टीटीपी शुरू करने के लिए काम प्रगति पर है।

### आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए बायोमेट्रिक्स अनिवार्य

अधिकारी ने बताया कि एफटीआई पंजीकरण अधिकतम पांच वर्ष या पासपोर्ट की वैधता की अवधि तक, जो भी पहले हो, वैध होगा।

आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए बायोमेट्रिक्स अनिवार्य है। एफटीआई-टीटीपी के लिए आवेदन करते समय आवेदक कम से कम छह महीने की पासपोर्ट वैधता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्ड धारकों को शामिल किया जायेगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को शामिल किया जायेगा।

## मेक्सिको के सिनालोआ राज्य में हिंसा, 30 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तर-पश्चिमी मेक्सिको के सिनालोआ राज्य में गत 9 सितंबर को हिंसा की लहर के बाद से कम से कम 30 नागरिक मारे गए हैं। रक्षा मंत्री लुइस क्रेसेनियो सैंडोवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की नियमित दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सैंडोवाल ने कहा कि संघीय सरकार हिंसा को रोकने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत कर रही है। हिंसा में दो सैनिकों की जान भी चली गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने आपराधिक संगठनों से जुड़े कम से कम 30 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और 115 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत प्रतिद्वंद्वी ड्रग तस्करी समूहों के बीच झड़पों के बाद हुई।

# बुकर पुरस्कार 2024 की अंतिम सूची में लेखिकाओं का दबदबा

- पुरस्कार की दौड़ में शामिल छह लेखकों में से पांच महिलाएं

लंदन, एजेंसी

साहित्य के लिए बुकर पुरस्कार के 55 साल के इतिहास में पहली बार अंतिम सूची में महिलाओं का दबदबा है और पुरस्कार की दौड़ में शामिल छह लेखकों में से पांच महिलाएं हैं।

ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने अंतरिक्ष पर अपने उपन्यास ऑर्बिटल के लिए, अमेरिकी लेखिका रेचल कुशनर ने जासूसी थ्रिलर क्रिएशन लेक के लिए, कनाडा की लेखिका ऐनी माइकल्स ने परिवार केंद्रित हेल्ड के लिए, ऑस्ट्रेलियाई लेखिका चार्लोट वुड दर्शन पर आधारित अपने उपन्यास स्टोन यार्ड डेवोशनल के लिए और डच लेखिका याएल वैन डेर वूडेन ने अपने पहले उपन्यास द सेफकीप के लिए जगह बनाई है। वूडेन अंतिम सूची में शामिल होने वाली पहली डच लेखिका हैं। अमेरिकी लेखक पर्सीवल एवरेट इस साल अंतिम सूची में जगह बनाने वालों में एकमात्र पुरुष हैं जिनकी रचना जेम्स को चुना गया है। अंतिम सूची की घोषणा इस सप्ताह लंदन में की गई। इस साल के चयन मंडल के अध्यक्ष एडमंड डी वाल ने कहा मुझे उन छह पुस्तकों की सूची पर बहुत गर्व है जो चुनी गई हैं। सूची को अंतिम रूप देने से पहले हमने महीनों तक चर्चा की।

### कुछ किताबें पाठक को बांधे रखती हैं : गैबी वुड

बुकर पुरस्कार फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गैबी वुड ने कहा अंतिम सूची में शामिल छह किताबें परिप्रेक्ष्य, शैली और विषय-वस्तु की विविधता लेकर आई हैं, जिनमें से कुछ किताबें पाठक को बांधे रखती हैं तो कुछ ऐसी हैं जो पाठक को रोमांचित कर देती हैं। पिछले वर्ष दो महिलाएं अंतिम सूची में शामिल थीं, जिनमें ब्रिटिश भारतीय लेखिका चेतना मारू को उनकी रचना वेस्टर्न लेन के लिए तथा कनाडाई लेखिका सारा बर्नस्टीन को स्टडी ऑफ ओबेडिएंस के लिए शामिल किया गया था। बुकर पुरस्कार आखिरी बार 2019 में महिला लेखिका को मिला था, जब 'गर्ल, वूमन, अदर' के लिए बर्नार्डिन एवरिस्टो और 'द टेस्टामेंट्स' के लिए मार्गरेट एटवुड को साझा रूप से पुरस्कृत किया गया। वहीं, 1997 में भारतीय लेखिका अरुंधति रॉय को उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए पुरस्कृत किया गया था।

**ज्ञान-विज्ञान** नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर की अनोखी खोज

# मंगल की धरती पर मिलीं मकड़ी की आकृतियां

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मंगल ग्रह की सतह पर मकड़ी जैसी आकृतियों की खोज हुई है। नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) द्वारा यह अनोखी खोज हुई है। बर्फ की परतों के नीचे से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस के कारण आकृतियाँ बनी हैं। यह खोज मंगल की सतह के नीचे दबी बर्फ की पुष्टि करती है।

मंगल के अधिकतर राज अब छिपे नही रह गए हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाती खबर मकड़ी की आकृतियां न केवल मंगल की सतह पर प्रकाश डालती है, बल्कि सतह के भीतर का रहस्य भी उजागर करती है। वैज्ञानिकों ने पहली बार मंगल ग्रह पर यह अनूठी खोज की है। मंगल के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में यह खोज हुई है। नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) ने 23 अगस्त 2009 को यह तस्वीर ली थी। जिसकी वास्तविकता को जानने में 15 वर्ष का समय लग गया। वैज्ञानिकों के अनुसार बर्फ की परतों में दरारें पड़ने से कार्बन डाइऑक्साइड गैस रिसने लगती है। जिसके चकते गैस के गुबार धूल और मिट्टी बाहर लेकर आते हैं, जो सतह पर मकड़ी जैसी आकृतियाँ बनाते हैं। ये मंगल की भूगर्भिक संरचनाएँ हैं। नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कहा कि प्रयोगशाला में नकली मंगल ग्रह की स्थितियों के तहत शामिल प्रक्रियाओं को दोहराया और सफलतापूर्वक ऐसी संरचनाएं बनाईं जो मंगल ग्रह पर मौजूद संरचनाओं से मिलती जुलती थीं। पिछले दिनों द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। 2003 में पहली बार मंगल ग्रह की मकड़ियों को देखा गया था, जो एक रहस्य था। जिसे समझने के लिए लंबी जद्दोजिहद करनी पड़ी। तब जाकर वास्तविकता सामने आई।


मंगल की धरती पर मकड़ी की आकृति की तस्वीर।

### स्पेस एक्स रखेगा पहला कदम मंगल पर ?

**नैनीताल :** भले ही नासा समेत दुनिया की तमाम स्पेस एजेंसिया लाल ग्रह मंगल की खाक छानने में जुटे हुए हैं। अभी तक हजारों शोध हो चुके हैं और कई मिशन चलाये गए हैं। हर किसीका मकसद मंगल पर अधिकार जमाना है। मगर सबसे बड़ी मुहीम मंगल पर इंसान को भेजना है। जिसे लेकर स्पेस एक्स का दावा है कि मंगल की धरती पर पहला कदम वही रखेगा।